अधिकतम तापमान 24.00* >> न्यूनतम तापमान 13.00* >> सूर्योदय 6:58 >> सूर्यास्त 18:06 >> डॉलर 82.79 >> यूरो 88.83 >>

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1987 में पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने वाली मिसाइल को भारतीय नौसेना से शामिल किया गया था।

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

dainikbhaskarup.com


# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-07, अंक-238 गुरुवार 16 फरवरी 2023 | कुल पृष्ठ 18 | मूल्य 3.00 रुपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित




## कोयंबटूर ब्लास्ट केस में तीन राज्यों में एनआईए के छापे

- **तमिलनाडु-कर्नाटक और केरल के 60 ठिकानों पर रेड आईएसआईएस का मिला कनेक्शन**

एजेंसी



नई दिल्ली। कोयंबटूर कार सिलेंडर ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 3 राज्यों में छापेमारी की। जांच एजेंसी ने यह छापेमारी तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के 60 से अधिक ठिकानों पर संदिग्ध आईएसआईएस समर्थकों के संबंध में की है। अकेले कर्नाटक में 45 ठिकानों पर छापेमारी कि गई है। बताया जा रहा कि एनआईए को आईएस से संबंध रखने वाले कुछ लोगों की जानकारी मिली थी। जानकारी के मुताबिक, इन लोगों को वीडियो के जरिए कट्टरपंथी बनाया गया था। बता दें कि कोयंबटूर कार धमाके के तार आईएसआईएस के कनेक्शन मिले थे। जांच के दौरान एनआईए ने बताया था कि पकड़े गए आरोपियों से 109 वस्तुएं बरामद की हैं। इनमें इस्लामिक विचारधारा से जुड़े नोटबुक भी शामिल हैं। पिछले साल 23 अक्टूबर को कोयंबटूर में संगमेश्वर मंदिर के पास खड़ी कार में धमाका हुआ था।

# बीबीसी पर लगातार दूसरे दिन आईटी का सर्वे जारी

एजेंसी



नई दिल्ली। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई ऑफिस पर आयकर विभाग की टीम का सर्वे दूसरे दिन जारी रहा। सूत्रों के मुताबिक, आईटी अधिकारी 2012 से अब तक के अकाउंट्स की डिटेल पता कर रहे हैं। आईटी अधिकारियों ने फाइनेंस डिपार्टमेंट के स्टाफ के मोबाइल, लैपटॉप-डेस्कटॉप जब्त कर लिए हैं। सर्वे के दौरान आईटी के अधिकारियों और बीबीसी इंडिया के संपादकों के बीच बहस भी हुई है।

उधर, बीबीसी ने अपने स्टाफ को मेल कर सहयोग करने को कहा है। इसमें कहा गया कि वे हर सवाल का जवाब ईमानदारी से दें। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बीबीसी पर इंटरनेशनल टैक्स में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। कई घंटों से अफसर लैपटॉप, डॉक्यूमेंट्स की छानबीन कर रहे हैं।

**बीबीसी का स्टाफ को मेल, कहा- कोई भी जानकारी डिलीट ना करें, ना ही छिपाएं**

सूत्रों के मुताबिक, बीबीसी मैनेजमेंट ने बुधवार सुबह कर्मचारियों को मेल किया है। इसमें स्टाफ से हर सवाल का ईमानदारी से जवाब देने की हिदायत दी गई है। बीबीसी ने स्टाफ से कहा है कि अगर आयकर विभाग के कर्मचारी आपसे मिलना चाहें तो आपको उनसे मिलना है। बीबीसी ने भारत में काम करने वाले कर्मचारियों की मदद के लिए हेल्पलाइन भी एक्टिवेट की है।

मेल मे कहा गया कि बीबीसी का संस्थागत स्ट्रक्चर, गतिविधियों, संस्थान और भारत में कार्य के बारे में सवाल करना जांच के दायरे में आता है और ऐसे सवाल किए जा सकते हैं। इनका जवाब दिया जाना चाहिए। स्टाफ से ये भी कहा है कि आपकी निजी आय और आयकर के बारे में सवाल सर्वे के दायरे से बाहर हैं और आप इनका जवाब देने से इनकार कर सकते हैं। अपने कंप्यूटर सिस्टम से ना ही कोई जानकारी डिलीट करें और ना ही उसे आयकर अधिकारियों से छुपाएं।

### अमेरिका ने कहा- भारतीय अफसरों से संपर्क करें

यूएस के स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नेड प्राइस से जब पूछा गया कि क्या बीबीसी पर कार्रवाई लोकतंत्र के कुछ मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'हम बीबीसी के ऑफिस में पड़ी आयकर विभाग की रेड के बारे में जानते हैं। हम पूरी दुनिया में प्रेस की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। सभी को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। इससे अमेरिका, भारत सहित पूरी दुनिया में लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। हालांकि, बीबीसी में रेड को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा- हम इसके तथ्यों के बारे में जानते हैं, लेकिन फिलहाल इस बारे में कुछ नहीं कह सकते। आप इससे जुड़ी जानकारी के लिए भारतीय अधिकारियों से संपर्क करें।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामला : सुप्रीम कोर्ट में कल होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामले को लेकर कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर 17 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। बुधवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी दो अन्य याचिकाओं को भी जया ठाकुर की याचिका के साथ टैग करने का आदेश दिया।

# मड़ौली कांड पर बवाल

- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच नोकझोंक**
- **राजभवन में प्रदर्शन से पहले पुलिस ने रोका**
- **मायावती ने कहा-अब बुलडोजर राजनीति में जान जा रही**




भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। कानपुर कांड पर सियासत बढ़ती जा रही है। बुधवार को लखनऊ में राजभवन रोड पर कांग्रेस और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन पर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे।

वहीं मायावती ने भी पूरी घटना में सिस्टम से नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि लोगों की अब बुलडोजर राजनीति से जान जा रही है। बीजेपी को अपना रवैया बदलना होगा। यूपी के कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जलकर मरी मां-बेटी का बुधवार को बिठूर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान गांव से लेकर घाट तक पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे।

### कानपुर देहात क्रूरता मामले में दो सदस्यीय एसआईटी गठित

कानपुर देहात क्रूरता मामले में दो सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, कमिश्नर कानपुर राजशेखर जांच करेंगे और एक सप्ताह में रिपोर्ट देंगे ।

इस बीच मां- बेटी की मौत को लेकर यूपी की सियासत गर्म हो गई है। कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कानपुर में हुई घटना को लेकर राजभवन का घेराव करने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी नकुल दुबे और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से राजभवन जा रहे कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने राजभवन पहुंचने से पहले ही प्रदेश कार्यालय के थोड़ी ही दूर पर बैरिकेडिंग करके रोक लिया और राजभवन नहीं जाने दिया ...जिसके बाद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और धरने पर बैठ गए।



### बिठूर के बाल्मीकि घाट पर मां-बेटी का हुआ अंतिम संस्कार

कानपुर। जनपद कानपुर देहात के मड़ौली गांव में सोमवार को हुए अग्निकांड में मां-बेटी की मौत के बाद बुधवार को उनका अंतिम संस्कार बिठूर के बाल्मीकि घाट पर हुआ है। अंतिम यात्रा में शामिल भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। बीते सोमवार को घटित घटना के चौबीस घंटे बाद मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से हुई वीडियो कांफ्रेसिंग के बाद परिजन शवों के पोस्टमार्टम को राजी हुए थे। देर रात को डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कर शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

### अब्बास अंसारी कासगंज जेल में शिफ्ट

कासगंज । चित्रकूट की रगौली जेल में मनी लांड्रिंग केस में बंद अब्बास अंसारी को कड़ी सुरक्षा में बीच बुधवार को पुलिस कासगंज के पचलाना जिला कारागार लेकर पहुंची। यहां पहुंचने पर उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। इसके बाद उन्हें हाई सिक्योरिटी बैरक में रखते हुए निगरानी की जा रही है। चित्रकूट की रगौली जेल में बीते दिनों छापा मारकर एसपी वृंदा शुक्ला और डीएम ने अब्बास को प्राइवेट कमरे में पत्नी निकहत के साथ पकड़ा था। जांच के दौरान यह भी पाया कि जेल प्रशासन की मिलीभगत से निकहत अपने पति से मिलने आयी थी।

## बी-फार्मा के छात्र की संदिग्ध हालत में मौत

भास्कर ब्यूरो



लखनऊ। बुधवार को एक खाली प्लाट में बी-फार्मा के छात्र (24) का अर्धनग्न शव मिला। वह सरोजनीनगर के आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च से बी-फार्मा का कोर्स कर रहा था।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक युवक की पहचान सिद्धार्थनगर के रहने वाले सुनील चौरसिया के रूप में की है। घटना बिजनौर थाना क्षेत्र की है। पड़ोसी आफताब ने बताया कि सुनील नशे का आदी था। आए दिन नशेबाजी के बाद शराब पीकर घूमता था। मंगलवार रात नौ बजे वह शराब पीकर घूम रहा था। उसके बाद नहीं दिखा। बुधवार सुबह शव देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### दिल्ली की जेलों में विश्वस्तरीय होगा जैमर सिस्टम

नई दिल्ली । दिल्ली की जेलों में जैमर सिस्टम को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। इसके लिए दुनिया में मौजूद सबसे बेहतरीन तकनीकी का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे बेहतरीन जैमर सिस्टम का अध्ययन करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कमेटी के गठन को बुधवार को मंजूरी दे दी। डीजी जेल की अध्यक्षता में आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर, आईआईएससी बंगलूरू के प्रोफेसर, डीआरडीओ के वैज्ञानिक, सी डॉट के कर्मचारी, आईबी और एसपीजी के अधिकारी कमेटी में सदस्य होंगे।

## उत्तरी सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास की 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' को मंजूरी

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए केंद्र प्रायोजित योजना-वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) को 4800 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ मंजूरी दे दी है।

यह योजना देश की उत्तरी सीमा के साथ लगे 4 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश के 19 जिलों और 46 सीमा ब्लॉकों पर आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास और आजीविका के अवसरों के निर्माण के लिए धन प्रदान करेगी। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इससे समावेशी विकास हासिल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या को बनाए रखने में मदद मिलेगी। पहले चरण में 663 गांवों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इससे सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम ओवरलैप नहीं होगा। आवंटित 4800 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन में से 2500 करोड़ रुपये का उपयोग सड़कों के लिए किया जाएगा। योजना से सरकार जिन प्रमुख परिणामों हासिल करना चाह रही है उसमें सभी मौसम सड़क, पेयजल, 24x7 बिजली-सौर और पवन ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, पर्यटन केंद्र, बहुउद्देश्यीय केंद्र एवं स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र शामिल हैं।

### पेड पीरियड लीव की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

नई दिल्ली। छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं के लिए माहवारी की छुट्टी (पेड पीरियड लीव) देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 24 फरवरी को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता के वकील ने आज चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इसपर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 24 फरवरी को सुनवाई का आदेश दिया। याचिका वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दायर की है। याचिका में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के एक शोध का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक माहवारी के दौरान महिला को उतना ही दर्द होता है, जितना एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने पर होता है।

### कैबिनेटः आईटीबीपी की 7 नई बटालियनों और एक सेक्टर मुख्यालय स्थापित करने को मंजूरी

नई दिल्ली। आईटीबीपी की 47 नई सीमा चौकियों (बीओपी) और 12 स्टेजिंग कैंपों के संचालन के लिए सात अतिरिक्त बटालियनों और एक सेक्टर मुख्यालय (एसएचक्यू) की स्थापना की जाएगी। बटालियन एवं सेक्टर मुख्यालय के लिए कुल 9400 पदों की रचना की जाएगी। बटालियन एवं सेक्टर मुख्यालय की स्थापना वर्ष 2025-26 तक पूरी तरह कर ली जाएगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने आज भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 7 नई बटालियनों की स्थापना करने और 1 सेक्टर मुख्यालय स्थापित करने से जुड़े प्रस्ताव अनुमोदन दिया है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि आईटीबीपी की प्रमुख भूमिका भारत-चीन सीमा की निगरानी करना है। इसके लिए वर्तमान में आईटीबीपी के 176 बीओपी स्थापित किए गए हैं। सीमा पर निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से करने की आवश्यकता को देखते हुए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने जनवरी 2020 में आईटीबीपी के 47 नए बॉर्डर आउट पोस्ट और 12 स्टेजिंग कैंप की स्थापना तय की थी। इन नई सीमा चौकियों और स्टेजिंग कैंप के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इन नए बीओपी और स्टेजिंग कैंपों में तैनाती के लिए अतिरिक्त बल की आवश्यकता होगी, जिसके लिए 7 नई बटालियनों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

## छठे ज्योतिर्लिंग को असम सरकार ने बताया अपना

एजेंसी



मुंबई। देश के छठे ज्योतिर्लिंग भीमाशंकर को लेकर असम सरकार और महाराष्ट्र के विपक्षी दलों के बीच विवाद छिड़ गया है। असम सरकार ने 14 फरवरी को एक विज्ञापन जारी किया, जिसमें श्रद्धालुओं और पर्यटकों को महाशिवरात्रि के पर्व पर असम आने के लिए कहा। विज्ञापन में लिखा है- असम के कामरूप में दाकिनी हिल्स (दाकिनी पर्वत शृंखला) में देश का छठा ज्योतिर्लिंग स्थित है। विज्ञापन को लेकर महाराष्ट्र की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने भाजपा पर निशाना साधा है। दोनों पार्टियों ने कहा- सब जानते हैं कि छठा ज्योतिर्लिंग भीमाशंकर मंदिर महाराष्ट्र के पुणे में है, फिर असम सरकार ने ऐसा विज्ञापन क्यों जारी किया?

दोनों दलों ने कहा- अब तक भाजपा इंडस्ट्री और रोजगार छीन रही थी।




दैनिक भास्कर
02 गुरुवार, 16 फरवरी, 2023, नोएडा
बुलंदशहर/हापुड़/बागपत/अलीगढ़
गुलावटी/छतारी/सिकंदराबाद/बदायूं/खुर्जा/एटा/हाथरस/मैनपुरी

सच्चाई और अच्छाई की तलाश में पूरी दुनिया घूम लो, अगर वह खुद के अंदर नहीं है, तो फिर वह आपको कहीं नही मिल सकती।

# मैनपुरी पुलिस के हत्थे चढ़े 11 अभियुक्त

भास्कर ब्यूरो

**मैनपुरी।** थाना कोतवाली कुरावली एवं साइबर सेल टीम को उस समय बड़ी सफलता मिली। युवक ने कॉल सेंटर बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई जिस का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने कॉल सेंटर बनाकर लोगों को कॉल कर अपने खाते में अलग-अलग किस्तों में धनराशि को डलवाने वाले 11 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार क्या है पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 11 लाख 77 हजार नकद के अलावा 2 कार, 19 मोबाइल, 21 एटीएम कार्ड और 3 तमंचे भी पुलिस ने बरामद किया। वही पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करने वालीथाना कुरावली पुलिस और साइबर टीम को 20 हजार रुपए इनाम घोषित किया है। आपको बता दें कि थाना कुरावली क्षेत्र के गांव बलरामपुर निवासी उदयपाल सिंह ने थाना पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाइल टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर करीब 19 लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए हैं। जिसके साथ ही वह अन्य रुपयों की मांग कर रहा है। जहां थाना कुरावली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जिसके बाद तत्काल थाना कुरावली निरीक्षक विनोद कुमार ने साइबर सेल प्रभारी रूपेश कुमार से समन्वय स्थापित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।



## आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये बरामद

जिसका खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वही अभियुक्तों के कब्जे से दो चार पहिया वाहन, 12 एंड्राइड मोबाइल, एक आईफोन, 6 कीपैड मोबाइल, 24 विभिन्न बैंक खातों के एटीएम कार्ड, एक कलर प्रिंटर, दो लैपटॉप, एक सीपीयू, एक पासपोर्ट, 08 विभिन्न बैंकों के चेकबुक, 11.7 लाख नगद, 03 लाख विभिन्न बैंक खातों से फ्रीज किए गए। जिसके साथ ही तीन तमंचा 315 बोर और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## जानलेवा हमला के दो आरोपी गिरफ्तार

**एटा/मारहरा (भास्कर ब्यूरो)।** थाना मारहरा पर पंजीकृत मुअसं 27/23 धारा 323/504/506/342/307 भादवि में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम समसपुर थाना मारहरा व प्रकाश मे आये अभियुक्त. विवेक कुमार पुत्र रामवीर निवासी ग्राम गोपालपुर थाना मारहरा एटा को थाना मारहरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी सदर संगम मिश्रा के नेतृत्व में थाना मारहरा पुलिस ने थाना मारहरा पर पंजीकृत मु. में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम समसपुर थाना मारहरा एटा व प्रकाश मे आये अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र रामवीर निवासी ग्राम गोपालपुर थाना मारहरा एटा को हनुमान चैक से आगे कचैरा रोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## शिक्षक संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**मिरहची (भास्कर ब्यूरो)।** विकास खण्ड मारहरा के एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका के अवकाश के बाद समय से विद्यालय नहीं पहुंचने पर बीईओ की रिपोर्ट पर बीएसए ने निलंबित कर दिया है जो बिल्कुल ही गलत है। निलंबित शिक्षिका की बहाली को लेकर शिक्षक संघ ने बीएसए को संबोधित एक ज्ञापन बीईओ को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षिका को ततकाल बहाली की मांग की है। शिक्षक संघ की बलाक इकाई द्वारा प्रेषित तीन सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त निलंबित शिक्षिका 45 दिन के अवकाश से बापस लौटी थी। ज्ञापन देने बालों में संजय चैहान, हाकिम सिंह, चन्द्रशेखर उपाध्याय,हरबेन्द्र सिंह, क्षेत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## 332 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित



**बदायूं (भास्कर ब्यूरो)।** राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं में स्नातक तृतीय वर्ष की 332 छात्राओं को सदर विधायक बदायूं माननीय श्री महेश चंद्र गुप्ता के कर कमलों द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ स्मिता जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को शिक्षित एवं डिजिटली सशक्त करने की महत्वाकांक्षी योजना है।

## महंत योगी सेवादल के कार्यालय का उद्घाटन



**मैनपुरी (भास्कर ब्यूरो)।** विकासखंड घिरोर के गांव भटानी में मंगलवार शाम 5:00 बजे महंत योगी सेवादल भारत के कार्यालय का उद्घाटन मुनेश चौहान ब्लाक प्रमुख जागीर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर फूल माला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौजूद ग्रामीण व पदाधिकारियों ने मुनेश चौहान व मंजूसा चौहान का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। संगठन के संस्थापक अजीत चौहान ने कहा हमारे संगठन का उद्देश्य हिंदूवादी है। हिंदुओं के प्रति हो रहे अत्याचारों के प्रति हम लोग मिलजुल कर संघर्ष करेंगे। समाज में गरीब, पीड़ित, महिलाओ की आवाज को उठाएंगे। इस मौके पर उर्मिला चौहान, सुषमा दीक्षित, रजोला चौहान, सुधीर तोमर, रमेश चौहान, अखिलेश, अरविन्द सिकरवार, सुनील धाकरे, विश्वनाथ सिंह, देव तोमर आदि लोग मौजूद थे।

## निक्षय दिवसः 311 ने उठाया शिविर का लाभ



**हापुड़ (भास्कर ब्यूरो)।** मेरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रायोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मैमोरियल ट्रस्ट और जिला क्षय रोग विभाग के तत्वावधान में बुधवार को आदर्श नगर में क्षय रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निक्षय दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र पर लगाए गए शिविर के दौरान न केवल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई बल्कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने के लिए शुरू की गई मुहिम के तहत क्षय रोग के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। 311 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। टीबी से मिलते जुलते लक्षण पाए जाने पर 16 लोगों के एक्स-रे किए गए और 24 लोगों का स्पुटम जांच के लिए भेजा गया।

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिकंद्राबाद (भास्कर ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन अजगर के जिला अध्यक्ष बिन्नू अधाना के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा धरना प्रदर्शन सिरोधन रोड बाईपास पर अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटना होना। बाईपास होने के कारण दूध बेचने वाले किसान स्कूल के बच्चों को काफी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। बुधवार को किसानों ने 9 सूत्री मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कपिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष, पंडित सचिन शर्मा, मुकेश यादव, पवन गुर्जर, निशान, सुरेंद्र सिंह, अनु, चिंटू, बाबूराम फौजी, श्रीराम, ब्रह्मपाल सिंह, नरेंद्र भाटी, उदल सिंह, कांति सिंह, श्री चंद्र, प्रकाश यादव, सिंह राज आदि मौजूद रहे।

## आज मेरठ आएंगी अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य



**मेरठ (भास्कर ब्यूरो)।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैयद शहजादी कल (आज) मेरठ आएंगी। मीडिया को जारी बयान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य काजी शादाब ने बताया, आयोग की मेंबर सरकारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11:30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेगी। सर्किट हाउस में ही जन सुनवाई कर अल्पसंख्यक समाज के लोगों की समस्याओं को सुनेगी।

# सार सुर्खियां

## नगर पंचायत छपरौली में निकाली गईं टॉयलेट के प्रति जन जागरूकता रैली




**बागपत (भास्कर ब्यूरो)।** जनपद के अपर जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान के निर्देशन पर नगर पंचायत छपरौली में टॉयलेट 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित सभी सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की सफाई कराने के साथ ही कस्बे में टॉयलेट के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत छपरौली के अधिशासी अधिकारी ने कहा कि केंद्र केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार लोगों के स्वास्थ को लेकर कटिबद्ध है। इसी क्रम में नगर पंचायत छपरौली में स्वच्छता के प्रति रैली निकल लोगों को जागरूक किया।इस मौके पर मनीष चौधरी अधिशासी अधिकारी, तहज़ुब लिपिक, विशाल कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, समीम, रविंद्र कुमार आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंत्री अनिल राजभर आज दातागंज में

**बदायूं (भास्कर ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में समन्वय विभाग के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर दातागंज ब्लॉक में आज 16 फरवरी २०२३ गुरुवार को अपरान्ह 11.30 बजे विधायक राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया के साथ दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल वितरित करेंगे। तत्पश्चात १२ बजे श्रीराम कोल्ड स्टोर, दातागंज में आयोजित रोजगार मेला हितलाभ वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

## शटर तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**सिकंदराबाद (भास्कर ब्यूरो)।** बीती रात्रि दनकौर रोड स्थित मिठाई की दुकान का अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर हजारों की नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला खत्री वाला निवासी राहुल पुत्र कैलाश की दनकौर रोड पर पेठे की मिठाई की दुकान है। बुधवार की सुबह राहुल दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शटर टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी हुई 70 हजार की नकदी व अन्य कीमती सामान गायब था। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

## स्टांप विक्रेता की नगदी भरी पेटी ले भागा चोर

**सिकंदराबाद (भास्कर ब्यूरो)।** स्टांप विक्रेता की नगदी से भरी पेटी लेकर अज्ञात चोर दौड़ गया वकीलों के शोर मचाने पर पेटी सड़क पर फेंक कर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार स्टांप विक्रेता ईश्वर चंद शर्मा कोतवाली के बराबर निश्चित कचहरी में स्टांप बिक्री का कार्य करते हैं। बुधवार की दोपहर वह अपने कार्यों में व्यस्त थे। इसी दौरान एक अज्ञात चोर आया और उनके केबिन में पेटी में रखी लाखों रुपए की नकदी लेकर दौड़ गया।

## प्रदर्शनी में आप के कैंप का उद्घाटन



**अलीगढ़(भास्कर ब्यूरो)।** औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी में आम आदमी पार्टी महानगर अलीगढ़ के कैंप का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान राजा एवं जिलाध्यक्ष सतीश चंद शर्मा द्वारा वं सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ उद्घाटन के उपरांत मिष्ठान वितरण भी किया गया और कैंप पर ही यह जानकारी दी गई अलीगढ़ की नुमाइश में पहली बार आम आदमी पार्टी का कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर ठाकुर नरेंद्र सिंह, महानगर महासचिव मनीष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीश यादव ,महानगर उपाध्यक्ष तरुण आर्य, महानगर कोषाध्यक्ष अवधेश यादव ,उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी, सोशल मीडिया प्रमुख रजत शर्मा, हेमंत मथुरिया,यूथ विंग के महानगर अध्यक्ष अनूप सक्सेना, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीतू स्पेंसर शेरवानी,पारुल वार्ष्णेय, कामरान सैफी ,नासिर खान, सद्दाम खान,मुस्तकीम खान, दाऊद सैफी, मोहम्मद आमिर,डॉक्टर आलम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रदेश संयोजक अशोक जादौन को पद से हटाया

**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री भारत सरकार के निर्देश पर पंचायत परिषद के महासचिव अनिल शर्मा द्वारा पंचायत परिषद उत्तर प्रदेश के संयोजक अशोक जादौन को पंचायत परिषद की गरिमा को ठेस पहुंचाने एवं संस्था विरोधी गतिविधियों में निरंतर सलिप्त होने के कारण उत्तर प्रदेश संयोजक पद से हटा दिया है तथा अखिल भारतीय पंचायत परिषद की महा समिति की सदस्यता से भी 5 वर्ष के लिए भी निकाल दिया है और संगठन को प्रदेश में भंग कर दिया है तथा नए सिरे से पुनर्गठन की जिम्मेवारी राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी गवेंद्र सिंह को सौंपी है।

## अज्ञात युवती के शव का राष्ट्र चेतना मिशन ने अंतिम संस्कार

**पहासू(भास्कर ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत काली नदी में एक 28-30 वर्षीय युवती का संदिग्ध मृत अवस्था में शव बरामद हुई थी जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा काफी तलाशने पर भी उक्त युवती की कोई भी शिनाख्त नहीं हो सकी। बुधवार को स्थानीय पुलिस की सूचना पर सामाजिक संस्था द्वारा बुलंदशहर नगर के भूतेश्वर श्मशान घाट पर संपन्न इस पुण्य कार्य में कांस्टेबल सत्यवीर सिंह और महिला कांस्टेबल शबाना सहित राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, जिला संयोजक पिंटू गुर्जर, नगर संयोजक विकास सिंह, नगर सह संयोजक रवि पाल, न्यू गुप्ता, चिराग भारद्वाज, शिवा गुप्ता, महेश लोधी आदि शामिल रहे।

## रेनबो का 7वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न




**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** जेसीआई हाथरस रेनबो का सातवां अधिष्ठापन समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार को अलीगढ़ रोड स्थित रामोजी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। जिसका संचालन मनीषा मित्तल व दीप्ति बंसल ने किया। जिसमें अध्यक्षा जेसी चारु अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा जेसी अंजना गर्ग को कॉलर पिन पहनाकर कार्यक्रम सौंपा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वेता दिवाकर को फुग्गा देकर व माला पहना कर सम्मानित किया गया। अलीगढ़ से आई जे सी शिखा अग्रवाल व सपना अग्रवाल कानपुर से अनुभव गुप्ता जी ने कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर दीप्ति अग्रवाल, सचिव पूनम अग्रवाल, कोषा अध्यक्ष विनीता शारदा, शिल्पा गर्ग, इला जैन, रीना बंसल, अंकिता, शिल्पा, नूपुर,, आरती, पायल, बंदना, सोनिया, दिव्या, बिंदिया, अंजलि, शोभा, प्रेरणा शिवानी, रूबी, मीनू, नीतू, हिमानी आदि का सहयोग रहा।

## रामराज्य राज्य की बात सिर्फ कागज और भाषणों में की जाती हैं : काशी

**हापुड़।** राष्ट्र स्वाभिमान संघ के संस्थापक व अध्यक्ष काशी पंडित ने कहा कि कानपुर देहात के मडोली गांव में अतिक्रमण के नाम गरीब ब्राह्मण परिवार की महिला को बेटी समेत जिंदा आग के हवाले कर दिया गया। राम ने रावण की लंका इसलिए जलाई थी क्योंकि रावण अहंकारी था। और कृष्ण ने सुदामा की नगरी इसलिए बसाई थी क्योंकि सुदामा गरीब भिक्षुक ब्राह्मण था। भगवान श्रीराम ने कहा था ब्राह्मणों की रक्षा करना क्षत्रिय का पहला धर्म है, तो दूसरी तरफ श्रीकृष्ण गरीब सुदामा जोकि भिक्षुक ब्राह्मण था उसके लिए विश्वकर्मा को आदेश देकर सुंदर नगरी जोकि सुदामा के लिए बनवाई थी लेकिन यहां तो इस हृदय विदारक घटना ने शास्त्रों के ज्ञान को सीधे आघात करने का कार्य किया है।

# मेले की तैयारियों को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

### तीन दिवसीय पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियां शुरू

भास्कर ब्यूरो

**बागपत।** जनपद के ऐतिहासिक पूरा महादेव मंदिर परिसर मे 3 दिवसीय महा शिवरात्रि मेले का आयोजन 17 फरवरी से शुरू होगा मेले की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।पूरा महादेव मंदिर पर महा शिवरात्रि पर लाखो की संख्या में शिव भगत जलाअभिषेक करते है जिसको लेकर पुलिस प्रसाशन शतर्क दिखाई दे रहा है मेले की तैयारीयों को लेकर एसपी नीरज कुमार जादौन व एडिशनल एसपी मनीष कुमार मिश्रा ने पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण किया और इस मोके पर बताया की पूरा महादेव पर तीन दिवसीय महा शिवरात्रि का मेला है जो 17 तारीख से शुरू होगा यहां पर बहुत दूर दराज से श्रद्धालु आते है। उन्होंने बताया कि इस संबंध मे मंदिर समिति को अवगत कराया जा चुका है उनको निर्देशित भी किया जा चुका है। सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कैमरे लगाए जा रहे है पुरे मंदिर परिसर और बाहर की रोड को भीं कैमरे कवर करेंगे साथ ही साथ बेरीकीटिंग भी लगाई जा रही है। मंदिर परिसर में एक चौकी की भी स्थापना के दी गईं है मंदिर समिति द्वारा कुछ बाहर से भी फोर्स की मांग की गयी है वो हमें मिल गईं है जो 16 तारीख को पुरा महादेव मंदिर पर आ जाएगी।



## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए 21 अंडर ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ किया

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) (SIU) ने 6 और 14 मई, 2023को होने वाली सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (SET) के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। एक से अधिक प्रयासों की सुविधा की वजह से इच्छुक उम्मीदवार प्रबंधन, कानून, इंजीनियरिंग, जनसंचार, अर्थशास्त्र, उदार कला, आईटी और कंप्यूटर अनुप्रयोग, अनुप्रयुक्त सांख्यिकी और डेटा विज्ञान में स्नातक कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले रक्ष के तहत 16 संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। डॉ. रजनी गुप्ते, कुलपति - सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने कहा, 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमारे देश के शैक्षिक परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक है।

यह एक दूरदर्शी नीति है जो हमें विकास, लचीलेपन और नए युग की शिक्षा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में, हम पहले से ही NEP 2020 द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू कर रहे हैं। हमारे विभिन्न कार्यक्रमों को हमारे छात्रों को एक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे कौशल और ज्ञान से सुसज्जित हैं जो तेजी से विकसित हो रहे जॉब मार्केट में सफल होने के लिए आवश्यक है।

## बंबे के किनारे पड़ा मिला युवक

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** इगलास थाने के अंतर्गत मुकंदपुर बंबे के किनारे एक युवक को पुलिस द्वारा घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार युवक एटा चुगी बाईपास का रहने वाला है। इस बात की जानकारी हरि सिंह ने बताया उसका बेटा उमेश कुमार काफी दिनों से उनके साथ घर पर नहीं रह रहा है। उसकी पत्नी अपने मायके मुकंदपुर में रह रही है। इस संबंध में इगलास कोतवाली अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली की बंबे के किनारे एक युवक घायल अवस्था में पडा हुआ है। सूचना मिलने के वी पुलिस बल के घटना पर पहुंचे और युवक को जिला मलखान सिंह भेजा गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे जेएन मेडकल रैफर कर दिया गया है।

## यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूर्ण

**अनूपशहर (भास्कर ब्यूरो)।** पूरे उत्तर प्रदेश में आज यानि 16 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रही है। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अनूपशहर के सभी विद्यालयो के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र वितरण किए जा चुके है। अनूपशहर तहसील के परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार एंव बुधवार को डेस्क स्लिप लगाने, सिटिंग प्लान, सीसीटीवी मॉनिटरिंग आदि कार्यों को कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। बुलंदशहर में इस साल कुल 108 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें हाई स्कूल के 49072 एवं इंटर के 42544 दोनों को मिलाकर कुल 91616 परीक्षार्थी अपनी परीक्षा देने पहुंचेंगे।

## रटौल नगर पंचायत में चारों तरफ विकास की लहर: वीरज त्रिपाठी

**खेकड़ा ।** रटौल नगर पंचायत में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान और अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी के द्वारा जो विकास कार्य कराए जा रहे है उन्ही सब को देखते हुए कस्बावासियो में चारो तरफ खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है और कस्बे मे चारो तरफ अधिकारियो की प्रशंसा की जा रही है।

# नगर पंचायतों में ईओ की कुर्सी खाली, तीन माह से वेतन लटका

भास्कर ब्यूरो

**मेरठ।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस उप्र के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरियां. के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी दीपक मीणा से मिला। सुभाष चावरियां. ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया, जनपद की नगर पंचायत हस्तिनापुर, फलावदा, बहसूमा, लावड़, दौराला, हर्रा, सिवालखास तथा खरखोदा में पिछले कई माह से अधिशासी अधिकारी तैनात नहीं है, जिस कारण सफाई कर्मचारियों को लगभग 3 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बताया, वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी व उनका परिवार भूखमरी जैसे हालातों में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यही नहीं, वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों के बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं हो पा रही है। जिस कारण स्कूलों के द्वारा बच्चों को स्कूल से निकालने तथा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में पढ़ रहे बच्चों को बोर्ड परीक्षा से वंचित रखे जाने तक की बात स्कूलों द्वारा की जा रही है। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी व उनका परिवार आर्थिक स्थिति व मानसिक परेशानियों से गुजर रहा है। ।

जिलाधिकारी ने तत्काल प्रमुख सचिव स्थानीय निकाय लखनऊ से फोन पर वार्ता की।

इसके बाद रिक्त मेरठ की स्थानीय निकायों में एक सप्ताह के अन्दर अधिशासी अधिकारी नियुक्त कर सफाई कर्मचारियों को वेतन दिलाने का प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरियां. को आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला महामंत्री अजय महेंद्र, एहशान सैफी, विकास प्रधान, राजेश कुमार, सुनील पिवाल, अशोक कुमार, हाजी यामीन, विनित सूद आदि रहे।



## वेतन न मिलने से कर्मचारी भुखमरी की कगार पर, डीएम से लगाई गुहार

**कार्यालय नगर पंचायत रटौल जनपद-बागपत।**

संख्या-317/ए01/कोटेशन/2022-23 दिनांकः 14-2-2023

**कोटेशन सूचना**

सर्वसाधरण फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रटौल जनपद बागपत के अन्तर्गत निम्न कोटेशन आमन्त्रित की जाती है। अस्थाई गौशाला में भूसा, हरा चारा, खल व चौकर हेतु कोटेशन दिनांक 22-02-2023 को शाम 2:00 बजे तक आमान्त्रित करती है। कोटेशन उसी दिन अधोहस्ताक्षरी द्वारा कुटेशन दाताओं के समक्ष खोली जायेगी नियत समय के अन्दर प्राप्त कुटेशनों पर ही विचार किया अधोहस्ताक्षरी की यह अधिकार भी होगा कि वह बिना कारण बताये किसी भी कोटेशन दाता की कोटेशन को अस्वीकार कर सकती है कोटेशन से पूर्व नगर पंचायत रटौल के कार्य स्थलों को ही देखकर ही कार्य हेतु कोटेशन दर प्रस्तुत करें। कार्यो का विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कोटेशन |
|---|---|---|
| 1 | भूसा | प्रति कुन्टल |
| 2 | हरा चारा | प्रति कुन्टल |
| 3 | खल,चौकर | प्रति बोरा मार्किट रेट अनुसार |

(वीरज कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रटौल
बागपत।

(प्रतिपाल चौहान )
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0)
बागपत।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिकंदराबाद**

पत्रांक -2006/नि0वि0/2022-23 दिनांक -15 फरवरी,2023

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

शासकीय व्यवस्था के अंतर्गत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिकंदराबाद में सीवरेज एवं जल निकास योजना से 4 आर0सी0सी नाला निर्माण कार्य हेतु दिनांक 02-03-2023 दिनांक 13-3-2023 अपरान्ह 5:00 बजे तक प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http/extenfder. up.nic.in प्राप्त किए जा सकते हैं
नोटः- उक्त निविदा सूचना संवाद शर्तें वेबसाइट http/BU-LANDSHAHAR.NIC.IN पर भी उपलब्ध है विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद सिकंदराबाद के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिकंदराबाद।

अपर जिलाधिकारी/
प्रभारी अधिकारी बुलंदशहर

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुतुबपुर नसीरपुर, वि0ख0 करहल, मैनपुरी**

पंत्राक : मी०मो० / मनरेगा / 2022-23 दिनांक- 15.02.2023

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कार्य योजना निम्नलिखत निर्माण कार्य हेतु सामिग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.02.2023 से 17.02.2023 समय 03 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय कुतुबपुर नसीरपुर पर पेटी में डाली जोयगी तथा उसी दिन 04 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा सूचना | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी०सी० निर्माण मुकेश के घर से जोगेन्द्र के घर तक नगला मुकुन्द | प्रांकलन के अनुसार | 316086.00 | 200 | 3 माह |
| 2 | सी०सी० निर्माण रमेश के घर से मैन सड़क सीमा के घर तक ककबाई | प्रांकलन के अनुसार | 328395.00 | 200 | 3 माह |
| 3 | सी०सी० निर्माण रामप्रकाश के घर से तुलाराम के घर तक नगला मुकुन्द | प्रांकलन के अनुसार | 301031.00 | 200 | 3 माह |

1. निविदा कर्ता कार्यालय दिवस में प्रातः 10 बजे से 05 बजे तक क्रय एवं जमा कर सकते है।
2. निविदा स्वीकार एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्रा0पं0 का होगा

सत्येन्द्र सिंह (सचिव)
ग्रा0पं0 कुतुबपुर नसीरपुर
वि०ख करहल, मैनपुरी।

गुंजावती(प्रधान)
ग्रा0पं0 कुतुबपुर नसीरपुर
वि०ख० करहल, मैनपुरी।

## भारत में पेनांग रोड शो 2023: एमआईसीई उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'चलो पेनांग' अभियान



भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** पेनांग सम्मेलन एवं प्रदर्शनी ब्यूरो पीसीईबी एक बार फिर भारत में पेनांग रोडशो 2023 के 6वें संस्करण का आयोजन कर रहा है।13 से 20 फरवरी तक 4 अलग-अलग शहरों मुंबई 13 फरवरी, नई दिल्ली 15 फरवरी, चेन्नई 17 फरवरी और हैदराबाद 20 फरवरी में होगा। भारत में एमआईसीई उद्योग के खरीदारों के साथ जुड़ने और सहयोग स्थापित करने के लिए प्रत्येक शहर में एक नेटवर्किंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। पिछले साल की शुरूआत में आयोजित पेनांग के दूसरे वर्चुअल रोड शो में भारत के विभिन्न यात्रा व्यवसाय क्षेत्रों से पंजीकरण कराने वाले 24 खरीदारों और व्यापार आगंतुकों ने भाग लिया था। इस वर्ष यह भौतिक रूप से आयोजित होगा और टीम पीसीईबी के साथ मिलकर कुल 14 पंजीकृत प्रदर्शक लगभग 800 खरीदारों और व्यापार आगंतुकों का स्वागत करेंगे। पेनांग के पर्यटन एवं रचनात्मक अर्थव्यवस्था के राज्य मंत्री माननीय योह सून हिन ने कहा, "पीसीईबी हमारे व्यावसायिक यात्रियों की प्राथमिकताओं को पूरा करने हेतु भारतीय बाजार के साथ दुबारा संबंध स्थापित करने के लिए नवीनतम बैठक और प्रोत्साहन पैकेज भी लॉन्च करेगा। नया परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करने का एक प्रयासहै।

इस वर्ष, पेनांगमें 260,000 प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने और लगभग 2500 कार्यक्रम आयोजित होने के साथ RM1 बिलियन की अनुमानित आर्थिक प्रभाव ईईआई होनेकीआशा है।

# ग्रेटर नोएडा को जी-20 के रंग में रंगने की तैयारी शुरू

## प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने की बैठक, ग्रीनरी, लाइटिंग और कलाकृतियों से चमकाने की योजना



भास्कर ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी सितंबर माह में ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने उद्यान, विद्युत अभियांत्रिकी और प्रोजेक्ट विभाग के साथ बैठक की। सीईओ ने इन महकमों से युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। सीईओ रितु माहेश्वरी ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुंदर व आकर्षक दिखने वाले गमले और अच्छे दिखने वाले पौधे लगाने के निर्देश दिए। ये गमले एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ लगाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे पर परी चौक से प्रवेश द्वार के हिस्से में पानी और लाइट के मिश्रण से वॉटर वॉल बनाए जाएंगे। इन पर जी-20 सम्मेलन की भी छाप दिखेगी। प्लांटर के जरिए एक्सप्रेसवे से ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करते ही मनमोहक प्लांटर का भी नजारा दिखेगा। नोएडा की तरह ग्रेटर नोएडा में भी मेट्रो पिलर पर आकृतियां उकेरी जाएंगी। इसके लिए एजेंसी की तलाश शुरू हो गई है। ग्रेटर नोएडा में तीन रंगों वाले 5000 स्ट्रीट पोल लगाए जाएंगे। पहले से लगे स्ट्रीट पोल को नए सिरे से पेंट कराया जाएगा। खूबसूरत पुष्पों व लाइटों से गोलचक्करों को जी-20 के लोगो के साथ और आकर्षक बनाने की योजना है। गोलचक्करों के आसपास ट्राइंगल (तिकोना एरिया) को भी लाइटों से सजाया जाएगा। रोड किनारे लगे पेड़ों को भी तीन रंगों से रंगा जाएगा। सीईओ रितु माहेश्वरी ने उद्यान विभाग को ग्रेटर नोएडा में 40 से 50 जगहों को चिह्नित कर नए सिरे से सौंदर्यीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। पुष्प के साथ ही अच्छी वैरायटी के पौधे लगाए जाएंगे। ग्रीनरी को नया रंग-रूप देने के लिए सीईओ ने उद्यान विभाग को कंसल्टेंट का चयन करने को कहा है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ अन्य प्रमुख मार्गों को भी हरा-भरा बनाने के साथ ही लाइटों व कलाकृतियों से सजाया जाएगा। सीईओ ने इन कार्यों को तीन माह में धरातल पर लाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ की इस बैठक में एसीईओ आनंद वर्धन, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह, गुरविंदर सिंह व उत्सव निरंजन आदि मौजूद रहे।

## इंश्योरेन्स देखो ने सीरीज ए फंडिंग में जुटाई 150 मिलियन डॉलर की राशि

भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इंश्योरटेक प्लेयर इंश्योरेन्स देखो ने बताया कि कंपनी ने सीरीज ए में 150 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई है, जिसमें इक्विटी और डेब्ट का मिश्रण शामिल है। यह एक भारतीय इंश्योरटेक कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सीरीज ए राउंड है। इस इक्विटी राउंड का नेतृत्व गोल्डमैन सैकेस असेट मैनेजमेन्ट एवं टीवीएस कैपिटल फंड्स ने किया। इन्वेस्टकोर्प, अवतार वेंचर्स एवं लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेन्ट्स ने भी इस फंडिंग में हिस्सा लिया। इंश्योरेन्स देखो की स्थापना साल 2016 में अंकित अग्रवाल और ईश बब्बर द्वारा की गई थी। अपनी शुरूआत के बाद से कंपनी ने उल्लेखनीय विकास दर्ज किया है और मार्च 2023 तक रु 3500 करोड़ की सालाना प्रीमियम रन रेट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नई जुटाई गई इस राशि का उपयोग इंश्योरेन्स देखो के प्रोडक्ट एवं टेक्नोलॉजी फंक्शन्स का पैमाना बढ़ाने, नए बाजारों में विस्तार, हेल्थ एवं लाइफ कैटेगरी में नए आधुनिक उत्पादों के लॉन्च, कंपनी के एसएमई इंश्योरेन्स कारोबार के विकास, लीडरशिप टीम को सशक्त बनाने तथा इनऑर्गेनिक विकास के अवसर उत्पन्न करने के लिए किया जाएगा। अंकित अग्रवाल, सीईओ एवं सह-संस्थापक, इंश्योरेन्स देखो ने कहा, देश में बीमा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की बात करें तो हमें शहरी क्षेत्रों के दायरे से बाहर जाने की आवश्यकता है। बीमा सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं और आने वाले समय में भी अपने सशक्त अडवाइजर्स के साथ टेक-आधारित समाधान लाते रहेंगे, जो साल के अंत तक भारत के हर गांव और हर क्षेत्र को अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें।

## अक्षर योग ने तीन योग आसनों में ट्रिपल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया



भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** योग के लिए भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक, अक्षर योग रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेंटर ने एक और उपलब्धि हासिल की, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने तीन अलग-अलग आसनों का प्रदर्शन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में प्रवेश किया।

बेंगलुरु में मंडला योग महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने श्रद्धेय योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षरजी के तत्वावधान में वशिष्ठासन, उष्ट्रासन और हलासन किए। उच्च शिक्षा मंत्री, डॉ. सी. एन. अश्वथ नारायण की अध्यक्षता में, यह तीन नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए एक साथ तीन योग आसन करने वाला अब तक का सबसे बड़ा समूह था। उल्लेखनीय उपलब्धि का जिक्र करते हुए हिमालयन सिद्धा अक्षर ने कहा, 'यह अक्षर योग रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेंटर और जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों के लिए बेहद गर्व की बात है, जिन्होंने इस तरह की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए पिछले कुछ हफ्तों में गहन प्रशिक्षण लिया है। पुलिस कर्मियों और नर्सिंग होम स्टाफ से लेकर छात्रों और कामकाजी पेशेवरों तक, सभी प्रतिभागियों ने वशिष्ठासन, उष्ट्रासन और हलासन तक योग के सार को समझा। हम मंडला योग महोत्सव के सफल समापन से प्रसन्न हैं।

## बीसीएस ग्लोबल ने एनर्जी ड्रिंक का ब्रांड वॉक्स पेश, भारतीय बाजार में रखा कदम

भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की फूड एंड बेवरेज कंपनी बीसीएस ग्लोबल ने अपने एनर्जी ड्रिंक का एक ब्रांड वॉक्स पेश करके भारतीय बाजार में कदम रखा है। इसके साथ ही कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक्स के अन्य वेरिएंट्स को भी पेश करने की योजना बनाई है। वॉक्स एनर्जी ड्रिंक्स की चीफ मार्केट ऑफिसर शीबा चौधरी ने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ रहे एनर्जी ड्रिंक की श्रेणी में कंपनी के लिए अच्छे अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कंपनी ने अपनी अनूठी उत्पाद श्रृखंला के साथ देश के कोने-कोने में एनर्जी ड्रिंक उत्पादों का विस्तार करेंगे। चौधरी ने कहा कि कंपनी एक प्रभावी मूल्य निर्धारण रणनीति के साथ कंपनी जीएनजेड और मिलेनियल जैसे कॉलेज जाने वालों, गेमर्स, युवाओं को लक्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो इस सेगमेंट के प्रमुख उपभोक्ता होंगे। उन्होंने कहा कि फूड एंड बेवरेज मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी की गहरी समझ के साथ कंपनी अपने एनर्जी ड्रिंक्स की विश्व स्तरीय गुणवत्ता रेंज के साथ भारत में अपने ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार है। एनर्जी ड्रिंक को मुख्यधारा का एफएमसीजी उत्पाद बनाने के उद्देश्य से कंपनी ने एक व्यापक ओमनी-चैनल रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल तैयार किया है।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर विक्रय भूमि अपने नाम दर्ज कराई

भास्कर ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव महावड़ माजरा की जमीन को महिला द्वारा पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर विक्रय की गई। जमीन पर फजीर्वाड़ा कर दोबारा नाम दर्ज कराने का प्रयास करने के मामले पीड़ित खरीदार ने न्यायालय के आदेश पर फजीर्वाड़ा में शामिल पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गांव बादलपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह के अधिवक्ता राकेश नागर ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह के चाचा खड़क की मृत्यु 30जुलाई 1996 को हो गई थी। तब यह गांव नगर निगम गाजियाबाद में आता था। खड़क सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम गाजियाबाद ने जारी किया था। उस समय राहुल पांच साल का था। खड़क सिंह के वारिसान के रुप में कृषक भूमि में राहुल का नाम दर्ज हो गया था।

## केमिकल के अवैध गोदाम में लगी आग, कोई हताहत नहीं

भास्कर ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** इकोटेक- तीन कोतवाली क्षेत्र में सुत्याना गांव के समीप पेट्रोल पंप के पीछे बने केमिकल के अवैध गोदाम में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। आग ने एक टायर के गोदाम को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की सूचना पर दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से नजदीक खड़ी दो गाड़ियां भी जल गईं। गोदाम में थिनर का अवैध भंडारण कर रखा था। हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के मुताबिक सुत्याना गांव के समीप पेट्रोल पंप के पीछे एक व्यक्ति द्वारा केमिकल का अवैध गोदाम चलाया जा रहा था। यहां केमिकल से भरे ड्रम रखे हुए थे। इसी के बराबर में पुराने टायरों का गोदाम था। बुधवार शाम केमिकल से भरे ट्रक में आग लग गई। आग पूरे गोदाम में फैल गई। टायर के गोदाम को भी चपेट में ले लिया।

## सभी की जरूरतों को पूरा करेगा हेल्थ, वेल्थ और लाइफ सॉल्यूशन प्लान

भास्कर समाचार सेवा

**नई दिल्ली।** ग्राहकों की बदलती जरूरतों को देखते हुए पॉलिसीबाजार ने एक ऐसे प्रोडक्ट की जरूरत महसूस की जो लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस और इन्वेस्टमेंट पर रिटर्न का लाभ प्रदान कर सके।

इसलिए अपने इंश्योरर पार्टनर्स निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस और टाटा एआईए के साथ मिलकर ग्राहकों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस, वेल्थ क्रिएशन और लाइफ कवर का एक बेहतरीन संयोजन लेकर आया है।

यह हेल्थ+वेल्थ+लाइफ की ऐसी पेशकश है जो यूलिप और हेल्थ इंश्योरेंस के लाभों को एक साथ लेकर आती है, जिससे मृत्यु और बीमारी में सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ ग्राहकों को धन सृजन में भी सक्षम बनाता है। पॉलिसीबाजार के प्रेसिडेंट और सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा ग्राहकों की बदलती जरूरतों की पहचान करते हुए पॉलिसीबाजार अपने ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण समाधान लेकर आए हैं जो लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस और निवेश के लाभों को एक साथ दशार्ते हैं। पॉलिसीधारक के वित्तीय सुरक्षा कवच को मजबूत करने में मदद करने के लिए योजना के हर पहलू को सावधानीपूर्वक कस्टमर फर्स्ट अप्रोच के साथ तैयार किया गया है।




हम अपने इंस्योरर पार्टनर्स को इस दृष्टिकोण को वास्तविकता बनाने के लिए धन्यवाद देते हैं और इस तरह के और अधिक ग्राहक-केंद्रित समाधान विकसित करने के लिए तत्पर हैं। यह प्लान सभी प्रकार के ग्राहकों के लिए एक उत्तम विकल्प है क्योंकि यह उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस और निवेश के लिए कई प्लान खरीदने की परेशानी से बचाता है।

## विस्थापित किसानों को फलैंदा कट और मॉडलपुर पर बसाया जाएगा

**ग्रेटर नोएडा (भास्कर ब्यूरो)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर परियोजना के द्वितीय चरण में विस्थापित होने वाले गांवों के किसानों को दो जगह पर बसाया जाएगा। जहां अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। जिला प्रशासन ने विस्थापन से जुड़ी प्रक्रिया पर काम करना शुरू कर दिया है। प्रभावित किसानों से वार्ता कर उनकी सहमति ली जा रही है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह व प्रशासनिक अधिकारियों ने इस सबंध में जानकारी दी। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जेवर एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के किसानों के लिए हम एक विस्तरीय विस्थापन स्थल की व्यवस्था करने जा रहे हैं। किसानों से विभिन्न स्तर की वार्ता हुई। किसानों की भविष्य की आवश्यकताओं एवं जीवनयापन के लिए साधनों को देखते हुए द्वितीय चरण के किसानों को दो जगह विस्थापित किया जाएगा। एक स्थान प्रस्तावित फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क के सामने होगा। तथा दूसरा स्थान जेवर के समीप मॉडलपुर के पास है। विस्थापित होने वाला स्थान मूलभूत सुविधाओं के साथ- साथ बेहतर कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ होगा।

## सूरजकुंड मेले में युग परिवर्तन उद्घोष नामक नृत्य-नाटिका का बेहतरीन प्रदर्शन



भास्कर समाचार सेवा

**हरियाणा।** फरीदाबाद जिले में मशहूर 36 वाँ सूरजकुंड मेला पूरे जोरो शोरो से चल रहा है। इस मेले में जहाँ एक तरफ विभिन्न राज्यों व विदेशों की सर्वश्रेष्ठ कला, परम्परा, शिल्प, लोक संगीत व संस्कृति का बेहतरीन प्रदर्शन हो रहा है वही दूसरी तरफ एक अनूठा स्टाल ऐसा भी है जहाँ से मेले में आए इंसानों को स्वाभाविक परिवर्तन की राह दिखा, आने वाले सुनहरी युग- सतयुग की नैतिक संस्कृति से परिचित कर तद्नुरूप ढ़लने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जी हाँ, आप ठीक समझें यह स्टाल है ध्यान-कक्ष का। इस स्टाल के निष्काम सेवक बड़े ही आकर्षक ढंग से यानि तरह-तरह से मेले में रैली निकाल कर, गाकर, नाचकर सब आए हुए सजनों को मानव-धर्म अपनाने का व आत्मिक ज्ञान प्राप्त कर एकता में आने का आवाहन दे रहे हैं। इसी संदर्भ में शनिवार को इस स्टाल के सजनों ने मेले की छोटी चौपाल पर स्वर्णिम प्रभात आ है रहा, अब तो आँखे खोलो जी₹ नामक शानदार प्रस्तुति दी। इस आइटम ने सबका मनमोह लिया। शनिवार के पश्चात् बुधवार को यहाँ के युवा सजनों ने मेले की चौपाल न. 1 पर युग परिवर्तन उद्घोष नामक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। इस नाटिका के द्वारा सजनों को जनाया गया कि युग परिवर्तन कुदरत की एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के तहत निश्चित समय अवधि के पश्चात युग बदलते रहते हैं तथा सतयुग से त्रेता, त्रेता से द्वापर, द्वापर से कलियुग तथा कलियुग के बाद फिर सतयुग आ जाता है।

## कैंसर दिवस पर छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

भास्कर ब्यूरो

**दादरी।** क्षेत्र के दुजाना गांव में कैंसर दिवस पर स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य को लेकर गंभीर रहने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान रखने की अपील की गई। छात्र- छात्राओं ने गांव के मुख्य मार्गों से कैंसर जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान उम्मीद संस्था के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्लास्टिक के बॉक्स में खाना नहीं लाना चाहिए। बंद पैकेट खाद्य पदार्थों का सेवन न करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि बाजार एवं अन्य स्थानों से तला भुना खाने से बचना चाहिए, जिससे इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। गुटखा, तंबाकू आदि नशीले पदार्थों से बचना चाहिए।

## कानपुर देहात मामले में कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (भास्कर ब्यूरो)।** कानपुर देहात जिले के रूरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की मौत के मामले को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। विपक्षी पार्टियों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के कार्यकताओं ने सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।


### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र विशाल सुमन एवं पुत्रवधु श्रीमती शालिनी पत्नी विशाल सुमन निवासी मोह.साहूकारा तह.बिलासपुर को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार से इनका को संबंध नहीं रहेगा अपने कृत्य से वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**विजय कुमार पुत्र हर भरोसे लाल**
**नि.मोहल्ला साहूकारा तह.बिलासपुर जिला रामपुर (उ.प्र.)**

### सूचना

सर्व धारण को सूचित किया जाता है मेरे ड्राइविंग लाइसेंस up 85 20150019273 में नाम goirdhari lal so vijaypal हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम girdhari lal so vijay-pal निवासी पैगाव हैं

### खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित मेरे प्लॉट नंबर-193, अलॉटमेंट नंबर-जीएचडी012 ग्राम/ सेक्टर घोड़ी बछेड़ा, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्धनगर का आवंटन लेटर कहीं गुम हो गया है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा उपयोग अमान्य होगा।

**सतेंद्र शर्मा पुत्र श्री आशा राम शर्मा**
**निवासी फ्लैट नंबर-440, शक्तिखंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद।**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01,सैक्टर–नॉलेज पार्क–4,ग्रेटर नोएडा सिटी–201310
जिला–गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर–चूहडपुर खादर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–सी.एच.यू.012080, भूखण्ड संख्या–45, पाकेट–डी, क्षेत्रफल–890 वर्ग मीटर को आवंटित श्रीमती जयश्री शर्मा पत्नी श्री हरीश चन्द्र शर्मा, श्री डा0 रोहताश शर्मा पुत्र श्री हरीश चन्द्र शर्मा, निवासी–फ्लैट नं0–ए।।–503, इल्डोको आनन्दा, आनन्दा अपार्टमेन्ट, सेक्टर–48, नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। सहआवंटी श्रीमती जयश्री शर्मा पत्नी श्री हरीश चन्द्र शर्मा की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री रोहताश शर्मा पुत्र श्री हरीश चन्द्र शर्मा, निवासी–फ्लैट नं0–ए।।–503, इल्डोको आनन्दा, आनन्दा अपार्टमेन्ट, सेक्टर–48, नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि0 वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या–3, जिल्द संख्या–201, पृष्ठ संख्या–357 से 380 पर कमांक 94 दिनांक 04.07.2016 को उप निबन्धक, देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अत इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्राकशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री रोहताश शर्मा पुत्र श्री हरीश चन्द्र शर्मा, निवासी–फ्लैट नं0–ए।।–503, इल्डोको आनन्दा, आनन्दा अपार्टमेन्ट, सेक्टर–48, नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01. सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला - गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-डाबरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या- डी. ए.012093. भूखण्ड संख्या-सी-17. क्षेत्रफल-340 वर्ग मीटर की आवंटित सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पुत्रगण स्व० श्री बिहारी व श्रीमती नथिया पत्नी स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती नथिया पत्नी स्व० श्री बिहारी की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पुत्रगण स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-114. पृष्ठ संख्या-41 से 50 पर क्रमांक 310 दिनांक 23.01.2010 को उप निबन्धक, सदर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्राकशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पुत्रगण स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम- डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला - गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-क्यामपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या के वाई.ए.015. भूखण्ड संख्या-2. क्षेत्रपाल 390 वर्ग मीटर को आवंटित सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पुत्रगण स्व० श्री बिहारी व श्रीमती नथिया पत्नी स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम- डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। सहःआवटी श्रीमती नथिया पत्नी स्व० श्री बिहारी की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पुत्रगण स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम-डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही सख्या-3 जिल्द संख्या-114. पृष्ठ संख्या-41 से 50 पर क्रमांक 310 दिनांक 23.01.2010 को उप निबन्धक, सदर जिला गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी का कोई आपत्ति हो तो प्राकशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों ने पर सर्वश्री नानक चन्द, सतवीर पत्रगण स्व० श्री बिहारी, निवासी-ग्राम- डाबरा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 का नाम आवटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310**
**जिला – गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम / सैक्टर चूहडपुर खादर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवटन संख्या- सी.एच.यू. 012213, भूखण्ड संख्या-78, पाकेट-डी, क्षेत्रफल - 398.86 वर्ग मीटर सर्वश्री वेद प्रकाश, धीरज सिंह, जीतराम, देवेन्द्र, गजेन्द्र पुत्रगण श्री यादू, निवासी-ग्राम- चूहडपुर खादर, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सह आवंटी सर्वश्री जीतराम, गजेन्द्र पुत्रगण श्री यादू की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती संतोष पत्नी स्व0 श्री जीत राम व श्रीमती सुमन नागर पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र, श्री दर्शन नागर, मनीष कुमार पुत्रगण स्व० श्री जीतराम, श्रीमती मनीषा (विवाहित), श्रीमती प्राची (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री जीतराम, श्री हर्ष नागर पुत्र स्व0 श्री गजेन्द्र, कु0 नेहा नागर पुत्री स्व० श्री गजेन्द्र, निवासी-ग्राम- बिसनपुरा, सेक्टर-58, नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 मे से श्रीमती संतोष पत्नी स्व0 श्री जीत राम व श्रीमती सुमन नागर पत्नी स्व0 श्री गजेन्द्र, निवासी-ग्राम- बिसनपुरा, सेक्टर-58, नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती संतोष पत्नी स्व० श्री जीत राम व श्रीमती सुमन नागर पत्नी स्व० श्री गजेन्द्र, निवासी-ग्राम- बिसनपुरा, सेक्टर-58, नोएडा, जिला - गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर–201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ग्राम खेरली भाव में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 928/एस0टी0–एस0डी0एम0/2013–14, दिनांक 10.02.2014 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 1041म | रसीदा पुत्र रूस्तम नि0 ग्राम खेरली भाव, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्री अकरम | 50 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सुरैया | 55 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती रिहाना | 45 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### कार्यालय-ग्राम पंचायत हरीनगर वि0ख0 हसायन, जनपद-हाथरस

पत्रांकः ग्राम पंचायत / वित्त आयोग मद / टेण्डर / 2022-23 — दिनांक : 14/02/2023

**अति अल्पकालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित/ 15वॉ वित आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यों हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बंद निविदायें दिनांक 20/02/2023 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3.00 बजे उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा की शर्तें निम्नवत निर्धारित की जाती है :

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत हरीनगर से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 20/02/2023 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ०डी०आर०/ एस०टी०डी०आर० जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. निविदा पत्र के साथ एक सौ रुपये का नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रुपये का रेवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
4. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुए 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
5. बिलों के भुगतान में नियमानुसार आयकर, बैट एवं रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।
7. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होंगे।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामग्री (रूपये में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनपाल के घर से कंछी के प्लॉट तक यू-टाइप नाली निर्माण कार्य | 195804 | 3860 | 250+जीएसटी | 3 माह |
| 2 | अशोक के घर से राजेन्द्र के प्लॉट तक यू-टाइप नाली निर्माण कार्य | 186557 | 3730 | 250+जीएसटी | 3 माह |
| 3 | बनवारी के घर से सरकारी नाली तक यू-टाइप नाली निर्माण कार्य | 98567 | 1975 | 250+जीएसटी | 3 माह |
| 4 | डाबर सड़क से माता मंदिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 89218 | 1785 | 250+जीएसटी | 3 माह |

**ग्राम प्रधान / अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत- हरीनगर**
**विकास खण्ड- हसायन।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- हरीनगर**
**विकास खण्ड- हसायन।**

बच्चा श्मशान की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे निर्माण रुकवा दिया गया था। अगर दोबारा निर्माण किया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।
**-सुनील दत्त शर्मा** कानूनगो थानाभवन

खबर का असर

# लेखपाल निलंबित, कानूनगो व सहायक चकबंदी अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई

## किसान की भूमि गलत वारिसों के नाम करने पर डीएम ने की बडी कार्रवाई

**मृत दृशाए किसान ने कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत होकर दिया था जिंदा होने का प्रमाण**

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** जीवित किसान को मृत दिखाकर उसकी जमीन गलत वारिसों के नाम किए जाने के मामले में बडी कार्रवाई हुई है। डीएम के आदेश ने एडीएम ने एसओसी चकबंदी को तत्काल मामले की जांच करने के निर्देश दिए। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया गया हैं, जबकि तत्कालीन कानूनगो व सहायक चकबंदी अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई से चकबंदी विभाग में हडकंप मचा हुआ है। कुडाना निवासी जयपाल पुत्र दलेल गांव के अन्य किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा और चकबंदी विभाग पर आरोप लगाया कि विभाग ने उसे मृत दृशाकर उसकी जमीन का बैनामा अन्य लोगों के नाम कर दिया। इसके अलावा चकबंदी विभाग की कई खामियां गिनाई थी। उक्त प्रकरण समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित हुआ तो मामला डीएम जसजीत कौर के संज्ञान में आया। डीएम ने एडीएम संतोष कुमार सिंह को मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर एडीएम संतोष कुमार सिंह द्वारा एसओसी चकबंदी को तत्काल जांच कर प्रकरण को दुरुस्त कराने के कड़े आदेश दिये। कार्रवाई के क्रम में 24 घंटे के भीतर जयपाल के पक्ष में उक्त भूमि का आदेश एसओसी द्वारा कर दिया गया। अधिकारियों के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले लेखपाल ललित शर्मा को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिया गया। साथ ही तत्कालीन कानूनगो व सहायक चकबंदी अधिकारी अंकुर चहल पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई। इस संबंध में डीएम जसजीत कौर द्वारा स्पष्ट कहा गया कि कठोर कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में कोई भी अधिकारी व कर्मचारी ऐसी लापरवाही ना करें।



# केमिस्ट्स ने ड्रग्स विभाग पर लगाया उत्पीडन का आरोप

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसियेशन ने एडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ड्रग्स विभाग में लाइसेंस प्रणाली की व्यवस्था को दरकिनार कर दवा व्यापारियों के शोषण करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को एडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ड्रग्स विभाग में लाइसेंस प्रणाली उप्र सरकार की व्यवस्था को दरकिनार कर दवा विक्रेताओं का शोषण किया जा रहा है। फार्मेसिस्ट लगाने, उतारने व निरीक्षण के नाम पर व्यापारियों का शोषण हो रहा है। उन्होंने विगत तीन माह में कितने लाइसेंस नए बने व कितनों का नवीनीकरण हुआ, कितनी दुकानों का निरीक्षण हुआ, उसकी जांच कराई जाए तथा जो लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। इस मौके पर दीपक कुमार गुप्ता, कुलदीप कुमार गोयल, संजय अग्रवाल, प्रवीण शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# राजस्व टीम का नही डर, अवैध निर्माण जारी

**राजस्व विभाग द्वारा रुकवाया गया था अवैध निर्माण अगले दिन फिर शुरु**

**भास्कर ब्यूरो**
**जलालाबाद।** गांव हसनपुर लुहारी में एक दिन पूर्व ही राजस्व विभाग की टीम ने बच्चा श्मशान की भूमि पर अवैध निर्माण रुकवाया था। लेकिन अवैध कब्जा धारकों के द्वारा बच्चा श्मशान की भूमि पर अवैध निर्माण बराबर किया जा रहा है।
इन दिनों गांव हसनपुर लुहारी में अवैध कब्जा की बाढ़ आ गई है। बच्चा श्मशान व तालाबों की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन निर्माण का काम किया जा रहा है। इन लोगों ने बच्चा श्मशान की भूमि पर पहले से कब्जा कर अपने स्थान तय कर लिए थे। अब इन स्थानों पर अपने आशियाने बना रहे हैं। अमित, नरेंद्र, अजय, कुलदीप, ग्रामीणों का आरोप है कि हसनपुर लुहारी गांव मे बेतहाशा अवैध कब्जा पर जिला प्रशासन की भी कोई नजर नहीं है। प्रशासन इस दिशा में कोई कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बनकर बैठा है। अवैध कब्जा धारकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने तालाब और श्मशान भूमि के करीब की खाली जगह को भी नहीं बख्शा। इसकी शिकायत गांव के लोगों द्वारा पुलिस, राजस्व और मुख्यमंत्री पोर्टल तक की जा रही है। लेकिन यहां के अधिकारियों द्वारा किसी भी कब्जाधारी पर कार्रवाई करने की हिमाकत नहीं जुटाई जा रही है।

**17 अवैध कब्जा धारकों को दिये थे नोटिस**

ग्रामीणों की शिकायत करने के बाद राजस्व विभाग ने बच्चा श्मशान की भूमि की पैमाईस कर 17 लोगों के द्वारा कब्जा कर मकान बनाना पाया गया था। जिसके बाद उनको राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटवाने को लेकर नोटिस भी जारी किये थे। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उसके बाद से इन पर कोई कार्रवाई नही होने से अवैध कब्जा धारकों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं जो बच्चा श्मशान व तालाब की भूमि पर बराबर कब्जा कर मकान निर्माण कर रहे हैं।
बच्चा श्मशान की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे निर्माण रुकवा दिया गया था। और बच्चा श्मशान की भूमि को खाली करने के आदेश भी दिये थे। अगर दूबारा निर्माण किया जा रहा है तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**-सुनील दत्त शर्मा**
कानूनगो थाना भवन

# भूमाफियाओं की सरकारी जमीन पर तिरछी नजर

## जगह-जगह हो रहे जमीन पर कब्जे, राजस्व विभाग मौन, कई गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर की शिकायत

भास्कर ब्यूरो
शामली। जिले में भूमाफिया की नजर अब सरकारी जमीन पर है, जिसके चलते कई जगह सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने की खबरें आ रही है। बुधवार को चार गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अवैध कब्जे की शिकायत की है। कहीं कब्रिस्तान की जमीन तो कहीं मार्ग की जमीन पर कब्जा किया गया है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। बाबरी के ग्रामीणों ने बुधवार को डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके गांव में एक कब्रिस्तान स्थित है जो काफी पुराना है। ग्रामीण उक्त कब्रिस्तान में शवों को दफनाते आ रहे हैं। कब्रिस्तान में 1857 की क्रांति के 19 क्रांतिकारियों की कब्रें भी मौजूद थी लेकिन गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा कब्रिस्तान की



भूमि पर कब्जा कर क्रांतिकारियों की कब्रें व पेड काट दिए हैं। जब ग्रामीण दबंगों का विरोध करते हैं वे लोग ग्रामीणों से मारपीट पर उतारू हो जाते हैं तथा धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में उक्त दबंग से वर्तमान प्रधान व हलका लेखपाल द्वारा सरकारी भूमि को मुक्त भी कराया है। उन्होंने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं गांव हींड के मजरा देवीपुरा के ग्रामीणों ने भी डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जल निगम द्वारा कलर भूमि खसरा नंबर 847 पर पानी की टंकी का निर्माण कराया जाना था लेकिन गांव के ही दबंगों ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया, जब ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया तो दबंग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने डीएम से मामले का संज्ञान लेकर भूमि को दबंगों से कब्जामुक्त कराए जाने की मांग की है। गांव टोडा निवासी ग्रामीणों ने भी डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के मैन बस स्टैंड पर दोनों साइड सरकारी जमीन पर गांव के ही विपक्षियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर सरकारी जमीन पर दुकान बना ली है जबकि सडक की दोनों ओर नाली बनी हुई है। उन्होंने इस नाली को हटाने तथा गांव में जो नाला निर्माण किया जा रहा है उसके रुकवाए जाने की मांग की। गांव भैंसवाल के ग्रामीणों ने भी डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव में कब्रिस्तान स्थित है जिस पर गांव के ही दबंगों ने कब्जे की नीयत से नींव खोदकर उस पर दीवार बनाकर कब्जा करना चाहते हैं। दो दिन पूर्व भी दबंगों ने ईंटें मंगा ली थी। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल भी उक्त दबंगों से मिले हुए हैं जिस कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**वांछित दुष्कर्मी गिरफ्तार**

झिंझाना। बुधवार को पुलिस ने क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी सावन पुत्र गोपाल निवासी गांव लपराना झिंझाना को मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित बाबा दा ढाबा अगडीपुर तिराह से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कपरवान ने बताया किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी सावन निवासी लपराना को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहले दिन कला विषय की एक सेंटर पर परीक्षा

## बुधवार से शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम



**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** बुधवार से सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। हालांकि पहले दिन केवल एक ही परीक्षा केंद्र सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में कला विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए गए है। बुधवार से सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी। परीक्षा को देखते हुए सुरक्षा के भी बंदोबस्त किए गए थे। प्रथम दिन केवल एक ही परीक्षा केन्द्र सेंट आरसी स्कूल पर कला विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केन्द्र के बाहर बोर्ड पर चस्पा की गयी लिस्ट में अपना नाम, रोल नंबर देखा। परीक्षा से पूर्व शिक्षकों ने प्रवेश पत्र देखने के बाद ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की इजाजत दी।

# वैदिक यज्ञ में दी यजमानों ने दी आहूति

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** आर्य समाज के 150 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आर्य समाज मंदिर शामली के द्वारा छह दिवसीय ऋषि बौध उत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रभात फेरी निकाली गई जो करनाल रोड स्थित शामली रायफल क्लब पर पहुंच कर संपन्न हुईं। जिसके बाद वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया।आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर करनाल रोड स्थित शामली रायफल क्लब पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज मंदिर के पुरोहित डॉ रवि दत्त आर्य और यजमान मुकेश चैधरी व अंशु चैधरी, नितिन वर्मा व कनिका वर्मा, डा. सुशील तोमर, राजेश देवी,



जितेंद्र सिंह, शोभा रानी रहे। भजन उपदेशक प्रदीप शास्त्री ने अपने प्रवचनों और भजनों भर दे झोली सबकी तेरे पूर्ण भंडार हम सब मिलकर आए दाता तेरे दरबार सुनाया। उन्होंने कहा कि परमात्मा के भजन ध्यान और संध्या के लिए ब्रह्म मुहूर्त सर्वोत्तम है। इस अवसर पर आर्य समाज के संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान विनोद आर्य, मंत्री गिरधारी लाल आर्य, कोषाध्यक्ष देवेंद्र देव आर्य, राजपाल आर्य, वेद प्रकाश आर्य, यशपाल पंवार, डॉ सतेंद्र पाल सिंह, पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल, डा. राजेन्द्र स्वामी, डा. श्रीपाल धामा रहे।

# आज से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** गुरुवार से प्रारंभ हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा से पूर्व बुधवार को भारी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर अपनी सीटों की जानकारी करते नजर आए। परीक्षा को देखते हुए कालेजों के गेट पर लिस्ट चस्पा की गयी है जिसमें छात्र-छात्राओं के नाम, रोल नंबर व सीट संख्या दर्शायी गयी है। परीक्षा दो पालियों में होगी जिसमें सुबह 8 बजे से 11.15 बजे तक हाईस्कूल व 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक इंटरमीडिएट के बच्चे परीक्षा देंगे। जिला विद्या निरीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां भी मुकम्मल कर ली है। जनपद में 36 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिन्हें 7 जोन व 8 सैक्टरों में विभाजित कर जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी कर दी गयी है, वहीं परीक्षा केन्द्रों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगायी गयी है। परीक्षा केन्द्र के आसपास भी कडी सुरक्षा की गयी है।

# कामयाबी के लिए कुरान और हदीस पर अमल जरूरी: रफीउज्जमा

**भास्कर ब्यूरो**
जलालाबाद। जलालाबाद स्थित विश्व प्रसिद्ध मदरसा जामिया मिफ्ताहुल उलूम में खत्म बुखारी शरीफ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजरत मौलाना रफीउज्जमा ने हदीस की किताब बुखारी शरीफ के अन्तिम पाढ का दर्स दिया। मदरसे से शिक्षा पूरी करने वाले 97 छात्रों को मुफ्ती और मौलवीयत की सनद और पगडी बांधकर उपाधी दी गई। इस मौके पर बैंगलोर से तशरीफ लाये हजरत मौलाना शोएब उल्लाह बैंगलोरी ने हजरत मौलाना मसीउल्लाह खां जलालाबादी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मुफ्ती रहीस, मुफ्ती ताहिर, मफ्ती उजैर, मौलाना अन्नू मियां, मुफ्ती फरजान, मुफ्ती दानिश, मौलाना शारिक, फैज शेरवानी, शोएब कासमी, मौ0 सालिम, वजाहत मियां, जिशान काजमी, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मदरसा मौहतमिम कारी वलीउल्लाह ने मुल्क की तरक्की और आपसी भाईचारे को लेकर दुआ कराई।

बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

# बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाकर करें प्रोत्साहित: डीएम

**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डीएम जसजीत कौर ने आहवान किया कि बेटा व बेटी में कोई भेदभाव न किया जाए, बेटी अभिशाप नहीं बल्कि वरदान है। बालिकाओं को भी उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे भी अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में डीएम व एडीएम ने 20 मेधावी छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया वहीं 5 बालिकाओं को लैपटॉप भी प्रदान किए गए।
बुधवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम जसजीत कौर ने कहा कि



जनपद में पहले बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना लागू नहीं थी, अब यह योजना जनपद में भी लागू हो गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लडके और लडकियों के बीच समानता को बढावा देने का काम किया जाएगा और बालक एवं बालिका में भेदभाव वाली जो कुरीतियां हैं उसे तोडा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जिन छात्राओं को पुरस्कृत किया गया है, अन्य छात्राएं भी इनसे प्रेरणा लें और हायर एजुकेशन प्राप्त कर आगे बढकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। इस मौके हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की 20 मेधावी छात्राओं को डीएम ने पुरस्कृत किया, साथ ही पांच छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को कम करना, भ्रूण हत्या रोकना, व कन्या के जन्म पर उत्सव मनाकर बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में डीएम ने सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ भी दिलायी। इसके उपरांत डीएम, एडीएम व अन्य अधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट में हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद डीएम ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एडीएम संतोष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, सीएमओ डा. संजय अग्रवाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चैहान, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाबर खान, सीओ सिटी बिजेन्द्र सिंह भडाना अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### यूनियनों के अध्यक्ष बने दीपक व सचिन

कैराना। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ एवं संविदा सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से 2023 की नई कार्यकारिणी के लिए बुधवार को एक बैठक का आयोजन पालिका सभागार कक्ष में किया गया। इस दौरान नगरपालिका में कार्यरत 110 कर्मचारियों ने संविदा सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पद पर हाथ उठाकर सर्वसम्मति से सचिन कुमार उर्फ गुड्डू को अध्यक्ष पद के लिए चुनने का निर्णय लिया। वहीं, एक दिन पहले उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष पद पर दीपक कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया था।

### ट्रक में टकराई बाइक, युवक घायल

कैराना। गांव भूरा निवासी जानिसार मंगलवार देर रात बाइक द्वारा कैराना की ओर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव में सड़क किनारे खड़े ट्रक में उसकी बाइक टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### कर्मचारियों के मारपीट में अभियोग दर्ज

कांधला। क्षेत्र के नगर एलम में चेकिंग के लिए पहुंची विद्युत विभाग की टीम के साथ एक उपभोक्ता ने अपने साथियों सहित मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जेई अतुल पाण्डेय ने थाने पर तहरीर देते कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी श्याम सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिन्टू पुत्र तेजबीर वह मोनू के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया गया है आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### युवक ने ग्राम प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप

कैराना। गांव इस्सापुर खुरगान निवासी कादिर ने बुधवार को एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। बताया कि उनके गांव में स्थित तालाब का अमृत सरोवर के रूप में सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। आरोप है कि इसकी आड़ में ग्राम प्रधान ने तालाब से निकली मिट्टी को बेच लिया है। कुछ को अपनी भूमि में डलवा दिया गया है। यह भी आरोप है ग्राम प्रधान ने अपनी कृषि भूमि पर जाने के लिए तालाब की भूमि पर रास्ता बनाया है।

### छेड़खानी के विरोध पर व्यक्ति पर हमला

कैराना। क्षेत्र के गांव पावटीकलां निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी युवक उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे उसकी पत्नी घर पर थी। आरोप है कि तभी पड़ोसी घर के अंदर घुस आया और उसकी पत्नी के साथ में छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिसमें उसे आंख के पास चोट लगने के कारण वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### उधारी मांगने पर धमकी देने का आरोप

कैराना। गांव मन्नामाजरा निवासी ताहिर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2020 में गांव के ही एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी के लिए उससे दो लाख रुपये उधार लिए थे, जिसमें उसे एक लाख 70 हजार रुपसे वापस दे दिए गए हैं। आरोप है कि बाकी 30 हजार रुपये मांगने पर आरोपी व उसके दो पुत्र जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### छेडछाड के विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

शामली। थानाभवन निवासी एक विवाहिता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके मौहल्ले के ही तीन युवकों ने उसके साथ छेडछाड की और जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर होने पर उसकी भाभी मौके पर पहुंची लेकिन उक्त युवकों ने उसके साथ भी दुव्र्यवहार किया। पीडिता का कहना है कि उसका पति बाहर रहकर काम करता है। उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### चुनाव जीतने के लिए भाजपाईयों ने कसी कमर

शामली। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय शामली पर सहकारिता चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जिला कोर कमेटी की एक बैठक हुई, जिसमें मुख्य वक्ता जिला प्रभारी अजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सभी चुनाव महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में सहकारिता चुनाव से जुड़े सभी पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर जनपद में विजयी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि समितियों के लिए मंडलों के अनुसार सहकारिता चुनाव लड़ाया जाएंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा उनके द्वारा सहकारिता के स्वरूप पर भी चर्चा की गई।



### कूडा डालने के लिए जमीन आवंटन की मांग

शामली। बुधवार को बुटराडा के ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वे पशुपालक है लेकिन उनके पास गाय व भैंस का गोबर डालने के लिए कोई जगह नहीं है। यदि वे आसपास कूडा डालती हैं तो वहां रहने वाले लोग उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं जिससे उन्हें कूडा डालने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने डीएम से गांव में कूडा डालने की जगह आवंटित करने की मांग की। इस मौके पर मनोज, मौसम, रमेश, सोनिया, राजवीरी, प्रेमवती, बंटी, रविन मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत उपचुनाव के लिए समय सारिणी जारी

शामली। डीएम जसजीत कौर ने जनपद में ग्राम पंचायतों सदस्यों के रिक्त पडे पदों पर समय सारिणी के अनुसार चुनाव कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा दिनांक 21 फरवरी को 10 बजे से, उम्मीदवारी वापस लेने की दिनांक 22 फरवरी, प्रतीक आवंटन 22 फरवरी, मतदान 2 मार्च सुबह 7 बजे से 5 बजे तक होगा। मतगणना 4 मार्च सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी।

### हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाया

शामली। गांव भैंसानी इस्लामपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक सैनी व युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नदीम चैधरी ने कहा देश का नौजवान, किसान, मजदूर का शोषण किया जा रहा है। भाजपा का मतलब भ्रष्टाचारी जुमला पार्टी होना चाहिए।

### 16 फरवरी को उधम सिंह स्टेडियम में होगा ट्रायल

शामली। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी सहारनपुर मंडल सहारनपुर अनिमेष सक्सेना ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन झांसी में किया जाएगा जिसमें प्रतिभाग करने के लिए जिला एवं मंडल स्तरीय टीम का चयन के लिए 16 फरवरी को सुबह 10 बजे शहीद उधमसिंह स्टेडियम व मंडल स्तरीय चयन का ट्रायल 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे डा. अम्बेडकर स्टेडियम सहारनपुर में किया जाएगा।

## श्री वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ सुधीर गिरि की शानदार पहल

# लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ 'मीडिया' के सम्मान की एक अनवरत शुरुआत

## राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका: अशोक निर्वाण

भास्कर ब्यूरो,




रजबपुर। बुधवार को श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में मीडिया के महत्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने मीडिया के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि दैनिक भास्कर समूह के सम्पादक एवं देश के जाने माने प्रख्यात पत्रकारअशोक निर्वाण ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत बनाने में, राष्ट्र निर्माण में देश के सभी नागरिक अपना योगदान देते हैं, लेकिन मीडिया के हाथों में कलम है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी है, इसलिए मीडिया मजबूती से जनता की बात रखती है। इसलिए राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विशेष महत्वपूर्ण है।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने कहा कि देश के पत्रकारों के विषय में सरकार एवं समाज को गंभीरता से सोचते हुए उन्हें और आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहन करने की जरूरत है। भारत को विश्व शक्ति बनाने में देश का मीडिया अहम भूमिका निभा रहा है। संगोष्ठी में दैनिक भास्कर समूह के सम्पादक और मुरादाबाद मंडल के सभी जिला प्रभारियों को विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अमरोहा के मुख्य उत्पाद ढोलक संपादक को उपहार स्वरूप भेंट की। इससके साथ ही महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू के चिकित्सक एवं भास्कर ग्रुप के संरक्षक डॉ. राहुल चतुर्वेदी को भी स्मृति चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर किया सम्मानित किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरी ने कहा लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ पत्रकार बन्धुओ को विश्वविद्यालय के मंच से सम्मानित करना स्वयं को गौरान्वित करने जैसा है। श्री वेंकटेश्वरा समूह पूरे देश के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार बन्धुओ को सम्मानित करेगा। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी कासिम अली, अमरोहा जिला प्रभारी जावेद आलम, संभल जिला प्रभारी गौरव उन्मुक्त, बिजनौर जिला प्रभारी जहांगीर भारती, रामपुर जिला प्रभारी मोहम्मद इमरान, मोहम्मद नाजिम अली, भगत सिंह उर्फ बॉबी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। तीन महीना पहले हसनपुर में ज्वेलर्स के साथ लूटपाट करने वाले बदमाशों में से एक पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार रात एसओ रजबपुर रमेश सहरावत टीम के साथ गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली के हैबतपुर-कालाखेड़ा मार्ग पर एक बदमाश मौजूद है तथा बाइक से कई चक्कर लगा चुका है। किसी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलने पर एसओ टीम को लेकर उधर पहुंच गए। इसी दौरान एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने जंगल की तरफ चकरोड पर बाइक दौड़ा दी। साथ ही पीछा करने पर फायरिंग करने लगा। बदमाश की तरफ से फायरिंग होने पर पुलिस ने भी जबावी फायरिंग की। कुछ देर बाद थोड़ी दूर जाकर देखा तो बदमाश घायल अवस्था में पड़ा था। उसके पास ही तमंचा-कारतूस व बाइक भी पड़ी थी। बदमाश की टांग में गोली लग गई थी। पूछताछ में उसने अपना नाम राशिद मूल निवासी गांव गिनोरी थाना व जनपद बुलंदशहर हाल निवासी थाना व कस्बा मसूरी जनपद गाजियाबाद बताया। घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# कानपुर की घटना पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

भास्कर ब्यूरो,



अमरोहा। कानपुर देहात की मैथा तहसील के ग्राम पंचायत माडौली के चालहा गांव में अतिं मण हटाने के दौरान प्रशासन की हठधर्मिता के कारण मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर योगी सरकार की बर्खास्ती और पीड़ितों को मुआवजा दिये जाने की मांग की।

बुधवार को जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एक निरंकुश अत्याचारी हिटलर शाही तानाशाही सरकार चल रही है। जिसका प्रदेश की जनता से कोई लेना देना नहीं है। सरकार की बुलडोजर नीति आज गरीबों कहर बनकर टूट रही है। पूरे प्रदेश में जगह-जगह गरीबों के घर ढाए जा रहे हैं उनको मकानों से बेदखल किया जा रहा है। जिस तरीके से सोमवार को कानपुर देहात में कृष्ण गोपाल दीक्षित की पत्नी और उनकी बेटी को अधिकारियों ने छप्पर के अंदर जलने दिया, इससे साफ होता है कि प्रदेश में योगी सरकार भय का माहौल बनाकर लोगों को डराने धमकाने काम कर रही है। इसीलिए कांग्रेस योगी सरकार को बर्खास्त करने की मांग करती है। इसके साथ ही हत्याकांड में नामजद दोषी अधिकारियों कीजल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। यदि जल्द से जल्द दोषी अधिकारियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो कांग्रेस द्वारा योगी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में करेंगी। प्रदर्शनकारियों में सचिन चौहान, फ़ैज़ आलम राइनी, विनोद कुमार सक्सेना, अली इमाम रिजवी, फहीम अहमद, सरदार इन्द्र सिंह, मोहसिन अली तुर्क आदि मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट अलंकार में सुखदेवी इंटर कॉलेज का चयन

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। मिशन कायाकल्प से प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प कराने के बाद प्रोजेक्ट अलंकार से माध्यमिक विद्यालयों की सूरत भी बदली जाएगी। प्रोजेक्ट अलंकार से विद्यालयों का अनुरक्षण कार्य होगा। बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति की हुई जिसमें उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत जनपद अमरोहा में श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज, हसनपुर को चयनित किया गया है जिसकी मरम्मत, पुनर्निर्माण, निर्माण व अवस्थापना हेतु कार्यदाई संस्था नामित करने के लिए उक्त बैठक का आयोजन किया गया है। गठित समिति द्वारा उक्त प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईएस) को नामित किया गया। कहा इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर में प्रयोगशाला निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को नामित किया गया है। बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत 62.50 लाख रुपये विद्यालय प्रबंधन की ओर से और 62.50 लाख रुपये शासन के स्तर से उक्त प्रोजेक्ट को पूरा करने में धनराशि व्यय की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) भगवान शरण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर, सौंप ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो,



हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अधिवक्ताओं ने उ.प्र.बार कार्उसिल के आह्वान पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रूपक सक्सैना को दिया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं का पांच लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा कराने या आयुष्मान योजना से जोडने, 60 वर्ष आयु पूरी कर चुके अधिवक्ताओं को पेंशन सुविधा प्रदान करने, अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के समक्ष लंबित दावों को शीघ्र निस्तारित कर भुगतान कराने, अधिवक्ता की मृत्यु पर मृतक आश्रितों को एक समान धनराशि दिलाने तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई है। बार कौंसिल द्वारा उठाई गई समस्याओं के अतिरिक्त नवनिर्मित तहसील भवन में अधिवक्ताओं के चेंबर हेतु आवंटित भूमि को बढ़ाने, अधिवक्ताओं के लिए बार भवन, कंप्यूटर कक्ष,शौचालय, पार्किंग,तथा पुस्तकालय हेतु अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था कराने की मांग की है । अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में सब रजिस्ट्री कार्यालय नवनिर्मित तहसील भवन में ही स्थापित कराने की भी मांग की है । इस अवसर पर अध्यक्ष मेघराज सिंह, महासचिव राजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, पूर्व प्रमुख महावीर सिंह चौहान, महिपाल सिंह, श्यौराज सिंह राणा, सुबोध शर्मा, सुनील भटनागर नासिर अली विजेंद्र गहलोत, वीर सिंह त्यागी, धीरेंद्र कुमार, विशाल शर्मा, जयप्रकाश सैनी, ओमपाल सिंह, हितेश त्यागी, मंगल सेन शर्मा, संजय कुमार, फतेह सिंह, रमेश चंद्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### कांवडियों का आगमन शुरू, केसरिया रंग में रंगी सडकें



मंडी धनौरा। महाशिवरात्रि के मद्देनजर शंकर भगवान का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त कांवरियो का हरिद्वार से जल लेकर अपनी मंजिल की ओर रवाना होना शुरू हो गया है। सडकों पर हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से माहौल भक्ति मय हो गया है। बुधवार को जिधर भी नजर उठा कर देखो उधर ही बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवा रंग में रंगे शिवभक्त नजर आ रहे थे। शिवभक्त अपनी कावड़ को एक से एक अच्छी तरीके से सजाकर उसमें गंगाजल भरकर अपनी मंजिल की ओर प्रस्थान करते दिखाई दिये। शिव भक्त ों की संख्या मंगलवार दोपहर से बढनी प्रारंभ हो गई जोकि बुधवार को इतनी ज्यादा हो गई की पूरी सडक भगवामय दिखाई देने लगी। नगर क्षेत्र से बुधवार को हजारों कावर्ती शहर से होकर निकले। बुधवार को नगर के मध्य से निकलने वाले कावर्ती शनिवार को बुलंदशहर हापुड़ आदि जिलों में अपने गंतव्य पर पहुंच कर भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे। शनिवार को शिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उधर कांवडियों की सेवा के लिए शिवभक्त ों ने अनेकों भण्डारे (शिविर) लगा रखे हैं। जिसमें कावडियों के लिए नहाने खाने और उनके आराम करने की आदि की उचित व्यवस्थाओं हैं । कावडियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन एकदम सख्त नजर आ रहा है। पुलिस प्रशासन कांवडियों की सुरक्षा को लेकर कोई भी लापरवाही बरतने को तैयार नहीं है।

### महिला ने एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म

हसनपुर। तहसील क्षेत्र की एक महिला ने अस्पताल जाते समय एबुंलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिवार के लोग उसे एंबुलेंस से लेकर सीएचसी लेकर जा रहे थे। महिला ने रास्ते में ही बच्चे को जन्म दिया। गांव बहापुर निवासी कोमल आर्य पत्नी अंकुर कुमार को बुधवार की सुबह प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जिसके बाद परिजनों ने गांव की आशा सीमा को बुलाया। आशा ने 102 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस जच्चा को लेकर हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रही थी। इस दौरान जैसे ही एंबुलेंस भीकनपुर शर्की गांव के नजदीक पहुंची अचानक



महिला को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जिसके बाद एंबुलेंस चालक प्रशान गुर्जर ने एंबुलेंस को सडक़ किनारे खड़ा कर लिया। जिसके बाद ईएमटी तोषपाल यादव ने महिला को सुरक्षित प्रसव कराया। जहां महिला ने बेटे को जन्म दिया। जिसके बाद जच्चा बच्चा को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों स्वस्थ हैं। वहीं डॉ सतीश भास्कर ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। वहीं, उन्होंने एंबुलेंस स्टाफ की प्रशंसा की है।

## मुकदमा वापस नहीं लेने पर विवाहिता को पीटा

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। दहेज उत्पीडऩ का मुकदमा वापस न लेने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। इस मामले में पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नगर कोतवाली के मोहल्ला अफगानान निवासी मोहम्मद शाहिद की बेटी तमन्ना की शादी बीते साल मोहल्ला कुरैशी निवासी मोहम्मद शारिक के साथ हुई थी। मायके वालों ने काफी दान दहेज दिया था। परंतु ससुराल में तमन्ना को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। उस पर मायके से अधिक दहेज लाने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर 29 सितंबर 2022 को उसे मारपीट कर गर्भावस्था में घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में आकर रहने लगी। उसने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# परियोजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें: जिलाधिकारी

भास्कर ब्यूरो,



⦿ अधूरे कामों को जल्द पूरा कर हैंडओवर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

अमरोहा। जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेते हुए 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो की समीक्षा की। कार्यदायी संस्थाओं से बिंदुवार जानकारी ली। अधूरे कामों को जल्द पूरा कर हैंड ओवर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई है उन्हें सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर हैंड ओवर किया जाए कोई भी परियोजना धन के अभाव में लंबित नहीं रहना चाहिए। यदि धन की कमी है तो पत्राचार के माध्यम से शासन स्तर पर बात करके धन की मांग की जाए। कहा कि परियोजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा जिन परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है उन पर आवश्यक कार्यवाही करके उन्हें विद्युत कनेक्शन दिया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद शेखर शुक्ल, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और सभी परियोजनाओं के प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि: सडक़ों पर हर हर महादेव के जयकारों की गूंज

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। महाशिवरात्रि के त्योहार को लेकर हरिद्वार से कांवड़ लेकर शिवभक्त आ रहे हैं। बुधवार को हजारों की तादाद में शिवभक्त हसनपुर से सेवा शिविरों में जलपान के बाद गंतव्य की ओर निकले। यह सिलसिला लगातार जारी है। सडक़ों पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे सुनाई दे रहे हैं।



शनिवार को महाशिवरात्रि का त्योहार है। शिवालयों में श्रद्धालु और हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। इसको लेकर हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। भारी तादाद में शिवभक्त कंधे पर महादेव की कांवड़ और जल लेकर गंतव्य की ओर चले जा रहे हैं। हर उम्र वर्ग के शिवभक्त कांवर लाते दिखाई दे रहे हैं। जगह-जगह शिव भक्तों की सेवा के लिए लोगों ने शिविर लगाए हुए हैं। जिनमें श्रद्धालु जलपान और विश्राम आदि के बाद अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। शिव भक्तों का आने का सैलाब गुरुवार को और अधिक हो जाएगा। नगर में ब्लॉक चौराहे समेत अन्य कई स्थानों पर स्थित सेवा शिविर में भजनों पर कलाकार डांडिया नृत्य कर रहे हैं। जिनके साथ भोले के भजनों पर शिवभक्त भी थिरक रहे हैं।

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम

भास्कर ब्यूरो, मंडी धनौरा। वेब शुगर मिल मलेशिया से गांव गुलरिया को जा रही 132 केवी की विद्युत लाइन की चपेट में आकर 20 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने मौके पर पहुंचकर धनौरा-अमरोहा मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। बिना पोस्टमार्टम कराए ही पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुआखेड़ा निवासी शहजाद



पुत्र इदरीश उम्र (20) मलेशिया शुगर मिल से गुलडिय़ा जा रही 132 केवी की विद्युत लाइन से छूकर जा रहे पेड़ों को छाट रहा था। पेड़ों की छटाई करते समय अचानक विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। विद्युत लाइन की चपेट में आने से शहजाद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने धनौरा अमरोहा मार्ग पर जाम लगा दिया जाम लगते ही सडक़ के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। परिजनों को समझाया जिसके बाद उन्होंने जाम खोल दिया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बिना ही शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि परिजनों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर परिजनों द्वारा कोई तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# दैनिक भास्कर के संपादक ने शाह विलायत की दरगाह पर चढ़ाई चादर, वासुदेव तीर्थ पर की पूजा अर्चना






भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। दैनिक भास्कर नोएडा संस्करण के संपादक अशोक निर्वाण बुधवार को अमरोहा पहुंचे। विश्व विख्यात दरगाह हजरत शाह विलायत पर चादरपोशी की। दरगाह परिसर में बिच्छू के न काटने की करामात देखकर अचंभित हुए। इसके बाद वासुदेव तीर्थ स्थल पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की।

दरगाह हजरत शाह विलायत पहुंचने पर सबसे पहले मुजाबिर मंसूर आलम ने चादरपोशी कराई। मुतावल्ली हसन शुजा नकवी ने उन्हें दरगाह की तारीख से रूबरू कराया। इसके बाद संपादक अशोक निर्माण जी ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी से अपनी अकीदत का इजहार किया। यहां मजार के पास ही डिब्बे में बंद जहरीले बिच्छू को अपने हाथ पर रखकर देखा, उसके डंक न मारने की फितरत बदलते हुए देख अचंभित हुए। यहां से सीधे वासुदेव तीर्थ स्थल पहुंचे। पूजा अर्चना संग ही जलाभिषेक किया। पुजारी ने उन्हें तीर्थ स्थल की जानकारी दी, पांडव काल से जुड़े इतिहास से भी अवगत कराया।

इस मौके पर नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ राहुल चतुर्वेदी, मुरादाबाद मंडल प्रभारी कासिम अली, अमरोहा जिला प्रभारी जावेद आलम, संभल जिला प्रभारी गौरव उन्मुक्त, बिजनौर जिला प्रभारी जहांगीर भारती, रामपुर जिला प्रभारी मोहम्मद इमरान, उवैस खान, मोहम्मद नाजिम अली, मयंक शर्मा, सुहैल अहमद आदि मौजूद रहे।

## टीबी बीमारी के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

भास्कर ब्यूरो,

हसनपुर। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सीएचसी में चिकित्सकों एवं टीबी विभाग स्टाफ ने जागरूकता अभियान चलाया। टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

बता दें कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सतीस भास्कर के निर्देशों पर नगर के सीएचसी केंद्र में बुधवार को निःक्षय दिवस मनाते हुए टीबी रोग स्टाफ अतुल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी अस्पतालों में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार निक्षय दिवस मनाया जा रहा है।

संवाद

लोग कहते हैं अपनों के आगे झुक जाना चाहिए किंतु सच बात तो यह है, जो अपने होते हैं वह कभी झुकने नहीं देते। - श्रीकृष्ण

## नए राज्यपालों पर विपक्ष की नजर

गैर भाजपा दलों के शासन वाले जिन राज्यों में राज्यपालों से सरकार का टकराव चल रहा था उनमें से कई राज्यों में राज्यपाल बदल गए हैं। हालांकि तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में राज्यपाल नहीं बदले हैं, जहां राज्य सरकार और राजभवन में सर्वाधिक टकराव है। लेकिन बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में राज्यपालों के बदले जाने का भी बड़ा संकेत है। महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है लेकिन वहां भी राज्यपाल बदले जाने का जश्न मनाया जा रहा है क्योंकि भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट की सरकार के साथ साथ दोनों पार्टियों के नेता राज्यपाल के विवादित बयानों से चिंता में थे और उनको लग रहा था कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी दोनों पार्टियों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। विपक्षी शासन वाले राज्यों में सत्तारूढ़ दल के नेताओं को उम्मीद है कि नए राज्यपाल से उनको राहत मिलेगी। झारखंड के एक नेता ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को राहत मिली है वैसी राहत मिल जाए तो काम आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ जब तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे तब तक ममता बनर्जी सरकार को बड़ी मुश्किल हुई। राजभवन से लगातार सरकार को कठघरे में खड़ा किया। लेकिन जब से सीवी आनंदा बोस राज्यपाल होकर गए हैं तब से पश्चिम बंगाल में शांति है। क्या ऐसी शांति झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों रहेगी? बिहार में राज्यपाल फागू चौहान और बिहार सरकार के बीच कई मुद्दों पर बड़ा टकराव रहा। खास कर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर। आरोप लगे थे कि राज्यपाल पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को लाकर भर रहे हैं। बाद में राज्य सरकार ने कुलपतियों की नियुक्ति के नियम बदले। नए बनने वाले विश्वविद्यालयों के लिए ऐसे नियम बनाए गए, जिनसे कुलपतियों की नियुक्ति में राजभवन की भूमिका समाप्त हो गई।

छत्तीसगढ़ और झारखंड में एक जैसा विवाद है। दोनों राज्यों में विधानसभा से पास किए गए विधेयक मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास लंबित हैं। छत्तीसगढ़ में तो मामला अदालत में पहुंच गया। राज्य सरकार ने आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल पास किया है। राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 76 फीसदी की गई है। इसका बिल राज्यपाल के पास लंबित है। दिसंबर में मंजूरी के लिए भेजे गए बिल पर राज्यपाल की स्वीकृति नहीं मिलने पर सरकार हाई कोर्ट में गई है, जहां राजभवन की ओर से कहा गया है कि किसी भी मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल को अदालत में पक्षकार नहीं बनाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में इस साल चुनाव हैं इसलिए राज्य सरकार जल्दी से जल्दी बढ़ा हुआ आरक्षण लागू करना चाहती है। इसी तरह का मामला झारखंड में भी है। वहां भी स्थानीयता कानून विधानसभा से पास हुआ है, जिसमें 1932 के खतियान वालों को मूलवासी मानने का प्रावधान है पर राज्यपाल ने बिल नहीं मंजूर किया। यहां तक वित्त विधेयक भी वापस लौटा दिया। दोनों राज्यों में सत्तारूढ़ दल उम्मीद कर रहे हैं कि नए राज्यपाल के आने से शायद स्थिति सुधरे।

## मतदान दिवस को ना समझें अवकाश दिवस

हमारे देश में पहले आम चुनाव से अब तक मतदाताओं की संख्या 17.32 करोड़ से बढ़कर 94.50 करोड़ हो चुकी है, लेकिन फिर भी मतदान प्रतिशत 67.40 फ़ीसद तक ही पहुंच पाया है। यानी आज हर तीसरा मतदाता वोट नहीं कर रहा है। यह प्रश्न ऐसे में और विचारणीय हो जाता है, जबकि इसी माह त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में तथा आगामी महीनों में छह अन्य प्रदेशों में चुनाव होने हैं तथा अगले वर्ष आम चुनाव भी हैं। इसके पीछे जो मुख्य वजह है, वह है शहरी वोटरों द्वारा इस दिवस को अवकाश दिवस के रूप में लेना। जैसे ही मतदान दिवस पर सरकार द्वारा अवकाश की घोषणा की जाती है, वैसे ही शहरों में निवास करने वाले काफ़ी लोग उस तिथि को शनिवार और रविवार के अवकाश से जोड़कर कहीं घूमने और मौज-मस्ती की तैयारी में जुट जाते हैं।

जो घूमने नहीं जा पाते, वे मतदान की लाइन में लगने से ज़्यादा अपना समय घर पर टीवी देखने में ही बिता देते हैं। ऐसे में यह वर्ग भूल जाता है कि मतदान करना उनका राष्ट्रीय कर्तव्य है, क्योंकि एक-एक वोट से मिलकर ही सरकार बनती है। हां यह वर्ग सत्तारूढ़ सरकार को कोसने में जरूर आगे रहता है, जबकि वह अपना यह हक तभी खो देता है, जब वह वोटिंग के लिए घर से बाहर नहीं निकलता। ग्रामीण अंचल के लोग अवश्य इसे एक पर्व के रूप में लेते हैं और बड़े उत्साह से सज-धज कर वोट करने निकलते हैं। पिछले आम चुनाव में तीस करोड़ मतदाताओं ने वोट ही नहीं किया। तात्पर्य लगभग 32 फ़ीसद वोटर की सरकार बनाने में भागीदारी ही नहीं रही। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए चुनाव आयोग से लेकर सभी बड़े राजनेता और प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा चुनाव से पहले लगातार वोट करने की अपील की जाती है। फ़िर भी तमाम राज्यों में यह प्रतिशत 50 से लेकर 70 प्रतिशत तक ही रहता है, जो कि एक लोकतंत्र में गंभीर चिंता का विषय है। चुनाव आयोग लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में उसने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के उपयोग की तैयारी शुरू की है। ऐसे में हर व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह भी अनिवार्य रूप से मतदान करे।

**रवि शंकर शर्मा**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

## प्रेरणाप्रद मोती



ज्ञान अमोघ शक्ति है, जिसके समक्ष सभी शक्तियां निष्प्रभ हो जाती हैं।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आप शांति से बिताएंगे। दिन के आरंभ में किसी कार्य को लेकर जल्दबाजी रहेगी दोपहर बाद लगभग सभी कार्यों को आराम से ही करेंगे।

**वृष :** आज के दिन आप आर्थिक मामलों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। व्यवसायी वर्ग किसी बड़ी योजना अथवा अनुबंध पर कार्य करेंगे।

**मिथुन :** आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियों वाला रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर सहयोग की कमी रहेगी।

**कर्क :** आपका आज का दिन सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप नए संबंध बनाने के साथ ही पुरानों को भी जोड़े रखने में व्यस्त एवं सफल रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में शुभ फल की प्राप्ति कराएगा परन्तु आज आप मन ही मन किसी गुप्त चिंता से बेचैन भी रहेंगे।

**कन्या :** आज के दिन आप बाहरी दुनिया को छोड़ अधिक समय अपने मे ही मस्त रहेंगे।

**तुला :** आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से ठीक नही। कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहने से जान कर भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरत सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज के दिन आपकी किसी के साथ श्रेष्ठ बनने की होड़ रहेगी इसमे कुछ हद तक सफल तो रहेंगे लेकिन सामाजिक क्षेत्र पर आपकी गलत छवि भी बन सकती है।

**धनु :** आज का दिन भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु सेहत का भी विशेष ध्यान रखना होगा।

**मकर :** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा मनोरंजन कम होगा। कार्य क्षेत्र पर काम अधिक रहने से दिनचर्या बिगड़ेगी परन्तु आर्थिक लाभ बीच-बीच मे होते रहने से खान पान का भी ध्यान नही रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन भी विपरीत फलदायी रहने से आपको विवेक से हर कार्य करने की सलाह है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे सहकर्मी बिना बोले सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे। जोखिम वाले कार्य शेयर सट्टे आदि से धन कोष में वृद्धि होगी।

# पाक में हिन्दू अल्पसंख्यकों की दुर्दशा क्यों?



आर.के. सिन्हा

पाकिस्तान में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा सकता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस क़ॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं।

यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं। शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया । दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षा मंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गए थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है।



> देश के बंटवारे के वक्त पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में ही सबसे अधिक खून खराबा हुआ था। शेख राशिद के खुद के शहर रावलपिंडी में मई, 1947 में ही जमकर हिन्दुओं और सिखों का कत्लेआम हुआ था। यहां के हिन्दू और सिख खासे सम्पन्न हुआ करते थे। वह आग आगे चलकर पंजाब के दूसरे बहुत से शहरों तक में फैल गई थी। फिलहाल उन जख्मों को फिर से हरा करने का वक्त नहीं है। लेकिन, इनकी भड़काऊ बयानबाजी के पीछे गंभीर मंशा लगती है। पिछले दिनों चौहान से पुलिस के कुछ अफसर हिकारत से बात कर रहे थे जब वे लाहौर में इमरान खान के घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान को सुनिश्चित करना होगा ताकि उसके नेता भारत या हिन्दू धर्म को लेकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। दोनों देशों के संबंधों में सुधार न होने के पीछे एक बड़ा कारण शेख राशिद, फवाद चौधरी तथा चौहान जैसे नेता ही रहे हैं। ये कुछ बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। इनकी जुबान पर ताला लगना चाहिए।

शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि "हम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है।" उनका एक वीडियों वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पुऱखे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगाएं तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है। शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो "पाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे।" गौर कीजिए कि ये सब मंत्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से ही आते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# पहले महमूद मदनी इतिहास तो पढ़ लेते !



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख महमूद मदनी का यह कहना, 'इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो बाहर से आया है, सरासर गलत और निराधार है। इस्लाम सभी धर्मों में सबसे पुराना धर्म है। इस्लाम भारत का ही मजहब है और सारे मजाहिद और सारे धर्मों में सबसे पुराना मजहब है। इस्लाम के आखिरी इसी दिन को मुकम्मल करने के लिए तशरीफ लाए थे।' बहुत आश्चर्य है ! एक नैरेटिव गढ़ने के लिए वे झूठ भी बोलते हैं तो इतनी सफाई से। जिस खुदा और उनके शब्दों में पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम(प्रोफेट मोहम्मद) का वे जो हवाल देते हैं, कम से कम अपनी नहीं तो अपने खुदा एवं अपने ईश्वर का तो बोलते वक्त ध्यान रख लेते?

देखा जाए तो इस समय नैरेटिव गढ़ने का दौर चल पड़ा है। कभी-कभी लगता है कि 21वीं सदी विकास के लिए कम नैरेटिव के लिए जरूर अधिक याद की जाएगी । आखिर अब 'ईसाइयत' के बाद सार्वजनिक मंच से 'इस्लाम' को भी झूठ के सहारे की आवश्यकता पड़ गई? ईसाइयत भी तो सेवा की आड़ में, झूठ के सहारे और प्रार्थना के नाम पर लोगों को गुमराह करती और मतान्तरण करवाती हुई अनेक स्थानों पर दिखाई देती है। इसी प्रकार लग रहा है, कुछ लोगों के माध्यम से इस्लाम को भी इस झूठ की आवश्यकता पड़ गई है कि कैसे वह अपनी दूसरे मत के बीच और अपने मत के मानने वालों के विश्वास को बनाए रखने का काम करे। दूर नहीं जाएं यह पिछली शताब्दियों की ही बात है, जब मैक्स मूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों के कारण भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ हुआ, इन्होंने भी अपने हित को देखते हुए एक नैरेटिव रचा और भारत के तथाकथित बुद्धिमान उसके चक्र में फंस गए। अंग्रेजों ने कहना शुरू किया, भारतीय इतिहास की शुरुआत सिंधु घाटी की सभ्यता से हुई है। फिर कहा कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे । आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट करके अपना राज्य स्थापित किया। 1500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया। अंततः समाज में यह भ्रांति फैलती गई की आर्यों ने दृविड़ों की सिंधु सभ्यता को नष्ट कर दिया। आर्य घोड़े पर सवार होकर आए और उन्होंने भारत पर आक्रमण कर यहां के लोगों पर शासन किया।

तात्पर्य 1500 ईसा पूर्व घोड़े के बारे में सिर्फ आर्य ही जानते थे। जबकि तथ्य यह है कि मध्य पाषाण काल का युग 9000 ईसा पूर्व से 4000 ईसा पूर्व के बीच था। इस काल में व्यक्ति शिकार करने के साथ ही पशुओं को पालने लगा था। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कोठारी नदी के किनारे बागोर और मध्यप्रदेश के नर्मदापुर जिले में नर्मदा नदी के पास आदमगढ़ में 9000 ईसा पूर्व से 4000 ईसा पूर्व के बीच के पाषाण अवशेष मिल चुके हैं जिनसे ज्ञात होता है कि उस काल में लोग धनुष बाण का उपयोग करने के साथ ही घोड़े की सवारी करते थे। अर्थात भारत में लोग नौ हजार ईसा पूर्व घोड़ों पर बैठकर शिकार किया करते थे। इससे स्पष्ट है कि कथित रूप से बताए गए आर्यों के काल से पूर्व ही भारतीय लोग घोड़ों पर बैठकर धनुष बाण से शिकार करते थे। लेकिन अंग्रेज यह भ्रम फैलाकर आगे दूसरे नैरेटिव गढ़ने में लग गए। आश्चर्य की बात है कि जिस इतिहास और शोध के दावों के आधार पर अंग्रेज इस "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" को गढ़ रहे थे, उसका कोई मूल तथ्य कभी प्रस्तुत नहीं कर पाए। इनमें से किसी ने कहा कि आर्य मध्य एशिया के रहने वाले थे, कोई इन्हें साइबेरिया, मंगोलिया, ट्रांस कोकेशिया या स्कैंडेनेविया का मूल निवासी बता रहा था। आर्य बाहर से यानी कहां से आए ? उसका कोई सटीक उत्तर कभी किसी के पास नहीं रहा, किंतु धारणा (नैरेटिव) तो धारणा है, एक बार मस्तिष्क में छप गई तो फिर क्या किया जा सकता है? दो शताब्दियां गुजर गईं इस झूठ को समझाने में कि आर्य जैसा कोई शब्द कभी विदेशियों के लिए रहा ही नहीं, जोकि भारत में बाहर से आकर कभी बसे हों। भाषा विज्ञान में आर्य का अर्थ उत्तम, पूज्य, मान्य, प्रतिष्ठित, धर्म एवं नियमों के प्रति निष्ठावान या श्रेष्ठ है। प्राचीन भारत में जो भी श्रेष्ठीजन थे, उन्हें आदर सूचक शब्द अर्थात आर्य कहकर संबोधित किया जाता था। आज यह बात पूरी तरह से सिद्ध भी हो चुकी है। किंतु सोचिए कितना वक्त लगा, कितनी ऊर्जा, श्रम, समय और सामर्थ्य सिर्फ इस तथ्य को प्रकाश में लाने और समझाने में लगा है कि "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" असत्य है।

> मदीना से ही इस्लाम को एक सम्प्रदाय या मजहब माना गया। मुहम्मद के जीवन काल में ही और उसके बाद जिन-जिन प्रमुख लोगों ने अपने आपको पैगंबर घोषित कर रखा था वो थे, मुसलमा, तुलैहा, अल-अस्वद, साफ इब्न सैय्यद और सजाह। बाद के समय में मुहम्मद साहब ने मक्का जीत लिया । यहां के सभी लोग इस्लाम में परिवर्तित हुए। फिर अरबों ने पहले मिस्र और उत्तरी अफ्रीका पर इस्लामिक विजय पाई, फिर बैजेन्टाइन तथा फारसी साम्राज्यों को हराया। यूरोप में तो उन्हें विशेष सफलता नहीं मिली, पर पूरब की दिशा में उनका साम्राज्य फैलता रहा । सन् 1200 तक वे भारत में पहुंच गए। इस्लाम का पूरा इतिहास आप उठाकर देख लें।

वास्तव में जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख महमूद मदनी भी आज बड़ी चालाकी से झूठी "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" की तरह यह धारणा बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि इस्लाम दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। इसमें भी गजब यह है कि खुले साक्ष्यों के बावजूद भी शब्दों का जादू दिखा रहे हैं। अब इससे जुड़ा इतिहास देखिए; मुहम्मद साहब का जन्म 570 ईस्वी में मक्का में हुआ था। उस समय तीन देवियों की पूजा होती थी, ये देवियां थीं, अल-लात, मनात और अल-उज्जा। इन तीनों देवियों का मंदिर मक्का के आस-पास ही स्थित थे और तीनों की काबा के भीतर भी पूजा होती थी। सारे अरब के लोग इन तीनों देवियों की पूजा करते थे। लगभग 613 ईस्वी के आसपास मुहम्मद साहब ने लोगों को अपने ज्ञान से परिचित कराया, यहीं से इस्लाम का आरंभ होता है। परवर्ती वर्षों में मुहम्मद साहब के अनुयायियों का मक्का के लोगों द्वारा विरोध करने पर उन्हें मदीना जाना पड़ा था, इस प्रस्थान को हिजरत नाम से मुस्लिम इतिहास में जाना जाता है।

## तुर्की में भीषण तबाही से हाहाकार



तुर्की और सीरिया में ऐसा जलजला आया कि अल सुबह की घड़ी में जो नींद में डूबे थे, वे हमेशा के लिए ही सो गए। धरती कांपी और कांपती रही। खौफ और मौत की दहशत के वे लम्हे कैसे रहे होंगे? भोर में 4.17 बजे भूकंप की तीव्रता 7.8 थी, जो सब कुछ लील गई। घर, मकान, भवन, स्मारक, अट्टालिकाएं, पेड़, बिजली के खंभे, गैस पाइपलाइन और हवाई अड्डे का रन-वे आदि, देखते ही देखते, ज़मींदोज हो गए। तुर्किए के 10 बड़े शहर 'मलबा' हो गए। जो बसेरे थे, वे खंडहर हो गए। मंगलवार सुबह तक जलजले ने 4365 जिंदगियां छीन ली थीं और 15,000 से ज्यादा घायल बताए गए थे। तुर्किए की 3470 से ज्यादा इमारतें ज़मींदोज हो चुकी हैं। जो जिंदा बचे हैं, उनके लिए बरबस ही 'भगवान' याद आते हैं-'जिसको राखे साइयां, मार सके ना कोय ।' जलजला एकबारगी नहीं था। तीन बार धरती भयावह रूप से कांपी।

अलबत्ता सोमवार की शाम तक तुर्किए और सीरिया के लोग 78 झटके महसूस कर चुके थे। तबाही और बर्बादी के बाद भी मंगलवार को भूकंप का कंपन महसूस किया गया। इन जलजलों ने तुर्किए को एक देश के तौर पर बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, क्योंकि तुर्किए गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वहां की मुद्रा का बेहद अवमूल्यन हो चुका है। देश पर भारी कजऱ् है। आम चुनाव 14 मई को होने थे, लेकिन विनाश के ऐसे दौर में उन्हें स्थगित किया जा सकता है। इस समय तुर्किए में बर्फीली और कंपा देने वाली सर्दी पड़ रही है। तापमान शून्य से भी नीचे है। ऐसे दौर में लोग बेघर और बर्बाद हुए हैं। उनकी जिंदगी कैसे चलेगी? बीते 3 सालों के दौरान यह तीसरा बड़ा भूकंप है और 24 सालों के दौरान वहां हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। विशेषज्ञ 100 सालों के दौरान इसे सबसे भयानक और तीव्र भूकंप मान रहे हैं। इसे 1939 के जलजले की पुनरावृत्ति भी माना जा रहा है, क्योंकि तब भी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.8 मापी गई थी। उसमें 30,000 से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण मौतें हुई थीं। वर्ष 1999 वाले भूकंप में भी करीब 18,000 लोग मारे गए थे, लिहाजा आशंका है कि मौत का आंकड़ा 'अकल्पनीय' स्तर तक बढ़ सकता है। बेशक तुर्किए सबसे खतरनाक भूकंप संवेदी देशों में गिना जाता है। वहां ऐसे जलजलों का इतिहास रहा है, लेकिन वह दुनिया के खूबसूरत देशों में भी शामिल है। यह अजीब विरोधाभास है। कुदरत ने एक ही झटके में तुर्किए को ध्वस्त कर बदरूप बना दिया। 'मलवे का ढेर' बना दिया। कितना बौना और असहाय है मनुष्य! वह चांद, मंगल ग्रह तक पहुंच सकता है, लेकिन जमीन के भीतर की करवटों और टकराहटों से नहीं जीत.. पाया है। इन जलजलों ने तुर्किए, सीरिया को ही तबाह नहीं किया, बल्कि लेबनान, साइप्रस, इराक, यूनान, डेनमार्क, इजरायल और फलस्तीन आदि देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहां के जान-माल के नुकसान के ब्योरे प्रतीक्षित हैं। तुर्किए में आपातकाल और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।. स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। बहरहाल ये तो सरकारी औपचारिकताएं हैं, लेकिन गंभीर चुनौती यह है कि अब जिंदगियां बचाने की जंग कैसे लड़ी जाएगी। सकारात्मक है कि अमरीका, यूरोपीय देशों से लेकर भारत तक ने सहयोग और मदद के हाथ बढ़ाए हैं। भारत ने एनडीआरएफ की 100 सदस्यीय टीमों के साथ डॉग दस्ता, मेडिकल टीम और जरूरी दवाएं भेजी हैं ।

**अजय दीक्षित**

## प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी का ज्ञान कल्याणक

भगवान ऋषभदेव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर का अर्थ होता है जो तीर्थ की रचना करें। जो संसार सागर (जन्म मरण के चक्र) से मोक्ष तक के तीर्थ की रचना करें, वह तीर्थंकर कहलाते हैं। ऋषभदेव जी को आदिनाथ भी कहा जाता है। भगवान ऋषभदेव वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं।

जैन पुराणों के अनुसार अन्तिम कुलकर राजा नाभिराज के पुत्र ऋषभदेव हुये। भगवान ऋषभदेव का विवाह नन्दा और सुनन्दा से हुआ। ऋषभदेव के 100 पुत्र और दो पुत्रियाँ थी।उनमें भरत चक्रवर्ती सबसे बड़े एवं प्रथम चक्रवर्ती सम्राट हुए जिनके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। दूसरे पुत्र बाहुबली भी एक महान राजा एवं कामदेव पद से बिभूषित थे। इनके आलावा ऋषभदेव के वृषभसेन, अनन्तविजय, अनन्तवीर्य, अच्युत, वीर, वरवीर आदि 98 पुत्र तथा ब्राम्ही और सुन्दरी नामक दो पुत्रियां भी हुई, जिनको ऋषभदेव ने सर्वप्रथम युग के आरम्भ में क्रमशः लिपिविद्या (अक्षरविद्या) और अंकविद्या का ज्ञान दिया।बाहुबली और सुंदरी की माता का नाम सुनंदा था। भरत चक्रवर्ती, ब्रह्मी और अन्य 98 पुत्रों की माता का नाम यशावती था। ऋषभदेव भगवान की आयु 84 लाख पूर्व की थी जिसमें से 20 लाख पूर्व कुमार अवस्था में व्यतीत हुआ और 63 लाख पूर्व राजा की तरह।जैन ग्रंथो के अनुसार लगभग 1,000 वर्षो तक तप करने के पश्चात ऋषभदेव को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ऋषभदेव भगवान के समवशरण में निम्नलिखित व्रती थे :

84 गणधर,22 हजार केवली,12,700 मुनि मनः पर्ययज्ञान ज्ञान से विभूषित ,9,000 मुनि अवधी ज्ञान से
4,750 श्रुत केवली, 20,600 ऋद्धि धारी मुनि, 350,000 आर्यिका माता जी, 300,000 श्रावक

हिन्दु ग्रन्थों में वर्णन

वैदिक दर्शन में, अथर्ववेद वा पुराणों कुछ ग्रंन्थो मे ऋषभदेव का वर्णन आता है । वैदिक दर्शन में ऋषभदेव को विष्णु के 24 अवतारों में से एक के रूप में संस्तवन किया गया है। भागवत में अर्हन् राजा के रूप में इनका विस्तृत वर्णन है। श्रीमद्भागवत् के पाँचवें स्कन्ध के अनुसार मनु के पुत्र प्रियव्रत के पुत्र आग्नीध्र हुये जिनके पुत्र राजा नाभि (जैन धर्म में नाभिराय नाम से उल्लिखित) थे। राजा नाभि के पुत्र ऋषभदेव हुये जो कि महान प्रतापी सम्राट हुये। भागवत पुराण अनुसार भगवान ऋषभदेव का विवाह इन्द्र की पुत्री जयन्ती से हुआ। इससे इनके सौ पुत्र उत्पन्न हुये। उनमें भरत चक्रवर्ती सबसे बड़े एवं गुणवान थे ये भरत ही भारतवर्ष के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट हुए;जिनके नाम से भारत का नाम भारत पड़ा ।उनसे छोटे कुशावर्त, इलावर्त, ब्रह्मावर्त, मलय, केतु, भद्रसेन, इन्द्रस्पृक, विदर्भ और कीकट ये नौ राजकुमार शेष नब्बे भाइयों से बड़े एवं श्रेष्ठ थे।

> अन्य नाम आदिनाथ, ऋषभनाथ, वृषभनाथ,शिक्षाएं अहिंसा, अपरिग्रह
> **गृहस्थ जीवन---** वंश इक्ष्वाकु,पिता नाभिराज ,माता महारानी मरुदेवी
> पुत्र भरत चक्रवर्ती, बाहुबली और वृषभसेन,अनन्तविजय,अनन्तवीर्य आदि 98 पुत्र
> पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी
> पंचकल्याणक
> जन्म १०२२४ वर्ष पूर्व,जन्म स्थान अयोध्या,मोक्ष माघ कृष्ण १४,मोक्ष स्थान कैलाश पर्वत
> लक्षण –रंग स्वर्ण,चिन्ह वृषभ (बैल) ,ऊंचाई ५०० धनुष (१५०० मीटर)
> आयु ८,४००,००० पूर्व (५९२.७०४ × १०१८ वर्ष)
> शासक देव, यक्ष– गोमुख देव,यक्षिणी –चक्रेश्वरी
> भगवान ऋषभदेव जी की एक ८४ फुट की विशाल प्रतिमा भारत में मध्य प्रदेश राज्य के बड़वानी जिले में बावनगजा नामक स्थान पर है और मांगीतुंगी (महाराष्ट्र ) में भी भगवान ऋषभदेव की 108 फुट की विशाल प्रतिमा है। उदयपुर जिले का एक प्रसिद्ध शहर भी ऋषभदेव नाम से विख्यात है जहां भगवान ऋषभदेव का एक विशाल मंदिर तीर्थ क्षेत्र विद्यमान हैं जिसमें ऋषभदेव भगवान की एक बहुत ही मनोहारी सुंदर मनोज्ञ और चमत्कारी प्रतिमा विराजमान है जिसे जैन के साथ भील आदिवासी लोग भी पूजते हैं।

**लेखक - विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हमारे हौसले भी किसी डॉक्टर से कम नही होते है, क्योंकि हौसले भी हर तकलीफ में ताकत की दवा देते है।

# पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

## तीन बदमाशों को पुलिस ने लिया हिरासत में, एक के पैर में लगी गोली जांच में जुटी पुलिस

भास्कर ब्यूरो



**वृंदावन।** मथुरा पुलिस इन दिनों अपराध पर रोकथाम लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने में जुटी हुई है। सोमवार की देर रात्रि को वृंदावन के रतन छतरी क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से अपराधियों को पकड़ने के लिए वृंदावन पुलिस छापामार कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पकड़ने की जद्दोजहद में जुटी हुई थी।

इसी दौरान मंगलवार की देर रात्रि को वृंदावन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की हत्या करने वाले अपराधी जिला छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं। वही वृंदावन के पवनहंस हैली पैड परिसर के समीप वृंदावन पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। जिसके बाद वृंदावन पुलिस और बदमाशों की आपस में मुठभेड़ हो गई। जिस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और साथ ही दो और अपराधियों को वृंदावन पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

वही गिरफ्तार किए गए अपराधियों में अमित कुंतल पुत्र वीरपाल सिंह निवासी को कौकेरा थाना छाता, भानु प्रताप सारस्वत पुत्र वीरेंद्र कुमार सारस्वत निवासी द्वारकापुरी कंकाली मंदिर के पास थाना कोतवाली मथुरा, राकेश पुत्र गुडडू नाथ निवासी नगला सपेरा राधाकुंड थाना गोवर्धन को वृंदावन पुलिस ने हिरासत में लिया है। वही मौके से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, एक तमंचा, कुछ कारतूस व अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

वही इस मौके पर मौजूद मथुरा के एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने कहा कि सोमवार की देर रात्रि को रतन छतरी क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से पुलिस के द्वारा लगातार छापे मारकर अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही थी।

इसी दौरान मंगलवार की देर रात्रि को बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई और एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। साथ ही उसके दो अन्य साथियों को भी मौके से हिरासत में ले लिया गया है। घायल अपराधी को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भेज दिया गया है। साथ ही तीनों अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# व्यापारियों को एसडीएम और सीओ ने दिया सुरक्षा का भरोसा



**सौंख (भास्कर ब्यूरो)।** आगामी माह में त्यौहारों को देखते हुए एसडीएम व सीओ गोवर्धन ने थाना मगोर्रा परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक की और त्यौहार पर सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होने व्यापारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। एसडीएम कमलेश गोयल व सीओ राम मोहन शर्मा ने कहा कि त्यौहारों पर पुलिस व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। त्यौहार पूरे हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे। उन्होंने व्यापारियों को भी बाजार की व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। एसओ मगोर्रा मनिंदर सिंह ने कहा कि त्यौहारों पर असामाजिक तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा। बाजार में पुलिस गहनता से नजर रखेगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी संदीप सिंह, एसआई संतोष कुमार, प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह, सराफा कमेटी के अध्यक्ष रोहताश वर्मा, योगेश लंबरदार, वेदपाल प्रधान,सोनू प्रधान, दौलत सिंह प्रधान, दानवीर, भगत सिंह सभासद, दीपक राव, भूपाल सिंह, अर्जुन सिंह, सुनील, राजेश सिंह,आदि उपस्थित थे।

## सार सुर्खियां

### दयानन्द सरस्वती की दूसरी जन्मशताब्दी मनाई



**मथुरा (भास्कर ब्यूरो)।** जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा मथुरा ने महर्षि दयानन्द सरस्वती की दूसरी जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया, साथ ही प्रवचनों के माध्यम से सभी को लाभान्वित किया। मुख्य वक्ता विपिन बिहारी आर्य ने कहाकि महर्षि दयानन्द उन महापुरूषों में प्रथम थे जहां विदेशी रज्य की तूती बोलती थी। उस समय स्वतंत्रता और स्वदेशी का संदेश दिया। स्वामी जी द्वारा किए गए कार्य अंधविश्वास, पाखंड, बाल विवाह, सती प्रथा, फूट, मृत भेज, मूर्तिपूजा आदि से गुलाम देश को बचाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्हों ने कई कृतियों की रचना भी की। उन्हीं से प्रेरित होकर हजारों डीएवी कॉलेज, गुरूकुल संस्थाओं की स्थापना की गई। डा.सत्यमित्र आर्य, वीरेन्द्र अग्रवाल, बृजकिशोर आर्य, प्रधान दान सिंह, मंत्री लाखन सिंह आर्य, सत्यप्रकाश गौतम, श्यौराज आर्य, प्रहलाद आर्य, पं.विपिन बिहारी आर्य, डा. अमन कुमार, डा. नीरज अग्रवाल आदि इस दौरान उपस्थित रहे।

### पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मथुरा (भास्कर ब्यूरो)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्रीजी नगर इकाई द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को गांव सतोहा में मंगलवार को देर रात्रि शांतनु कुंड पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थी परिषद श्रीजी नगर की इकाई के कार्यकताओं ने वीर सपूतों की याद में कैंडल मार्च निकालकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अभाविप तहसील संयोजक गौरव सैनी,महानगर सहमंत्री महेश शर्मा, संजय सैनी, रवि पंडित, राम सिंह, चीनू सैनी, अभिषेक, सौरभ, संजय, रवि शर्मा, रवि, नीतेश सैनी, देवा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने पुलवामा के शहीदो देश के अमर शहीदों की याद में मथुरा महानगर के शहीदे आजम भगत सिंह पार्क में शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व 151 दीप जलाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, महानगर महासचिव सुनील चैधरी, फैजान कुरैशी, तनवीर कुरेशी, पंडित सार्थक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### 18 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कोसीकलां (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस ने शाहपुर-बरचावली रोड से एक व्यक्ति को 18 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी एक्ट के तहत चालान कर उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह शाहपुर चैकी इंचार्ज सोनू भाटी ने मुखबिर की सूचना पर शाहपुर-बरचावली रोड से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 18 लीटर शराब बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश, निवासी बेढापट्टी, होडल हरियाणा के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी अभिनियम में कार्रवाई की है।

## सार सुर्खियां

### डकैती का वांछित गिरफ्तार



**मथुरा (भास्कर ब्यूरो)।** डकैती के मुकदमे में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी अपराधी नासिर पुत्र राजू उर्फ राजूद्दीन निवासी ग्राम बिसरू थाना पुन्हाना जिला नूंह (मेवात) हरियाणा को पुलिस ने बरसाना चैराहा कस्बा छाता से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा बरामद दिखाया है। महेन्द्र कुमार पुत्र स्व. उगमारामजी ग्राम जेठाना थाना मागलियावास जिला अजमेर (राजस्थान) की लिखित तहरीर के आधार पर 24 जून 2022 को ट्रेलर ट्रक को गुलशन ढाबा एनएच0 19 से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छीन लेने के सम्बन्ध में थाना छाता पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना का खुलासा करते हुए आमिर खान पुत्र रहमत निवासी आकेडा थाना सदर नूह जिला नूह हरियाणा, अजरुद्दीन उर्फ अजरू उर्फ अज्जू पुत्र आजाद निवासी घघवाडी थाना कैथवाडा जिला भरतपुर राजस्थान, मुरशलीम उर्फ हुक्मी पुत्र मकशुद उर्फ सुन्दर गांव जैमत थाना पुन्हाना जिला नूह मेवात हरियाणा, साहून पुत्र रहमुद्दीन निवासी धौज थाना धौज जिला फरीदाबाद हरियाणा व इकराम पुत्र इलियास निवासी ग्राम जैमत थाना पुन्हाना जिला नूंह हरियाणा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**कोसीकलां (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोट में पेश किया है। मंगलवार की देर शाम कोटवन चैकी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान इण्डस्ट्रीज ऐरिया में एक संदिग्ध युवक उनको आता दिखाई दिया। जिसको रोककर उन्होंने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम धर्मवीर पुत्र राजेंद्र, निवासी गांव मांगरौल, थाना अछनैरा, आगरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# डरा रहीं चौबियापाड़ा के मकानों आई दरारें

## अंडर ग्राउंड पानी की पाइप लाइन को लोग मान रहे इसके लिए जिम्मेदार

भास्कर ब्यूरो

**मथुरा।** चौबिया पाडा क्षेत्र का दौरा कर फटे मकानों को देखा। चौबिया पाड़ा स्थित गली महोली की पौर में मकानों के फटने का सिलसिला लम्बे समय से चल रहा है। गली महोली की पौर में नए मकानों में दरार आ रही है। महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के निवर्तमान महानगर महासचिव सुनील चैधरी का कहना है कि महोली की पौर में मकान एक के ऊपर एक आ चुके हैं।

स्थानीय निवासियों ने नए मकानों में मरम्मत भी कराई लेकिन मकानों का फटना बंद नहीं हुआ। इस गली में मकान बुरी तरह से फट रहे हैं। जिससे स्थानीय निवासियों में डर का माहौल है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी का कहना है कि चैबिया पड़ा क्षेत्र में अंग्रेजों के जमाने की अंड्र ग्राउंड पाइपलाइन पड़ी हुई है। वह पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है पाइप लाइनों का पानी जमीन में मरता है। चैबिया पाडा क्षेत्र की गलियों में अंड्र ग्राउंड विद्युत लाइन के लिए खुदाई की गई थी, इसके बाद हालात और खराब हुए हैं। ग्राउंड पाइप लाइन का पानी जमीन में मर रहा है जिसकी शिकायत अनेकों बार नगर निगम, जिला प्रशासन से स्थानीय लोग कर चुके हैं। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार राही का कहना है कि स्थानीय निवासियों में भय का माहौल व्याप्त है। पूरे चैबिया पाडा क्षेत्र में मकानों के फटने का सिलसिला निरंतर जारी है। स्थानीय निवासियों ने अनेकों बार अपने घरों की मरम्मत करा ली लेकिन मकान फटने का सिलसिला बंद नहीं हुआ। चैबिया पाड़ा टीले पर बसा हुआ है। इस क्षेत्र में अंडर ग्राउंड बिजली लाइन की जरूरत नहीं थी लेकिन विद्युत विभाग ने चैबिया पाडे में विद्युत लाइन डालकर पूरे एरिया को बर्बाद कर दिया है।



**स्थानीय निवासी बोले अंडर ग्राउंड बिजली की लाइन डालने की नहीं थी जरूरत**

### पति सहित आठ पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**कोसीकलां (भास्कर ब्यूरो)।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव दहगांव निवासी हरी पुत्र राम खिलाडी ने अपनी पुत्री ललिता की शादी 2016 में गांव खिरवी, थाना होडल हरियाणा निवासी प्रहलाद पुत्र गोपाल के साथ की थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए पुत्री को प्रताडित करने लगे थे। दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। पीडित पिता ने प्रहलाद पति, सुखवीरी सास, राजवीर, रामदयाल चचिया ससुर, अशोक जेठ निवासी खिरवी, थाना होडल, हेमवती ननद, राजवीर ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीडन में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंदरों के लिए आशियाने बने प्रकाश देने वाले खंभे

भास्कर ब्यूरो

**वृंदावन।** कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में विश्व बैंक के द्वारा कान्हा की नगरी को और भी आकर्षक बनाने के लिए एक नए तरीके के विद्युत खंभों को जगह जगह लगाया गया है। साथ ही उनके ऊपर बंदरों के बचाव से हेतु प्लास्टिक के कांटे भी लगाए गए हैं। आपको बता दें कि इस काम को करने के लिए करोड़ों की लगात का खर्चा भी किया गया है, लेकिन ब्रज वासियों की मानी जाए, तो यह खंभे बंदरों के रहने के लिए उनके आशियाने बन चुके हैं।

क्योंकि देखा जाए, तो दिखावटी बने हुए हैं। इन खंभों से प्रकाश तो नहीं आता है, बल्कि बंदरों ने इनको बारिश और धूप से बचाव के लिए अपना आशियाना बना लिया है। जगह-जगह लगे हुए यह खंभे क्षतिग्रस्त हालत में पड़े हुए हैं। ब्रज वासियों ने बताया कि यह खंभे प्रकाश नहीं देते हैं, बल्कि सड़क पर जगह और घेरे हुए हैं। वृंदावन को आकर्षक और सुंदर बनाने के लिए सरकार के द्वारा कई सारी योजनाएं तो तैयार की जाती है, लेकिन वह सब दिखावटी बनी हुई है।

**करोड़ों की लगात खर्च कर वृंदावन में लगाए गए थे, आज खस्ता हाल में**



# कानपुर देहात घटनाः मथुरा में कांग्रेस का प्रदर्शन

## कोई सरकार का विरोध करता है तो उसे तानाशाही तरीके से कुचला जाता हैः वर्मा

भास्कर ब्यूरो



**मथुरा।** कानपुर देहात इलाके के गांव चालहा में मंगलवार को हुई घटना के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने मथुरा में प्रदर्शन किया। सरकार पर अहंकारी होने का आरोप लगाया और सरकार का जनता से कोई सरोकार नहीं रह जाने की बात कही। घटना के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी, प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना दिया गया। राष्ट्रपति के नाम उत्तर प्रदेश सरकार को अति शीघ्र बर्खास्त किए जाने हेतु ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। धरने के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के द्वारा कहा गया के एक तरफ तो सरकार नारा देती है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वहीं दूसरी ओर मां बेटी की हत्या हो रही है। यह सरकार गरीब, ब्राह्मण, पिछड़े, दलित व महिला विरोधी है। चाहे हाथरस का प्रकरण हो, चाहे उन्नाव का प्रकरण हो या फिर कानपुर का प्रकरण हो हर जगह मां बेटी की ही हत्या हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार अपने घमंड में इस तरह मदहोश है कि आम जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि कोई सरकार का विरोध करता है तो उसे तानाशाही तरीके कुचला जाता है। अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर विरोध करने के बाबजूद इस बात का ज्ञान होने पर भी कि मां बेटी जो झोपड़ी के अंदर हैं फिर भी एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए अपनी मौजूदगी में बुलडोजर से झोपड़ी को गिरा दिया। जिससे उसमें आग लग गई और इनत माम लोगों की मौजूदगी में मां बेटी को झोपड़ी में जलाकर मार गईं। धन्ना ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय एड., जिला महामंत्री बृजेश कुमार शर्मा एड., मनोज कुमार शर्मा, युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, प्रदीप सागर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरीश पचैरी, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रवि कुमार तमर, प्रवीण भास्कर, निशिका सिंह, रमेश कश्यप, पंडित अशोक शर्मा, भोलेनाथ, मीरा देवी, अजीत सैनी, आवाद मोहम्मद, उमाम अली, अखलाक चैधरी, रामदेव सोलंकी, सोवरन सिंह सोलंकी, डॉक्टर यशवीर सिंह आदि थे।

# जाने अनजाने में हुई त्रुटि का होगा सुधार

## बृज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष पहुंचे सोनई के लहचोर वन

भास्कर ब्यूरो

**राया :** सोनई में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग को लेकर चल रहे धरने के दसवें दिन ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, अपनी सर्वेक्षण टीम के साथ धरना स्थल लहचोर वन पहुंचे। वहां बड़ी संख्या में उपस्थित महिला पुरुष अनशनकारियों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। वही शैलजाकांत मिश्र ने भी पुष्प वर्षा कर अनशनकारियों का सम्मान किया। इस दौरान महिला संघर्ष समिति की अध्यक्ष प्रभा पाराशर ने शेलजाकान्त मिश्रा को राखी बांध अपना भाई बनाया। उपाध्यक्ष शेलजाकान्त मिश्रा ने कहा कि सोनई बृज चौरासी का हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जाने अनजाने में यदि कोई चूक हुई है तो ग्रामीणों के विरोध व मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इसमें सुधार किया जाएगा। इस दौरान राजवीर सिंह, मुनीश कुमार, हरिओम फौजी, बलवीर सिंह, गंगाधर वर्मा, लक्ष्मण सिंह, सत्यवती, प्रभा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### आज हो जाएगा अनशन समाप्त

सोनई के लहचोर वन में चल रहा अनशन 10 दिन तक अनवरत चला। अनशन के दसवें दिन बृज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शेलजाकान्त मिश्र ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वह पूर्व की भांति परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए तैयार रहें। इसके बाद समिति के सदस्यों ने बताया कि संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कौशिक उपस्थित नहीं थे। उनके वापस आते ही गुरुवार को अनशन समाप्त कर दिया जायेगा।

### अनशन को मिला था समर्थन

सोनई के लहचोर वन पर पुरानी परिक्रमा मार्ग की बहाली को लेकर चल रहा अनशन लगातार 10 दिन तक चला। इस दौरान विभिन्न स्थानीय व सामाजिक संगठनों ने सोनई पहुँचकर अनशन को समर्थन देने की घोषणा की थी। वहीं उपाध्यक्ष शेलजाकान्त के पहुंचने के बाद अनशन में बैठे लोग संतुष्ट दिखाई दिए व ग्रामीणों में भी खुशी की लहर देखी गयी।

### त्यौहारों को लेकर तैयारी में जुटा नगर निगम

**मथुरा।** महा शिवरात्रि एवं रंगभरनी एकादशी पर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम मथुरा वृन्दावन की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को अपर नगर आयुक्त क्रान्ति शेखर सिंह की अध्यक्षता में मिटिंग आयोजित की गयी थी। जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त द्वारा विभागवार कर्मचारियों को अपने अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देशित किया गया। इस बैठक के उपरान्त लवकुश गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त द्वारा वृन्दावन नगर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत सड़क किनारे एवं नाले पर उपर ढकेल एवं खोका लगाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये ढकेल आदि साम्रगी जब्त कर ली गयी। इसके अतिरिक्त अतिक्रमणकर्ता को चेतावनी दी गई कि भविष्य में अतिक्रमण पाये जाने पर सामान जब्तीकरण के साथ साथ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त लवकुश गुप्ता, हरिकृष्ण गुप्ता, कर अधीक्षक पदम सिंह, परिवर्तन प्रभारी सौरभ अग्रवाल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चन्द, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तनाव प्रबंधन एवं उत्कर्ष पथ प्राप्ति विषय पर हुई गोष्ठी

## केआर कॉलेज में हरे कृष्णा भक्ति योग सोसाइटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

**मथुराः** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे "हरे कृष्ण भक्ति योग सोसाइटी" द्वारा तनाव प्रबंधन एवं उत्कर्ष पथ प्राप्ति विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यकम के मुख्य वक्ता श्रीपद रोहिणी नंदन दास रहे। संचालन व्यवस्था अनंत दास पांडेय ने संभाली।

संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामदत्त मिश्रा ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए तनाव प्रबंधन में गीता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

आचार्य जय कृष्ण दास, विश्वरूप दास, जमुना प्रसाद दास, मुनि दास, राजेश कृष्ण दास एवं अनंत धाम दास ने व्यवस्था संभाली प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कर्म एवं फल के संबंध पर प्रकाश डाला तथा सभी को तनाव मुक्त रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवायोजना (एन.एस.एस.) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अशोक कौशिक वं डॉ. नवीन अग्रवाल, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ . (लेफ़्टिनेंट) कपिल कौशिक, प्रोफेसर शालिनी सक्सेना, प्रोफेसर शशि किरण, प्रोफेसर(डॉ) राजेश अग्रवाल, प्रोफेसर निशा राठौर, प्रोफेसर सुलेखा जादौन, प्रोफेसर कामना पंड्या, डॉ राजेश गौतम, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ राजेश सारस्वत, डॉ पंकज शर्मा, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ रामदत्त मिश्रा,डॉ ममता रानी कौशिक, डॉ विजय आनंद, अरुणेश ओझा, हिमांशु, डॉ शिव प्रसाद, अशोक पुष्कर, डॉ शिव कुमार मौर्य, भावना चौहान, अनुराधा, साधना, एनसीसी मुख्यालय से सूबेदार बलकार सिंह, नायाब सूबेदार रोहित रेका, हवलदार सूर्य बहादुर देवकोटा, आलोक मिश्र, संजय लवानिया, मुकेश, नितिन, हीरालाल, प्रवेश, विजय बहादुर ने भी कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया।



# आगरा की संस्कृति से रूबरू होंगे पूर्वोत्तर के छात्र

## एबीवीपी के सील टूर के माध्यम से तीन दिन आगरा में गुजारेंगे पूर्वोत्तर के विद्यार्थी

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रचनात्मक और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण में विश्वास रखते हुए राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक परिपेक्ष्य में निरन्तर कार्यरत है। अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन भी 1966 में परिषद द्वारा प्रायोजित प्रकल्प है। जो राष्ट्रीय एकात्मता को बढ़ावा देता है और हमारे महान राष्ट्र के सुदूर क्षेत्रों के लोगों में एकता को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। एक राष्ट्र-एक जन-एक संस्कृति हमारा मूलमंत्र है। एबीवीपी का ध्येय सीमावर्ती क्षेत्रों/सुदूर क्षेत्रों और भारत के अन्य हिस्सों के बीच संवाद स्थापित करना और एक दूसरे के प्रति जागरूकता पैदा करना है। हमें अनुभव है कि अनुभूति ही व्यक्तियों में अपनत्व का भाव जगाता है एवं प्रबोधन दृढ़विश्वास जागृत करता है। इसलिए हमारे लिए एकता और अखंडता केवल नारा नहीं है, इसे पूरा करना हमारी प्रतिबद्धता है। उत्तर पूर्व के हजारों छात्रों ने भारत के अन्य क्षेत्रों में कई स्थानों का दौरा किया। स्थानीय परिवारों में रहकर संस्कृति की एकता का अनुभव किया।

कुछ ऐसे भी उदाहरण है। जहां अगली पीढ़ियों तक के लिए अपने घर से दूर भी एक घर बन गया।

### हर वर्ष आयोजित की जाती है राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा

इस वर्ष राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा (फरवरी-2023) गुवाहाटी में 1 फरवरी से ओरिएंटेशन कैंप से शुरू होकर देश के विभिन्न प्रांतों में 16 अलग अलग मार्गों से होकर 20 फरवरी को गुवाहाटी में अनुभव कथन के साथ संपन्न होगी। एक यात्रा 4 अलग अलग राज्यों में अलग अलग स्थानों पर जाएगी। पूरे यात्रा में कुल 480 पूर्वोत्तर के जनजाति छात्र- छात्राएं भाग लेंगे। यह यात्रा कुल 22 राज्यों के 64 स्थानों पर जाएगी। इस वर्ष 18-20 वर्ष आयु वर्ग के एक्छ प्रतिनिधि (छात्र-छात्रा) राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के अन्तर्गत 15 फरवरी से 18 फरवरी 2023 को आगरा में प्रवास करेंगे।

### सुग्रीव सिंह चौहान बने स्वागत समिति के अध्यक्ष



समाजसेवी सुग्रीव सिंह चौहान को एबीवीपी के सील टूर के दौरान आयोजित होनी वाली सांस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए स्वागत समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि सील टूर में आने वाले प्रतिनिधियों का नागरिक अभिनंदन समारोह 17 फरवरी को आरबीएस कॉलेज के राव कृष्ण पाल सिंह सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय होंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से एबीवीपी की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी करेंगी। इस कार्यक्रम का स्वागत समिति अध्यक्ष सुग्रीव सिंह चौहान को बनाया गया है। इनके अलावा राहुल चौधरी को स्वागत समिति महामंत्री बनाया गया।

# प्रेम संबंध में हुई युवक की हत्या

## कलवारी में हुई हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** 11 फरवरी को जगदीशपुरा क्षेत्र के कलवारी में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिसमें बताया गया कि युवक की हत्या उसके रिश्तेदार के बेटे ने अपनी छोटी बहन के साथ नरेंद्र के अवैध संबंधों के शक के चलते की। पुलिस ने युवती के भाई और उसके एक साथी सत्यवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को थाना जगदीशपुर क्षेत्र के कलवारी में सरसों के खेत में एक युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई थी। बुधवार को डीसीपी विकास कुमार ने प्रेस वार्ता के जरिए इस हत्या का खुलासा कर दिया, जिसमें जानकारी मिली कि युवक की हत्या प्रेम संबंधों के शक के चलते की गई थी। पहले शराब पिलाई और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। डीसीपी विकास कुमार ने बताया कि नरेंद्र के पिता दिनेश और अपराधी रूप बसंत के पिता दोनों रिश्तेदार हैं। रूप बसंत के घर में नरेंद्र का आना जाना था, ऐसे में उसे शक हुआ कि उसकी छोटी बहन से उसके अवैध संबंध है। और इन्हीं अवैध संबंधों के शक के चलते उसने नरेंद्र की हत्या कर दी।

## नहरों में टेल तक छोड़ा जाये पानी

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने नहरों में जल्द पानी छोड़ने और विद्युत विभाग द्वारा की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। वहीं किसानों ने किसान दिवस में आज तक जिलाधिकारी एवं सी डी ओ के नहीं आने पर भी आक्रोश जताया। भारतीय किसान संघ प्रदेश मंत्री मोहन सिंह चाहर ने कहा कि अविलम्ब नहरों में टेल तक पानी छोड़ा जाय। गेंहू की फसल में अंतिम पानी लगना है समय पर पानी नहीं मिला तो फसल में नुकसान हो जायेगा। किसान संघ नेता मोहन सिंह चाहर ने नाराजगी जताते हुए किसानों का उत्पीड़न बंद करने की चेतावनी दी है।

# 4 वाहन चोर किए अरेस्ट, 10 मोटरसाइकिलें बरामद

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** थाना सिकन्दरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 10 मोटरसाइकिलें, तमंचा समेत चोरी का अन्य सामान बरामद किया गया है। सिकंदरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैला देवी चौराहे से चेकिंग करते समय पहले चोरी की बाइक समेत 2 आरोपी गिरफ्तार किए। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर 2 अन्य आरोपियों भी गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 10 मोटरसाइकिलें, 1 तमंचा, 2 मास्टर चाबी, 1 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद हुई है। गैंग पिछले 1 वर्ष से अधिक समय से सक्रिय था। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दो पहिया वाहनों की चोरी करता था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अमित शर्मा उर्फ पण्डित, विक्की दिवाकर, वंशी उर्फ अरुण एवं लोकेश बताया। गिरफ्तार आरोपी अमित शर्मा उर्फ पण्डित पुत्र किशन निवासी सिल्वर रुनकता थाना सिकन्दरा, विक्की दिवाकर पुत्र शिवचरन दिवाकर निवासी श्रीजीपुरम थाना सिकन्दरा, वंशी उर्फ अरुण पुत्र करनवीर निवासी शिवाला खुर्द थाना- खैर, अलीगढ़ हाल पता श्रीजीपुरम थाना सिकन्दरा, लोकेश पुत्र चिम्मन सिंह निवासी मुरैण्डा थाना सिकन्दरा का रहने वाला है।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**किरावली (भास्कर ब्यूरो)।** बुधवार को भरतपुर से आगरा की तरफ लौट रहे बाइक सवार महेश उम्र 40 वर्ष पुत्र वेदप्रकाश चौधरी निवासी गांव करेनुआ थाना कुम्हेर भरतपुर और 70 वर्षीय मांगेलाल पुत्र रामजीलाल निवासी वैमन थाना कागारौल को आगरा जयपुर हाईवे पर जाजऊ कट के समीप आगरा से फतेहपुर सीकरी की तरफ जाते तेज रफ्तार अज्ञात डम्पर ने टक्कर मार दी। और मौका पाकर डम्पर चालक डम्पर सहित फरार हो गया। टक्कर लगने से मौके पर ही बाइक सवार वृद्ध मांगेलाल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना किरावली पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया तथा गंभीर रूप से घायल महेश को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के पुत्र रामवीर सिंह ने अज्ञात ट्रक के विरुद्ध तहरीर दी है।

## बाइक-साइकिल टकराईं, दो घायल

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत राजाखेड़ा मार्ग पर गांव सांवल दास पुरा के पास बाइक और साइकिल में भिड़ंत हो गई जिन पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रामवीर उम्र 45 वर्ष निवासी साबरायपुरा बाह बाइक द्वारा मंगलवार की रात अपनी रिश्तेदारी गांव गुरावली जा रहे थे। सांवल दास पुरा निवासी मुरारी उम्र 35 वर्ष अपनी साइकिल से खेत पर जा रहे थे। तभी राजाखेड़ा मार्ग सांवल दास पुरा के पास बाइक और साइकिल में भिड़ंत हो गई। जिन पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए उन्होंने तत्काल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु घायलों को हायर सेंटर आगरा के लिए रेफर कर दिया।

## किसान की बाइक हुई चोरी

**फतेहपुर सीकरी (भास्कर ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी नहर से ग्राम सिकरौदा की ओर जाने वाले नहर पटरी मार्ग ऊंदेरा पुल के समीप खेतों में पानी दे रहे किसान की मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर पलक झपकते ही चुरा ले गए पीड़ित के सामने थाना सीकरी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर दी है। ग्राम ऊंदेरा निवासी किसान ओमवीर सिंह ने थाना पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने भतीजे दिनेश के साथ खेतों में पानी दे रहा था मोटरसाइकिल नहर की पटरी पर खड़ी थी तभी पलक झपकते ही अज्ञात चोर मोटरसाइकिल को चुरा ले गए पुलिस ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# डॉ. राजेन्द्र हुए होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** ताजनगरी के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. राजेन्द्र सिंह को होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित से सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्हें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन मध्य भारत का संयुक्त सचिव भी नियुक्त किया गया है। बीते दिनों हरियाणा के पंचकुला में आयोजित 26 वीं राष्ट्रीय होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस में देश विदेश के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भाग लिया। 26 वीं राष्ट्रीय होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में आए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचन्द गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं देश विदेश से भाग लेने आए चिकित्सकों ने 52 चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों पर किए गए शोधपत्रों को भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचन्द गुप्ता ने आगरा निवासी डा. राजेन्द्र सिंह को होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन की ज्यूरी ने डा. राजेन्द्र को आईआईएसपी का मध्य भारत का संयुक्त सचिव पद की भी जिम्मेदारी सौंपी है। दो दिनों तक चली कॉन्फ्रेंस में देश, विदेश से करीब एक हजार होम्योपैथिक चिकित्सकों व छात्रों ने भाग लिया। बतादें कि डॉ. राजेंद्र सिंह पिछले तीस वर्षो से होम्योपैथिक चिकित्सा के जरिए अपनी उत्कृष्ठ छवि बनाए हुए हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन की आगरा यूनिट का दायित्व संभाल रहे थे।

### पंचकुला में हुई राष्ट्रीय होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस

डा. राजेन्द्र को मिली इस उपलब्धि को लेकर आईआईएचपी के अध्यक्ष डा. एमए राव, पदमश्री डा. वीके गुप्ता, सचिव डा. रविंद्र कोचर, कॉन्फ्रेंस चेयर मैन डा. हर प्रकाश शर्मा, डा. मुख्तिंदर सिंह, डा. रणवीर सिंह कुशवाह, डा. उपेंद्र सिंह तोमर, डा. पी कुमार पिप्पल और डा. सुधान्शु आर्य आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## धूमधाम से मनाई फेयरवेल पार्टी

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** आर्मी पब्लिक स्कूल आगरा में छात्र-छात्राओं ने बड़े धूम-धाम से फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने स्कूल के सीनियर बच्चों के लिए विदाई समारोह का प्रोग्राम किय। साथ ही १२वीं के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उसमें मिस्टर आर्मी पब्लिक स्कूल आगरा विनीत कुमार रहे और मिस आर्मी पब्लिक स्कूल आगरा मुस्कान शर्मा को बनाया गया। इससे पूर्व सरस्वती पूजन वंदन से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य और समूह गान की आकर्षक प्रस्तुति रही। 12वीं के सभी छात्रों ने स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को भी साझा किया।

## वार्डबॉय की नियुक्त न होने पर नहीं संचालित हो रहा नशा मुक्ति वार्ड

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में वार्डबॉय की नियुक्ति के बिना नशा मुक्ति संस्थान नहीं चल पा रहा है। 20 पलंग का वार्ड बनकर तैयार हो गया है। इसका जनवरी में माह में संचालन होना था। निदेशक का कहना है वार्डबॉय की नियुक्ति जल्द से जल्द होगी। मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया संस्थान में नशे के मरीज अभी भी बाकी मरीजों के साथ रखे जाते हैं। इनके लिए 20 पलंग का अलग से वार्ड बनाया गया है। वार्ड इसलिए बनाया गया है मरीजों को बेहरत इलाज मिल सके। वार्ड में चार और पांच वार्डबॉय रखे जाने हैं। अभी तक उनकी नियुक्ति नहीं हुई है। जो पहले रखे गये थे वे गोरखपुर और बस्ती के थे। वे यहां नौकरी करने को तैयार नहीं है। सेवा योजना के माध्यम से ही जल्द से जल्द वार्डबॉय की नियुक्ति की जाएगी।

# महिला थाने में काउंसलिंग के लिए 11 परिवारों को बुलाया

## एक परिवार में हुआ समझौता, तीन ने प्रार्थना पत्र लिए वापस

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** महिला थाने में बुधवार को काउंसलिंग के 11 परिवार वालों को बुलाया गया। जहां एक परिवार में समझौता कराया गया, तीन ने अपने प्रार्थना पत्रों को वापस ले लिये। महिला थाना प्रभारी का कहना है हम लोगों का समझौता कराने का पूरा प्रयास रहता है। जब वे तैयार नहीं होते कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ता है।

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया महिला थाने में घरेलू विवाद और दहेज से संबंधित मामले आते हैं। उनको काउंसलिंग के बुलाया जाता है।

दोनों परिवार के लोगों की समस्या को सुना जाता है। दोनों के बीच समझौता कराने का पूरा प्रयास किया जाता है। फैसले एक बार या दो बाद में नहीं हो पाते। कई बार ऐसा होता है एक ही पक्ष थाने पर आता है। दूसरा पक्ष थाने पर नहीं आता। उन्हें दूसरी तारीख पर बुलाना पड़ता है।

### अधिकांश मामले घरेलू विवाद और दहेज के आए



काउंसलिंग में पुलिसकर्मी और महिला दरोगाओं को लगा रखा है। वे भी समझौता कराने का पूरा प्रयास करती है।

सुबह से आने वाले फरियादियों की लाइन लग जाती है। पुलिस का समय दिनभर उन्हें समझाने में लग जाता है।

कुछ ऐसे भी परिवार के लोग आते हैं वे समझौता नहीं करते हैं। बमुश्किल उन्हें तैयार करना पड़ता है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया बुधवार को काउसलिंग के 11 परिवार वालों को बुलाया था। जिसमें एक में समझौता करा दिया गया। तीन ने प्रार्थना पत्र वापस ले लिए। शेष को आगे की तारीख दे दी गई है।

# हेपेटाइटिस बीमारी अब हो चुकी है सामान्यः डॉ. चतुर्वेदी

भास्कर ब्यूरो



- एसएन अस्पताल के एलटी-4 में इसका हुआ शुभारम्भ
- 12 हफ्ते में यह बीमारी हो जाती है ठीक
- 30 डॉक्टर एसएन अस्पताल में ले रहे प्रशिक्षण

**आगरा।** हेपेटाइटिस बीमारी अब सामान्य हो चुकी है। 12 हफ्ते में ठीक हो जाती है। ये शब्द मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मृदुल चतुर्वेदी ने एसएन मेडिकल के एलटी-4 हेपेटाइटिस बी और सी प्रसार को रोकने के लिए हुए कार्यक्रम में कहे।

जानकारी के अनुसार नेशनल वायरस हेपेटाइटिस को लेकर मेडिकल कॉलेज के एलटी-4 में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम हेपेटाइटिस बी व सी का प्रसार रोकने के लिए 30 डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉक्टर आगरा के लिए अलावा कासगंज, पीलीभीत, मैनपुरी, हाथरस, फिरोजाबाद, शामली, मथुरा, एटा, औरैया व मुरादाबाद से आए हैं। तीन दिन से प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मृदुल चतुर्वेदी ने कहा पहले हेपेटाइटिस बी व सी अब सामान्य बीमारी हो चुकी है। पहले इसका इलाज कठिन था। अब नई दवाएं आ गई है। 12 हफ्ते में मरीज ठीक हो रहे हैं। लीवर फेल्योर का भी खतरा कम रहता है।

डॉ. मृदुल चतुर्वेदी ने कहा अब नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कन्ट्रोल प्रोग्राम के तहत मरीजों की निशुल्क जांच व इलाज किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशान्त गुप्ता ने किया। इस दौरान एसआईसी डॉ. ब्रजेश शर्मा, डॉ. टीपी सिंह की उपस्थिति रही। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सूर्यकांत वर्मा, डॉ. आरती अग्रवाल व को-नोडल अधिकारी डॉ. राघव सिंघल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रशान्त प्रकाश, डॉ. अजीत चाहर, डॉ. पंकज और डॉ. आशीष मित्तल मौजूद रहे।

# बदलते मौसम के कारण 90 फीसदी लोगों को हुआ खांसी और जुकाम

भास्कर ब्यूरो

- जिला अस्पताल में रोजाना पहुंचे रहे 500 मरीज



**आगरा।** बदलता मौसम लोगों को बीमार कर रहा है। अधिकांश व्यक्ति बुखार, खांसी और जुकाम की चपेट में आ रहा है। जिला अस्पताल में 90 फीसदी मरीज बुखार, खांसी और जुकाम से परेशान होकर पहुंच रहा है। रोजाना एक चिकित्सक 150 से 200 मरीज देख रहे हैं। ऐसा कहना है वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एस के वर्मा का।

डॉ. एसके वर्मा बताते हैं कुछ दिनों से मौसम बदल रहा है। अधिक धूप होने के कारण लोगों ने गरम कपड़े पहनना बंद कर दिया है। वे कपड़ों को उतार देते हैं, लेकिन मौसम अभी पूरी तरह गरम नहीं हुआ है। सर्दी रहती है। इसके अलावा लोग शादी समारोह में जा रहे हैं। वहां ठंडा पानी, ठंडी कोल्ड्र ड्रिंक और आइसक्रीम खा रहे हैं। इससे वे बुखार, खांसी और जुकाम के शिकार हो रहे हैं। रोजाना करीब 500 से अधिक मरीज आ रहा है। एक चिकित्सक 150 से 200 मरीजों को देख रहे हैं।

# सार सुर्खियां

## 56 लोगों की हुई स्क्रीनिंग, 6 पॉजिटिव





**फिरोजाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में बुधवार को तीसरा एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। टीबी के अलावा कालाजार से ग्रसित रोगियों को चयनित कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया, टीबी अस्पताल में 56 संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग कर जांच की गई जिनमें 6 पॉजिटिव पाए गए। सीएमओ डॉ नरेंद्र ने बताया कि हर माह 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जा रहा है जिसमें टीबी हॉस्पिटलों के अलावा जनपद के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी), नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों में क्षय रोग के साथ-साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार जैसी बीमारियों की जानकारी दी जाती है।

## आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति कमेटी की बैठक



**जसवन्तनगर/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** शिवरात्रि व होली पर्व को लेकर बुधवार को जसवन्तनगर व बलरई थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की बैठक संपन्न हुई जिसमें पर्व को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाए जाने की बात कही गई। बताया गया है कि दोनों थाना क्षेत्र में सैकड़ों जगह होलिका दहन होगा। शांतिपूर्ण ढंग से शिवरात्रि व होली त्यौहार मनाने को लेकर जसवंतनगर थाने में इंस्पेक्टर मुकेश सोलंकी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गयी। बैठक के दौरान इंस्पेक्टर ने कहा कि होली का त्यौहार रंगों और भाईचारे का त्यौहार है। एसआई भगवान सिंह, हेमंत सोलंकी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 10वी और 12वीं की बोर्ड परीक्षा आज से

**पिनाहट (भास्कर ब्यूरो)।** ब्लॉक क्षेत्र में 5 केन्द्रो पर गुरूवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल और शाम की पाली में इण्टर की हिंदी विषय की परीक्षा के साथ बोर्ड परीक्षा शुरू हो जायेगी। जिसके लिए स्कूल प्रशासन द्वारा परीक्षा कराने के तैयारी कर ली गयी है। बोर्ड परीक्षा हर वर्ष की भाँती सीसीटीवी की निगरानी में होगी। विद्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स रहेगा तैनात। कस्बा स्थित सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के केंद्र व्यस्थापक दिनेश तोमर ने बताया परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गयी है। गुरुवार की परीक्षा के लिए सीटिंग प्लान तैयार करके लगा दिया गया। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगी परीक्षा।

## किरावली में हुई भाजपा की कार्यशाला

**किरावली (भास्कर ब्यूरो)।** बुधवार दोपहर को किरावली कस्बा स्थित अनारदेवी गोयल सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में भाजपा संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किरावली पवन इंदौलिया की। जिसमें भाजपा के बरिष्ठ नेता सहदेव शर्मा ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सरल ऐप में अपना नाम पता एवं डाटा डाउनलोड करें। जिससे कार्यकर्ता पूरा विवरण भाजपा के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में फीड हो सके। मुख्य रुप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य रितु दिवाकर, दीवान सिह इंदौलिया, चन्द्र प्रकाश शर्मा, रामनरेश इंदौलिया, दीपक शर्मा, कपिल इंदौलिया, कृष्णमोहन राजपूत, शिवराज प्रधान, जगदीश प्रधान, पिंकी सरपंच, हरिसिंह सूबेदार, ग्याप्रसाद शर्मा, रहीश कुरैशी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संघ की शाखाओं से होगा समस्या का समाधान

**फतेहपुर सीकरी (भास्कर ब्यूरो)।** कस्बा के आगरा गेट स्थित संघ के सह जिला कार्यवाह आवास पर बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख सुरेश राव पहुंचे। जहां उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों से अनौपचारिक वार्ता की। वार्ता के दौरान उन्होंने देश में उठ रही हर समस्या का समाधान संघ की शाखाओं को बताया। अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख सुरेश ने कहा कि आज देश में धर्म के नाम पर कुछ लोग अपनी दुकान चलाना चाहते हैं, उन्हें यही नहीं पता कि सनातन धर्म से पुराना इस धरती पर कोई धर्म नहीं। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों को गांव-गांव संघ की शाखा व देशभक्ति शोध पुरुष संघ के स्वयंसेवक तैयार करने को कहा। इस दौरान प्रमुख रुप से ब्रज प्रांत के कार्यालय प्रमुख शिवेंद्र सिंह, सह जिला कार्यवाह अभिषेक, भाजपा नेता जितेंद्र फौजदार, आदित्य फौजदार, अनुज मित्तल, रामनिवास समेत कई मौजूद रहे।

## रामकथा में बही भगवत भक्ति की रसधार

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** शीतल कुन्ज, बिचपुरी रोड पर चल रहे श्री राम कथा के दिव्य आयोजन कथा में बुधवार को द्वितीय दिवस की कथा में शिव जी के सुन्दर महिमा का वर्णन किया गया। संभु कीन्ह यह चरित सुहावा, बहुरि कृपा करि उमहि सुनावा। भोले नाथ को राम नाम अति प्रिय है। दिन रात भोला बाबा राम नाम गाते है। इस लिए प्रभु राम की कथा भोले नाथ स्वयम गाते हैं। यही कारण था जब पार्वती मईया ने जब शिव जी से राम कथा को सुनने की इच्छा जाहिर की तो भोले बाबा आनंदमय हो गए और कथा तो बाद में सुनाई पहले पार्वती मईया को धन्यवाद दिया। कथा के मुख्य श्रोता मुन्नी देवी, चन्द्र प्रकाश लवानियां, पंकज लवानियां, सुलेखा, सीमा शर्मा, संजय शर्मा, प्रशांत, शिवदेश, गोविन्द, धीरज, पीयूष, जीवनराम आदि भक्त उपस्थित रहे।

## चौकीदार की मौत से परिजनों ने किया हंगामा



**आगरा/खंदौली (भास्कर ब्यूरो)।** टेढ़ी बगिया (एत्माद्दौला) स्थित फैक्ट्री के चौकीदार की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। चौकीदार की मौत से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। कर्मचारी उसे छोड़कर भाग गए। चौकी की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने फैक्ट्री मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और उन्हें शांत किया। जानकारी के अनुसार सहदेव सिंह निवासी पूरा गोवर्धन काफी समय से टेढ़ी बगिया स्थिति में सिमको पाइप मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में चौकीदारी का काम करता था। मंगलवार की शाम को सहदेव से फैक्ट्री में चौकीदारी करने के लिए गया था रात को किसी वक्त चौकीदार की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने सहदेव की हत्या का आरोप फैक्ट्री स्वामी पर लगाते हुए शव को आगरा जलेसर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया और हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था। फैक्ट्री स्वामी और उसके साथियों ने सहदेव सिंह की हत्या कर दी है। फैक्ट्री स्वामी खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए जाम की सूचना पर पहुंची । पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गिरफ्त में आए ठगी करने के गिरोह पर एक और मुकदमा

## सस्पेंड सिपाही सहित दस आरोपियों को भेजा गया था जेल

भास्कर ब्यूरो,





मुरादाबाद। पुलिस ने पांच गुणा महंगी जमीनी बिकवाने के नाम पर करोड़ें रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इनमें एक ठग सस्पेंड सिपाही अमरपाल भी शामिल था । इनके पास से दो हजार के नोट के फोटो कापी किए हुए 28 लाख 50 हजार रुपये के नकली नोट,चार कार,एक बाइक के साथ तमंचा और कारतूस बरामद किए गए थे ।

मैनाठेर थाना क्षेत्र के महमूदपुर माफी गांव निवासी किसान इब्राहीम ने आठ फरवरी को थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने अपने साथ 20 लाख रुपये की ठगी की जानकारी दी थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली थी जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 10 लोगों का गिरोह क्षेत्र में सर्िय है। जो किसानों को पहले पांच गुणा रेट में जमीन बिकवाने का लालच देकर ठगने का काम कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को आरोपित महावीर सिंह निवासी मझोली चौराहा निकट भारत ड्राइविंग स्कूल थाना मझोला, बाबूराम निवासी गंगापुर निकट ग्रीनवुड स्कूल थाना सिविल लाइंस जिला रामपुर, दलवीर सिंह निवासी लालपुर थाना भगतपुर, संजीव कुमार उर्फ नितिन निवासी खबरिया घाट थाना भगतपुर, राजेंद्र कुमार निवासी लाइनपार हनुमान नगर एके टेलर वाली गली थाना मझोला, अमरपाल निवासी सलारपुर माफी थाना डिडौली जिला अमरोहा, सतवीर सैनी निवासी मोढ़ा तैय्या थाना पाकबड़ा, जयप्रकाश निवासी पिलकपुर गुमानी थाना ठाकुरद्वारा, संजीव कुमार उर्फ निक्की निवासी कांशीराम नगर थाना मझोला, इरशाद अहमद निवासी मीरगंज मुहल्ला बाबर नगर मीरगंज जिला बरेली को गिरफ्तार किया । पुलिस ने आरोपितों के पास 28 लाख 50 हजार रुपए नकली नोट, 11 हजार रुपये असली, चार तमंचे,सात कारतूस,चार कार ,एक बाइक,12 मोबाइल फोन बरामद किए थे पुलिस के अनुसार बीते पांच सालों में आरोपितों ने 30 से अधिक लोगों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी की है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके जेल भेज दिया गया था।

इंस्पेक्टर मैनाठेर ने बताया इसी गिरोह की ठगी का शिकार हुए दूसरे पीड़ित व्यक्ति नैनीताल के रामनगर नई बस्ती लाल ढांग निवासी विजेंदर कुमार की तहरीर पर जेल भेजे गए इन सभी आरोपियों जिनमे एक बर्खास्त सिपाही अमरपाल भी शामिल हैं। एक और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पर धोखाधड़ी की धाराओं में तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर किया प्रदर्शन




भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। बुधवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गणेश पर एक आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करते हुए मुख्य मुद्दा गन्ने के मूल्य में वृद्धि न होना प्रमुख रूप से उठाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश सिंह पांडे तथा संचालन कॉमरेड हर्ष रूप सिंह ने किया वक्ताओं ने विचार रखें तथा किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि किसान संगठनों ने गन्ने में बढ़ती लागत तथा मेहनत को देखते हुए लंबे समय से साढ़े चार सौ रुपये प्रति कुंटल गन्ने का मूल्य घोषित करवाने की मांग कर रहे थे लेकिन कैबिनेट की बैठक ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया किसान महंगाई की मार झेल रहा है किसान की स्थिति बिगड़ती जा रही है और इसके साथ साथ किसान और मजदूर का चोली दामन का साथ है अगर किसान की स्थिति खराब होगी तो इसके साथ साथ मजदूर वर्ग की स्थिति भी बिगड़ेगी। जिला महा सचिव कैलाश सिंह ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों, कीटनाशकों, उर्वरकों दाम आसमान छू रहे हैं और किसानों के गन्ने के मूल्य को लेकर कैबिनेट की बैठक ने गन्ने का मूल्य बढ़ाने से इंकार कर दिया है जिससे साफ जाहिर है कि प्रदेश सरकार की गन्ना मूल्य न बढ़ाने की मंशा स्पष्ट है जबकि बढ़ती महंगाई को देखते हुए पेराई सत्र 2022-23 में साढ़े चार सौ प्रति कुंटल घोषित किया जाना चाहिए था बीते 5 वर्षों के अंत में पांच पैसे प्रति किलो प्रति वर्ष के हिसाब से गन्ने के मूल्य में 2021-22 में वृद्धि की गई थी जो कि महंगाई को देखते हुए न के बराबर है। अतः मांग की गई कि कैबिनेट बैठक गन्ना मूल्य पर पुनः विचार करें या डीजल पेट्रोल कीटनाशक तथा उर्वरकों के दाम आधे किए जाएं ताकि किसानों को बढ़ती महंगाई से निजात मिल सके। कार्यक्म में कॉमरेड वीर सिंह, बलराम सिंह, नरेश सिंह, सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, कॉमरेड भोला, रमेश सिंह, राजकुमार, मनोज कुमार, गुरमीत सिंह, मास्टर करन सिंह, महिपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में विभिन्न समस्याओं को किया उजागर

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उजागर किया।

याद दिला दें कि उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश अनुसार प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में उपस्थित रहकर किसान अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराते हैं। इसी क्रम में फरवरी माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किसान दिवस में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उजागर किया किसान इस बात को लेकर नाराज नहीं दिखाई दिए कि उनके द्वारा संबंधित विभागों से जो शिकायतें की जाती हैं उनका निस्तारण समय रहते नहीं किया जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए किसानों द्वारा सबसे ज्यादा मुद्दा आवारा पशुओं को लेकर उठाया गया। किसानों का कहना था कि आवारा पशुओं की वजह से उनकी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

# इंसाफ की मांग को लेकर एसएसपी से मिला पीड़ित परिवार

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। महानगर के थाना मझोला अंतर्गत गायत्री नगर निवासी एक पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र पेश कर कर क्षेत्र की एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है।

बुधवार को पीड़ित महिला नीतू पत्नी भरत सिंह अपने अधिवक्ता बृजलाल एवं क्षेत्रीय महिलाओं के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिली और एक प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके क्षेत्र में एक महिला आए दिन भोले भाले लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराती रहती है। नीतू का आरोप है कि इस महिला ने उसके पति व भाई पर गंभीर धाराओं में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। एसएसपी से इस मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई गई है।

एसएसपी ने लोगो व पीड़ित महिला के प्रथना पत्र पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया को जांच के आदेश जारी करते हुए उचित कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए हैं।

# डीएम व एसएसपी ने किया मंदिरों का दौरा , परखी व्यवस्थाएं

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने झारखंडी मंदिर और चौरासी घंटा मंदिर का किया निरीक्षण मुरादाबाद। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सिद्धपीठ झारखंडी शिव मंदिर और सिद्धपीठ चौरासी घंटा मंदिर पर पहुंचकर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं को देखा।

उन्होंने संपूर्ण परिसर की साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिए,दोनों ही सिद्ध पीठ मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु व कांवड़ बेड़े जलाभिषेक करने पहुंचते हैं,जिलाधिकारी ने जिन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे वहां पर उन्हें लगाने के निर्देश दिए,झारखंडी एवं चौरासी घंटा मंदिर को आने वाले सभी मार्गों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को चलने में तथा अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो जिलाधिकारी ने नगर निगम को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था ठीक प्रकार से करने के भी निर्देश दिए हैं,जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चौरासी घंटा मंदिर पर जलाभिषेक भी किया।

इस अवसर पर एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुटीक से सूट चुराती महिला रंगे हाथों गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन के इलाके रामगंगा विहार टीडीआई सिटी स्थित फैसन एंड फ्यूसन पायल बुटीक में उस समय हंगामा खड़ा हो गया। जब बुटीक में महिला कस्टयूमर ने बुटीक में शॉपिंग करते करते रखे कीमती चार लेडीज सूटों पर हाथ साफ कर डाला। बुटीक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज में महिला की हरकत कैद हो जाने के बाद बुटीक मालिक पायल रस्तोगी ने जब बुटीक में शॉपिंग करने आई लेडीज कस्टयूमर का थैला चेक किया उसमे चुराए गए चारों सूट निकले। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर थाना सिविल लाइन पुलिस भी पहुच गई थी और रंगे हाथों कीमती सूट चुराते पकड़ी गई महिला को थाने लाकर पूछताछ की गई। महिला ने अपना नाम हरथला प्रतीक विहार निवासी दाताराम की पत्नी प्रेमवती बताया।

## सार सुर्खियां

### पुलवामा के शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च



भास्कर ब्यूरो, बिलारी। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन संस्थान ट्रस्ट एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 सैनिकों की शहादत दिवस मनाने के लिए कैंडल मार्च निकाला। मंगलवार देर रात सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नोमान जमाल के नेतृत्व में पुलवामा हमले में हुए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। ग़ल्ला स्टोर से गांधी पार्क पर पहुंचे संगठन के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नोमान जमाल ने कहा की यह बेहद दुखद है कि पुलवामा अटैक जैसी साजिशें हमारे सैनिकों की जान ले लेती है। हमारी देश की रक्षा करने वाले सैनिक देश पर ऐसी घटनाओं में अपनी जान की आहुतियां देते रहे हैं जोकि अत्यंत दुखद है और पीड़ादायक है। कहा की हम सरकार से मांग करते हैं इन सैनिकों कि देशभर में मूर्तियां लगाई जाए। देश की जनता इन सैनिकों पर गर्व करती है इंडियन आर्मी हमारे देश का गौरव है। मांग की के इंटेलिजेंस इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करें। इस कैंडल मार्च में सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के नगर अध्यक्ष बबलू मसूदी, नईम अशरफी,हकीम नईमुद्दीन,जितेंद्र कोहली,रिजवान बंजारा,अली रजा,हसन बबलू,क़दीर हलवाई इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### कावड़ यात्रा को लेकर एसडीएम व कोतवाल ने किया निरीक्षण



भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। एसडीएम अजय कुमार गौतम व कोतवाल विजेंद्र सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के प्राचीन मढ़ी मंदिर और काशीपुर चुंगी व बॉर्डर का निरीक्षण किया। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है जिसके लिए कावड़ियों का आवागमन शुरू हो गया है जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को एसडीएम अजय कुमार गौतम और कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने मंदिरों के निरीक्षण के साथ ही शिवभक्तों के गुजरने वाले मार्गों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि कांवरियों की सुरक्षा को देखते हुए डम्परों के आवागमन को बंद कर दिया गया है और रूट को भी बदला गया है। इस दौरान अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

भास्कर ब्यूरो,



कुंदरकी। बुधवार को थाने में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कुंदरकी थाने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीणा एस डी एम बिलारी राजबहादुर सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी सालोनी अग्रवाल एवं कुंदरकी थाना प्रभारी ललित चौधरी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान सहित नगर व क्षेत्र के ज़िम्मेदार एवं संभ्रांत लोग पहुंचे।

बैठक में मौजूद सभी लोगों से महाशिवरात्रि पर्व आपसी भाईचारे और मिलन के साथ मनाने के लिए कहा और किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए भी लोगों से जानकारी ली गयी। हालांकि बैठक में क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने भी अपनी अपनी बात रखी। कुंदरकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है जिसमे सभी लोग भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाते हैं। एसपी देहात ने कहा कि ग्राम ईंधन पुर मंदिर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। सीओ सालोनी अग्रवाल ने कहा कि पुलिस सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है साथ ही पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और क्षेत्र में निगाह रखी जा रही है। वहीं थाना प्रभारी ललित चौधरी ने कहा की शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के मंदिरों पर पुलिस की पेट्रोलिग रहेगी। ऐसे मंदिर जहां अत्यधिक भीड़ होती है वहां पर स्पेशल पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, उप जिला अधिकारी बिलारी राज बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी बिलारी सलोनी अग्रवाल, एडीओ पंचायत, एडीओ पंचायत, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री नक्शे अली नगर पंचायत से खालीद सभी ग्राम प्रधान हसीन दूल्हा रईस अहमद व तमाम संभ्रान्त लोग मौजूद रहे ।

# रामायण के पाठ में बताए श्रीराम के आदर्श

भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी। क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में भाजपा नेता सतीश ठाकुर के आवास पर रामायण का पाठ किया गया। जिसमें रामवावू शर्मा ने पूजन कर रामायण पाठ का शुभारंभ किया तथा भजनों का गुणगान किया उन्होंने कथा के माध्यम से बताया की हमें अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। श्रीराम ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया तथा दीन दुखियों की सहायता की और अत्याचारी रावण का वध किया अंत में असत्य पर सत्य की विजय हुई। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, सतीश सिंह, सुदीश कुमार, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजू सिंह,अमित कुमार,आकाश ठाकुर, अरुन कुमार, सुभाष सिंह, लकी कुमार,चुलबुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# प्रेमियों संग फरार हुई दो युवतियां, न देखी उम्र की सीमा न धर्म का बंधन

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। वैलेंटाइन डे पर जहां कई धार्मिक संगठनों के साथ पुलिस भी अलर्ट थी वही इसी वैलेंटाइन डे को कुछ प्रेमी युगल ने खाली नहीं जाने दिया । इस वैलेंटाइन डे पर दो युवतियां अपने प्रेमी संग फरार हो गई हैं। दोनो ही घरो से निकली युवतियां थाना मझोला के इलाके की रहने वाली बताई जाती हैं।

इंस्पेक्टर मझोला धनज्जय सिंह के आदेश व पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित मां ने इंस्पेक्टर मझोला धनज्जय सिंह को बताया उसकी नवालीग बेटी वैलेंटाइन डे की सुबह साढ़े 9 बजे घर से मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज के लिए निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी ।

उधर 15 साल नावालिग युवती के अपहरण का भी मुकदमा थाना मझोला में पीड़ित पिता की तहरीर पर बुद्ध विहार मानसरोवर लाइन पार निवासी युवक सौरभ के खिलाफ दर्ज किया गया है। वैलेंटाइन डे पर अपने प्रेमियों संग फरार हुई दोनो युवतियों की उम्र 15 साल बताई गई हैं। इतना ही नहीं दोनो जिन युवकों के संग फरार हुई हैं । उनकी उम्र अधिक व जाति भी अलग बताई जाती हैं। दोनो युवतियों की तलाश में पुलिस को लगा दिया गया है। इंस्पेक्टर मझोला धनज्जय सिंह ने

### सट्टे की खाईबाड़ी करता एक युवक गिरफ्तार, दूसरा शांतिभंग में गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी सुहेल पुत्र जमील को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 6 सौ 10 रुपये, पेन,डायरी, व सट्टे की पर्चियां बरामद की गई हैं।कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उधर कोतवाली पुलिस ने शानेआलम पुत्र शहज़ाद को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि शानेआलम अपनी पत्नी नाजिया के साथ मारपीट कर रहा था और पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की थी।

### पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को की श्रद्धांजलि अर्पित

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी। ब्लाक में शहीद स्मारक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मीडिया प्रभारी अरविंद ठाकुर, भाजपा नेता संजय दिवाकर, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा प्रेमपाल दिवाकर, नौशाद कुरेशी ,पीयूष गौतम, सतीश कुमार, सचिन कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसपी क्राइम व ट्रैफिक अशोक कुमार का हुआ तबादला

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद । एसपी ट्रैफिक व एसपी ' इम का भी काम देख रहे अशोक कुमार सिंह का तबादला अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस कर दिया गया है। अशोक कुमार सिंह की जगह गाजियाबाद जनपद के अपर पुलिस उपायुक्त सुभाष चंद्र गंगवार बनाए गए अपर पुलिस अधीक्षक यातायात जनपद मुरादाबाद बनाया गया है।

# निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर डीएम व एसएसपी से मिले सपा के पूर्व मंत्री व विधायक

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के खिलाफ नगर निगम द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के संबंध में समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधियो के एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की बुधवार को समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर काठ मोहम्मद फहीम इरफान बिलारी हाजी नासिर कुरेशी मुरादाबाद देहात एवं जियाउर रहमान वर्क कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र ने जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की और समाजवादी पार्टी के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के खिलाफ नगर निगम अधिशासी अभियंता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे को बेबुनियाद बताते हुए निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की विधायक काठं कमाल अख्तर ने कहा कि विपक्ष का काम जन समस्याओं को उजागर करना और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना है। इसी संबंध में शाने अली शानू ने कुछ दिन पूर्व अपर नगर आयुक्त को एक प्रार्थना पत्र देकर महानगर के झारखंडी मंदिर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कराने के साथ-साथ अन्य जन समस्याओं को उजागर करते हुए समाधान कराए जाने की मांग की थी लेकिन नगर निगम द्वारा शाने अली शानू पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

उन्होंने इस मुकदमे को रद्द किए जाने की मांग उठाई है। विधायक बिलारी मोहम्मद फहीम इरफान ने भी सपा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू का समर्थन करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा उन पर जो मुकदमा दर्ज किया गया है वह बेबुनियाद है। इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच कराए जाने का आश्वासन दिया गया है।

जिलाधिकारी से वार्ता करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विधायक काठ कमाल अख्तर विधायक बिलारी मोहम्मद फहीम इरफान एवं विधायक मुरादाबाद देहात हाजी नासिर कुरैशी ने संयुक्त रूप से बताया डीएम एसएसपी दोनो आला अधिकारियों ने इस संबंध में जब एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया से बात की गई तो उन्होंने दर्ज किए गए मुकदमे की जानकारी आला अधिकारियों को दी ।

# स्वास्थ्य विभाग में सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे सीएचसी प्रभारी, अनुपस्थित एएनएम को तीन माह से दे रहे वेतन

## अनुपस्थिति होने के बाबजूद लगातार मिल रहा वेतन।

**भास्कर ब्यूरो**

गुन्नौर/संभल। काम के बदले भुगतान तो सुना होगा परन्तु घर पर रहकर भी वेतन पाया जा सकता है। ऐसी जादूगरी का मामला सरकारी आंकडों में ही देखने को मिल सकता है। मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर का है जहां पर तीन माह से गैर हाजिर चल रहीं एएनएम को लगातार विभाग की मिलीभगत के चलते वेतन मिल रहा है। सरकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिये सरकार जहां तमाम कार्यक्रम चलाती है करोड़ों रुपया खर्च करती है। वहीं शासन की योजनाओं में पलीता




लगाने से अधिकारी बाज नहीं आ रहे हैं। गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकारी धन के बंदरबांट का ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां एक सीएचससी प्रभारी महीनों से अनुपस्थित चल रही एएनएम को वेतन दिलवा रहे हैं। मामला गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का है जहां प्रियंका नाम की एक एएनएम पिछले तीन माह से अनुपस्थित चल रही है। उपस्थिति रजिस्टर में एएनएम लगातार अनुपस्थित हैं। वहीं प्रभारी उसका वेतन पास कर वाउचर सीएमओ आफिस को भेज रहे हैं। जिससे लगातार उन्हें वेतन मिल रहा है, मामला अब सीएमओ महोदया के संज्ञान तक पहुँच गया है
अब देखना है उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाई होती है।

# शिकायतों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता व पूर्णगुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें : डीएम उमेश मिश्रा

**भास्कर ब्यूरो**

बिजनौर । जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कृषि से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के प्रति संवेदनशील हो कर कार्य करें तथा किसानों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता व पूर्णगुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ है, उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ने कहा कि मुख्यमंत्री कहना है कि किसानों से विद्युत कनेक्शन के हिसाब से विद्युत बिल का भूगतान देय होगा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह रोस्टर के हिसाब से ग्रामों में विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।




उन्होंने कहा कि सरकार किसानो के हितार्थ अनेक योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ आय में वृद्वि के रूप में किसानों को प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस कि अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने लंबित प्रकराणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी अपनी सोच बदलें व कभी उपभोक्ता बनकर भी सोचें, यदि वे किसानों के स्थान पर होते तो उनकी मनोस्थिति क्या होती। उन्होंने उपस्थित किसानों से आवाहन किया कि प्रार्थनापत्र अपना मोबाईल नम्बर जरूर लिखे ताकि उनको फोन पर ही समस्या के निस्तारण से अवगत कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी समस्या का निस्तारण संभव नहीं है तो शिकायतकर्ता को कारण सहित अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी किसानों से आह्वान किया कि किसान खेती के प्रति अपनी दृष्टि बदलें और परम्परागत खेती से आगे बढ़कर व्यवसायिक खेती की ओर अग्रसर हों। उन्होंने सभी किसानों को प्राकृतिक खेती को अंगीकार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। किसान दिवस के अवसर पर जर्जर पुल एवं सड़कों की मरम्मत कराने, बिजली मीटर ठीक कराने सहित अन्य शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना गया व उसके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। किसान दिवस कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई।

# महाशिवरात्रि को लेकर चंदौसी में एडीएम ने किया निरीक्षण।

**भास्कर ब्यूरो**

चन्दौसी।। आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चंदौसी में बुधवार को अपर जिला अधिकारी ने मार्गों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बुधवार को चंदौसी नगर में आगामी 17- 18 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर जिला अधिकारी ने निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी ने चंदौसी स्थित खुर्जा गेट और शिव बारात मार्ग का निरीक्षण किया। तथा नगरपालिका कर्मचारियों और जल निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि कावड़ सेवा समिति के उपाध्यक्ष तरुण नीरज ने से बारात मार्ग



की सड़कों और खुले पड़े मैनहाल से शिव भक्तों को होने वाली परेशानी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसी को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान जल निगम के सहायक अभियंता और पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी को शिव बारात मार्ग पर आने वाली सभी समस्याओं को तत्काल दूर करने के आदेश दिए। साथ ही उन्हें स्वयं मौजूद रहकर कार्य कराए जाने के निर्देश भी दिए। अपर जिलाधिकारी ने नगर वासियों से अपील की कि पालिका के हाउस टैक्स और वाटर टैक्स का नियमित भुगतान करें। इस दौरान नगर के अन्य समस्याओं को लेकर उन्होंने जल्दी सुधार का आश्वासन दिया और पालिका के बड़े बकायेदारों को नोटिस देकर उनके नाम सूचना पर पर लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक अभियंता जल निगम देवेंद्र सिंह, अवर अभियंता पालिका के के अग्रवाल, अभियंता लक्ष्मी प्रसाद, अवनीश गुप्ता, चंद्रमोहन, तरुण नीरज, शुभम अग्रवाल, निशांत शर्मा, देवेंद्र, अनुराग गर्ग, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पार्टी पर पथराव करने वाले पांच इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

**भास्कर ब्यूरो**

बिजनौर । दस दिन पूर्व हिस्ट्रीशीटर चेंकिग के दौरान ग्राम मसीत में थाना हीमपुर दीपा पुलिस टीम पर वसीम व ताजीम पुत्रगण शमीम द्वारा आसापास के लोगों की सहायता से पथराव किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हीमपुर दीपा पर आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम बनाम वसीम, ताजिम आदि सहित करीब डेढ दर्ज व्यक्तियो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा घटना की गंभीरता के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में थाना हीमपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्राधिकारी चांदपुर के कुशल निर्देशन में 2 अभियुक्तगण 1 वसीम पुत्र शमीम 2 आजम उर्फ काला पुत्र शहीद व 2 अभियुक्त 1 नाजिर पुत्र अय्यूब 2 नौशाद पुत्र अय्यूब चार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित 1 अकरम पुत्र अय्यूब 2 अकरम उर्फ छुट्टन पुत्र सईद अहमद 3 साजिद पुत्र नसीम 4 हनीफ पुत्र अब्दुल रसीद 5 कासिद पुत्र समीम




निवासीगण ग्राम मसीत थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर को चान्दपुर रोड पर ग्राम पीर उमरी वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तगण वाँछित चल रहे थे, जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा 15-15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## अब पूरी तरह स्वस्थ हैं भूपेंद्र सिंह हुड्डाः अमित भारद्वाज



**भास्कर ब्यूरो**

गुरुग्राम। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। शीघ्र ही वो अपनी नियमित दिनचर्या पर लौट आएंगे। यह जानकारी बुधवार को उनसे मिलने गए गुरुग्राम कांग्रेस नेता अमित भारद्वाज ने दैनिक भास्कर के साथ साझा की। उल्लेखनीय है कि उन्हें उच्च रक्तचाप और सांस लेने में तकलीफ के चलते गुरुग्राम के मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन अब उन्हें कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं है। बुधवार को उन्हें देखने के लिए उनके परिजनों के अतिरिक्त स्थानीय कांग्रेस नेताओं का तांता लगा रहा। उनकी पुत्री, दामाद, बहु सहित लगभग सभी परिजन उनकी सेहत का हालचाल पूछने अस्पताल गए। डॉक्टरों का कहना है श्री हुड्डा अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और शीघ्र ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमित भारद्वाज को गुरु ग्राम कांग्रेस के उन लोगों में गिना जाता है जो हुड्डा परिवार के नजदीकी माने जाते हैं।

## सार सुर्खियां

### भावी पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और सुविचारों से पोषित करना हमारी जिम्मेदारी : बोधराज सीकरी



भास्कर ब्यूरो /गुरुग्राम। मदनपुरी स्थित भगवती विद्या मंदिर स्कूल में 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी ( प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति), धर्मेंद्र बजाज, ज्योत्सना बजाज ( समाजसेविका), मंजू शर्मा प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति( गुरुग्राम ) अजंता जैन योग शिक्षिका, उमेश ग्रोवर ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से विद्यालय की शोभा बढ़ाई। मां भारती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बोधराज सीकरी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर एक अच्छा इंसान बनने पर जोर दिया। बोधराज सीकरी ने बताया कि माता-पिता से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कारों और चरित्र निर्माण पर बल दिया।

### मानेसर नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

भास्कर ब्यूरो/मानेसर। पहली बार हो रहे मानेसर नगर निगम के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों में पूरी शक्ति झोंक रखी है। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ द्वारा मानेसर के स्थानीय नेताओं कार्यकताओं के साथ दूसरे दिन भी मिलने जलने का सिलसिला जोर-शोर से जारी रहा। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के दो दिवसीय मानेसर प्रवास के निमित्त आज वार्ड नंबर 3 हयातपुर, वार्ड नंबर 4 ढोरका, वार्ड नंबर 5 भांगरोला, वार्ड नंबर 6 अलीयर, वार्ड नंबर 16 रामपुरा में प्रवास कार्यक्रम रहा। बैठकों के दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की जो सरकार चल रही वह सरकार हरियाणा के गरीब शोषित वंचित के लिए कार्य कर रही है हम सभी कार्यकर्ता सरकार के किए हुए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम करें।



### किसी भी तरह के लेन-देन में होनी चाहिए पूरी पारदर्शिता

भास्कर ब्यूरो/गुरुग्राम। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल ने फरूखनगर में कैपरी गोल्ड लोन की शाखा का उद्घाटन किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों को पारदर्शिता, ईनामदारी से काम करने की सीख दी। इस अवसर पर कैपरी गोल्ड लोन शाखा के क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक रोबिन गुप्ता, एरिया सेल्स मैनेजर रामवीर, एरिया ऑपरेशनल मैनेजर वीना प्रजापति, ब्रांच मैनेजर अमन वर्मा के अलावा दीप्ति सिंह, जितेंद्र, रवि, हरविंद्र आदि मौजूद रहे। अमित गोयल ने आगे कहा कि चाहे बैंकिंग क्षेत्र हो या कोई अन्य लेन-देने का कार्य, पारदर्शिता बहुत जरूरी है।



### कांग्रेस ने भी शुरू की नगर निगम चुनाव की तैयारी

भास्कर ब्यूरो/गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी अपनी तैयारियां शुरू किया दी हैं। पार्टी चुनाव को लेकर अब पूरी तरह से सक्रिय होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव राहुल यादव ने वार्ड नंबर 36 नगर निगम गुडगांव से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लड़ने के लिए आवेदन किया है। यह आवेदन उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज डावर को सौंपा है।

### स्व धर्मवीर गावा को रामविलास शर्मा ने दी विनम्र श्रद्धांजलि



भास्कर ब्यूरो/गुरुग्राम। हरियाणा के पूर्व मंत्री व गुरुग्राम से चार बार विधायक रहे स्वर्गीय धर्मवीर गावा को बुधवार को भाजपा के पूर्व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री रामविलास शर्मा ने उनके आवास पर जाकर विनम्र श्र द्धांजलि अर्पित की। श्री शर्मा ने गाबा के परिजनों के साथ कुछ समय बिताया और उन्हें एक सच्चा और सभी बिरादरियों को एकजुट करने वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसे नेता विरले ही पाए जाते हैं जो सबको साथ लेकर क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। स्व गावा उन्हीं नेताओं से एक थे।

# नहटौर में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर कार्यकारिणी ने लगाया का कांवड़ियों के लिए सेवा कैंप

## डॉ एके दक्ष व डॉ मनीषा अपनी टीम के साथ कर रही हैं भोले के भक्तों की सेवा

**भास्कर ब्यूरो**

नहटौर। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दक्ष दंपत्ति की ओर से चांदपुर चुंगी के निकट दक्ष हॉस्पिटल पर कावर्ती सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कांवरियों को फल, चाय आदि के साथ दवाइयां भी निशुल्क दी जा रही है। मालूम हो कि दक्ष हॉस्पिटल के एमडी एवं राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष डॉ. ए.के . दक्ष उनकी धर्मपत्नी डॉ मनीषा दक्ष, माता फूलवती देवी एवं पुत्री गोल्डिकाँ दक्ष हर वर्ष दक्ष हॉस्पिटल के सामने कावर्ती सेवा शिविर आयोजित करते



हैं दक्ष दंपत्ति द्वारा आयोजित शिविर में भोलो के ठहरने की व्यवस्था के साथ उनकी मनोयोग से सेवा कर धर्म लाभ कमाते हैं। इस वर्ष भी दक्ष दंपति ने हॉस्पिटल के सामने कावर्ती सेवा शिविर का आयोजन किया है जिसमें वह कांवरियों को फल चाय आदि भेंट करने के साथ उनका उपचार व दवाइया आदि वितरित करते हुए चिकित्सा सेवा भी कर रहे हैं ।भोले के भक्त उनकी सेवा से प्रसन्न होकर उन्हें अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। शिविर में पंकज दक्ष,ऋषिपाल, गौरव, विकुल ,सौरभ, अंजलि, सलोनी ,अलका, नंदनी आदि दंपति के साथ भोले की सेवा में जुटे हुए हैं।

## फिरोजगांधी कालोनी में नवीन गोयल ने बांटे कपड़े के थैले



**भास्कर ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** स्वच्छ पर्यावरण बनाकर, स्वच्छता रखकर अपने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में टॉप10 की सूची में लाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने फिरोजगांधी कालोनी में लोगों के साथ चार्य पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किए, ताकि लोग सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़कर पर्यावरण सुधारने में अपना सहयोग दें। नवीन गोयल ने कहा कि हमारा लक्ष्य गुरुग्राम को स्वच्छता के मामले में टॉप10 शहरों में लेकर आना है, जिसमें हर एक गुरुग्राम वासी की भागीदारी जरूरी है। हमें इस कार्य के लिए सजग रहना होगा। हमारी सजगता ही हमारे बिगड़े पर्यावरण को सुधार सकती है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हम अपने आसपास सफाई पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हम ऐसे शहर में रहते हैं, जहां दुनियाभर के लोगों का आना-जाना है। हर तरह से गुरुग्राम शहर महत्वपूर्ण है। दुनिया में गुरुग्राम वैसे तो टॉप पर है, लेकिन खराब पर्यावरण के कारण हमें कहीं ना कहीं शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ती है। इसलिए इसमें सुधार के लिए अब सबको एक सोच से काम करना होगा।

# स्योहारा कांवड़ सेवा शिविर का एसडीएम व सीओ ने किया शुभारम्भ



**भास्कर ब्यूरो**

**स्योहारा।** मुरादाबाद मार्ग स्थित ग्राम चंचलपुर में स्योहारा कांवड़ सेवा शिविर के तत्वाधान में शिविर का शुभारंभ उप जिलाधिकारी धामपुर मनोज कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर इन्दु सिद्धार्थ, बीडीओ रामकुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, व्य ापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उप जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है और ईश्वर उन्हीं लोगों से सेवा का कार्यकराता है जो लोग ईश्वर को प्रसन्न करने वह अपने मन की शांति के लिए कार्य करते हैं। इस मौके पर नीरज अग्रवाल, अंकुर जैन, अर्पित त्यागी, शोभित जैन, विपिन राणा, अनिल कुशवाहा, शोबीर सिंह, डॉ. अंकित गौड़, राशिद पीटर, नेहा भुईयार, रजनी भारद्वाज, दिशा भुईयार, अमन कुमार, आयुष्मान भारद्वाज, शोर्य भारद्वाज, आदि मौजूद रहे।

# कण्व आश्रम का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

## पशुओं के चारे की समुचित व्यवस्था के लिए कब्जा मुक्त भूमि पर चारागाह बनाने के दिए निर्देश

**भास्कर ब्यूरो**

बिजनौर । जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि ग्राम मुजफफरपुर केशव में कब्जा मुक्त की गई भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को नीलाम कराएं और पूरी भूमि पर पशुओं के लिए चारा एवं भूमि के किनारे पर वृक्षारोपण कराएं। हुए अवर अभियन्ता को निर्देश दिए कि गोशाला का निर्माण पूरी गुणवत्ता और मानक के अनुरूप 15 दिन के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित कराएं तथा कब्जामुक्त कराई गई भूमि की फेंसिंग भी कराना सुनिश्चित करे मिश्र यदि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो तत्काल उसे कब्जामुक्त कराते हुए उस पर खड़ी हुई फसल को नीलाम कराया जाएगा और दोषी



के विरूद्ध कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।
जिलाधिकारी मिश्रा ने कण्व आश्रम के निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता को निर्देश दिए कि आश्रम स्थल पर बने शेड को सुंदर और मजबूत बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके आगामी भ्रमण के दौरान यदि शेड मानक के अनुरूप बना हुआ नही पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आश्रम पर स्थल पर बने तालाब के किनारों तथा मालन नदी के दोनों किनारों पर बांस के पेड़ रोपित करने के निर्देश दिए और तालाब का सौंदर्यकरण के लिए भी उन्होंने अवर अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने कण्व आश्रम पर निर्मित होने वाले कण्व गो आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि गोश्रय स्थल का कार्य सभी आवश्यक मानकों के साथ शीघ्र कराएं और गोवंश के लिए यही उपलब्ध भूमि पर चारे की व्यवस्था कराना भी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी, अवर अभियंता सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।

**जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बच्चो के साथ लगाए क्रिकेट शॉट**

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने तालाब के पास खाली पड़ी भूमि पर क्रिकेट खेल रहे बच्चों के साथ बेटिंग की और शानदान शॉट लगाए। क्रिकेट में बच्चो ने अपना साथ निभाने के लिए जिलाधिकारी को थेंक्स कहा ।

# कांवड़ यात्रा के चलते बुध बाजार कराया बंद

**भास्कर ब्यूरो**

**चंदक ।** कांवड़ यात्रा के चलते भीड़ होने के कारण चंदक में लगने वाले सप्ताहिक बाजार को पुलिस ने बंद कराया। बाजार लगने पर सड़क मार्ग पर भीड़ रहती है। दर्जनो गांवो के लोग सप्ताहिक बाजार में सज्जी व अन्य समान खरीदने आते है। बाजार बंद होने से ये लोग बिना खरीदारी के लौट गये। चंदक में मंड़ी समिति में सप्ताहिक बाजार बुधवार के दिन लगता है। इस सप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने अते है। मंडी समिति सड़क मार्ग के समीप है। जिस कारण सड़क मार्ग पर भीड़ लग जाती है। इसी को ध्यान मेंरखते हुये पुलिस ने बाजार को बंद करा दिया। खरीदारी करने वाले बाजार से मायूस लौटे।थाना मंडावर प्रार्थना संजय सिह ने बताया कि



कांवड़ यात्रा के चलते बाजार को बंद कराया गया।

# एसडीएम से ग्रामीणों ने की राशन डीलर अशोक की शिकायत

**भास्कर ब्यूरो**

**मंडावली ।** ग्राम प्रीतमगढ़ में कोटेदार राशन कार्ड धारको 5 किलो अनाज की जगह 4 किलो अनाज ही वितरित किया जा रहा है । जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने नजीबाबाद एसडीएम विजय वर्धन तोमर से की साथ ही अनाज सही मात्रा में वितरित कराने की मांग की । ग्रामीणों का कहना है जब से हम राशन ले रहे हैं राशन डीलर अशोक प्रीतमगढ़ हमें 4 किलो अनाज ही देता आ रहा है। कुछ भोले-भाले ग्रामीणों को तो यह भी नहीं पता सरकार द्वारा हम गरीबों को कितना अनाज मिलता है। ऐसे में राशन डीलर इन भोले-भाले ग्रामीणों का खूब फायदा उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है हमें तो यही पता है कि सरकार की तरफ से हमें साडे 4 किलो ही अनाज दिया जा रहा है। कुछ इनसे ऊपर के समझदार ग्रामीणों का यह भी कहना है कि हमने कोटा धारक को कई बार कहा कि सरकार द्वारा हम गरीबों को पर यूनिट 5 किलो अनाज देने की सरकार बात कर रही है आप हमें पर यूनिट 4 किलो क्यों दे रहे हो। जवाब में यह भी कहता है कि ऐसा सब ही राशन डीलर कर रहे हैं मैं अकेला ही नहीं हूं। राशन डीलर से बात की गई तो राशन डीलर ने कहा मैं 5 किलो ही बाट रहा हूँ जबकि मौके पर राशन लेकर जा रहे युवक ने बताया कि 4 किलो अनाज ही दिया जा रहा है । उप जिलाधिकारी ने अवगत कराते संतोषजनक जवाब देते हुए जांच कराने की बात कही कहा घाटोली करने वाले को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

## ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने मनाया विश्व रेडियो दिवस

**भास्कर समाचार सेवा**

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम के साउथ सिटी 1 स्थित ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी पब्लिक स्पीकिंग स्किल्स और क्रिएटिव टैलेंट को उगाजर करने के साथ, विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर रेडियो आर्किड्स इन-हाउस स्कूल रेडियो का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने पब्लिक स्पीकिंग के स्किल्स को निखारने के लिए एक मंच देना पब्लिक स्पीकिंग ओआईएस के पाठ्यक्रम का हिस्सा है, और छात्रों की रचनात्मकता को मध्य नजर रखते हुए मौज-मस्ती के अवसर देना था। रेडियो ऑर्किड्स की शरुआत में वेदर रिपोर्ट प्रसारण के साथ हुई, जिसके बाद विश्व रेडियो दिवस की पृष्ठभूमि और रेडियो के इतिहास पर कुछ मिनटों की चर्चा हुई। कक्षा 8वीं की यशिका और कक्षा 6वीं की दिव्यांशी ने रेडियो जॉकी आरजे की भूमिका निभाई और कार्यक्रम की मेजबानी की। रेडियो ऑर्किड्स के दौरान लेट्स नो अबाउट फाइनेंशियल लिट्रेसी एट ऑर्किड्स शीर्षक से एक ऑडियो ड्रामा चलाया गया।



कार्यक्रम का समापन दोनों आरजे द्वारा कुछ शांतिमय संगीत और एक रचनात्मक बाय-बाय नोट के साथ किया गया। गुरुग्राम स्थित ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की डॉ. निधि दुग्गल प्रिंसिपल ने कहा, हम सभी में एक गुण होता है, जो हमें दूसरों से अलग बनाता है क्योंकि हम सभी यूनिक हैं। विश्व रेडियो दिवस पर इस रेडियो प्रसारण का प्राथमिक लक्ष्य ऑर्किड्स के लिए अपने छात्रों को विभिन्न प्रकार की शैलियों से परिचित कराना था, ताकि वे अपने स्किल्स का विकास कर सकें और खुद को और बेहतर बना सकें। पूरे कार्यक्रम के दौरान हमारे बच्चों ने शानदार काम किया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। डक्र अपने कैंपस रेडियो कार्यक्रम का उपयोग छात्रों द्वारा लिखे गए नाटक, कविताओं और गीतों को रिकॉर्ड करने के लिए कर रहा है।

## बच्चों में पब्लिक स्पीकिंग का विकास करना जरूरी:रेणु सिंहं

**भास्कर समाचार सेवा**

**गुरुग्राम।** वो दिन बीत गए जब बच्चे बोलने में शमार्ते, झिझकने या कतराते थे। आजकल, भविष्य के लिए तैयार छात्रों के ग्रोथ का नजरिया उन्हें इतना मुखर और एक्सप्रेसिव बना दिया है कि वे तर्क के प्लेटफॉर्म पर अपने आइडिया को स्पष्ट रूप से जाहिर कर पाते हैं। यंग लर्नर अपनी बातों में तार्किकता के साथ कहना और समझना पसंद करते हैं। बदलते समय के साथ, विचारों को प्रस्तुत करने और सो कॉल्ड पब्लिक स्पीकिंग स्किल चलन में है। यह शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से होते विकास की गवाही दे रहा है। रेणु सिंह, प्रधानाचार्य, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, गोल्फ कोर्स रोड, गुरुग्राम के अनुसार, वाक्पटु वक्ताओं के लिए करियर ग्रोथ के स्कोप काफी ज्यादा हैं। स्कूल के एकेडमिक करिकुलम में पब्लिक स्पीकिंग सभी एज ग्रुप के स्टूडेंट्स में काफी अहम स्थान रखता है। यदि, आप कभी स्टेज परफॉर्मेंस या दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में बात करते



हैं, तो यह छात्र के वर्तमान दृष्टिकोण को जोरदार तरीके से प्रस्तुत करने में मदद करता है। यह कॉन्फिडेंस को बढ़ाता है। छात्रों की समझ में सुधार लाता है। कलासरुम लर्निंग को गंभीर थिंकिंग से कनेक्ट करता है। सार्वजनिक वक्तव्य उनके कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे व्यक्तिगत संतुष्टि भी मिलती है। इस तरह से, हर स्कूल के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि छात्रों को उचित मंच मिले, जो उनकी पब्लिक स्पीकिंग को बेहतर करे। शैक्षणिक संस्थानों में स्कूल एक्टिविटिज में शत-प्रतिशत भागीदारी छात्रों के इस कौशल को बेहतर बनाती है।

## लेक्का का नया वेडिंग सॉन्ग ले जाना को लांच किया



**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** जैकी भगनानी के नेतृत्व में भारत के लीडिंग म्यूजिक लेबल, Jjust म्यूजिक ने शादी के इस सीजन के लिए ह्यले जानाह्ल नाम से एक नए गाने को रिलीज किया है, जिसे पॉप सिंगर लेक्का ने गाया है। जोशपूर्ण और दिलकश डांस नंबर को मुदस्सर खान द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ किया गया है और कुमार ने इसके बोल लिखे है और लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस द्वारा इसको कम्पोज किया गया है। Jjust 2022 में माशूका, बरसात, जैसा तुम चाहो, और नैन रोंदे रहेंगे जैसे गानों के साथ-साथ अन्य सुपरहिट गानें बनाते आ रहे है। स्ट्रैप, जिसने लेबल के पॉप गायक लेक्का को पेश किया, जिसे खूब सराहा गया है। अपने नए गीत ले जाना के साथ Jjust लेबल और लेक्का इस शादी के मौसम में स्टेज को जगमगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। गायक, लेक्का ने गीत की रिलीज पर टिप्पणी करते हुए बताया मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि हमारे प्रशंसकों ने अतीत में हमारे संगीत का कितना लुफ्त उठाया है, और मुझे उम्मीद है कि ले जाना आगामी शादियों में संगीत प्रेमियों के बीच पसंदीदा बन जाएगा। यह एक मजेदार गीत है जिसे सुनकर बहुत सारे पैर थिरकते हैं।

## हायर ने लॉन्च किया किनौची 5 स्टार हैवी.ड्यूटी प्रो एयर कं डीशनर

**भास्कर समाचार सेवा**

**मेरठ।** हायर ने आज भारत में अपने किनोची 5 स्टार हैवी.ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की। किनोची एसी सीरीज इंटेली स्मार्ट फीचर्स एवं हायर स्मार्ट ऐप के साथ साथ सुपरकूलिंग फीचर तथा कम्फर्ट कंट्रोल के साथ दमदार परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। लॉन्च के इस मौके पर हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट श्री सतीश एनएस ने कहाए श्हायर मेंए हम इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज से संचालित प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं जो कि हमारे उपभोक्ताओं के जीवन को सरल एवं अत्याधिक सुविधाजनक बनाते हैं। भारत विषम परिस्थितियों के मौसम को अनुभव करता है खासकर गर्मियों का मौसम। इसलिए इन्ही सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने किनोची 5 स्टार हेवी.ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज की नई रेंज लॉन्च की है जो कि अत्यधिक तापमान में ऑप्टिमम कूलिंग को सुनिश्चित करता हैए और यहां तक कि कम्फर्टए विश्वसनीयता तथा परफॉरमेंस को अधिकतम करने के लिए ट्रिपल इन्वर्टर प्लस तकनीक के साथ कॉस्ट एफिशियंसी का भी ख्याल रखता है। उन्होंने आगे कहा, हम भारत में एयर कंडीशनर के लिए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने और सहायता करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं इसके अलावा हम वर्ष 2023 में दो अंकों की वृद्धि दर को हासिल करने के लिए भी पूरी तरह से आश्वस्त हैं भारतीय घरों में अल्टीमेट कम्फर्ट लाने के अपने प्रयास मेंए हायर ने किनोची हेवी. ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीज में इनोवेशनए डिजाइन एवं ऊर्जा दक्षताओं का एक परफेक्ट ब्लेंड है। जो उपभोक्ता अपनी लाइफस्टाइल को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ अपग्रेड करना चाहते हैंए उन्हें कुछ और देखने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के उत्पादन के लिए हायर की प्रतिबद्धता व्यवसाय के मूल में निहित हैए साथ ही इंस्पायर्ड लिविंग के लिए उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए ब्रांड निरंतर तरीके से विकसित होता जा रहा है।

## फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने स्टेज-4 लंग कैंसर से जूझ रहे 74-वर्षीय बुजुर्ग को दिया नया जीवन

**भास्कर समाचार सेवा**

**नोएडा।** क्लीनिकल उत्कृष्टता का एक शानदार उदाहरण पेश करते हुए फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने स्टेज-4 लंग कैंसर से जूझ रहे 74 वर्षीय मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया है। यह फेफड़ों यानी लंग कैंसर का एक दुर्लभ मामला था जिसमें कैंसर मस्तिष्क के एक हिस्से तक फैल गया था। डॉ. शुभम गर्ग, सीनियर कंसल्टेंट-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, फोर्टिस नोएडा के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम ने बहुत सावधानी के साथ इलाज प्रक्रिया को चुना और कैंसर का एडवांस्ड स्टेज होने के बावजूद सफल रिकवरी में मरीज की मदद की। मरीज भगवान सहाय को सांस लेने में तकलीफ होती थी और नोएडा के ही एक अन्य अस्पताल में फेफ-



ड़ों में संक्रमण होने की आशंका को लेकर उनकी जांच चल रही थी। एक सीटी स्कैन में उनके फेफड़ों के निचले बाएं हिस्से में एक बड़ी गांठ दिखाई दी। उनकी हालत धीरे-धीरे खराब होती जा रही थी और शरीर के बाएं हिस्से में बढ़ती कमजोरी के चलते उनके लिए अपना संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो रहा था। मस्तिष्क का एमआरआई करने पर पता चला कि उनके दाएं टेंपोरोपैराइटल रीजन में 8 सेंटीमीटर लंबा एक जख्म है जिसके मेटास्टेसिस कैंसरकारक होने की आशंका थी।

## फोर्टिस नोएडा में सर्जरी के दौरान मिले मरीज पड़े प्यार में

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** प्यार का महिना परवान पर है और अलग अंदाज में युगल प्यार को परिभाषित कर रहे हैं। प्यार का एक अनूठा किस्सा फोर्टिस अस्पताल नोएडा से भी आया है, जहां दो अन्जान लोग सर्जरी के बाद एक दूसरे के प्यार में पड़ गये। प्रतीक भसीन और निकिता प्रभाकर भसीन चोट के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे, जहां दोनों की आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई। सर्जरी के उपरान्त यह दोनों मिले, उनकी केमिस्ट्री क्लिक हुई और फिर वे एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए। प्रतीक भसीन उम्र-30 वर्ष और निकिता प्रभाकर भसीन उम्र-26 का इलाज फोर्टिस नोएडा के डॉ. अतुल मिश्रा के अधीन किया गया। निकिता की खेल संबंधी चोट के लिए आर्थोस्कोपी



सर्जरी की गई। उनके घुटने का लिगामेंट पूरी तरह से टूट गया था और आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद वह पूरी तरह से ठीक हो गईं। संयोग से प्रतीक को भी ऐसी ही चोट लगी थी और उन्हें बगल के कमरे में भर्ती कराया गया था। यही सर्जरी प्रतीक की भी की गई थी और उस समय यह दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे। सर्जरी के दूसरे दिन निकिता बहुत अच्छी तरह से चल रही थी और काफी सुधार दिखा रही थी। वहीं दूसरी ओर बगल के कमरे में भर्ती प्रतीक चलने में झिझक और अनिच्छा दिखा रहे थे।

## धर्म व भारतीय संस्कृति की अस्मिता की रक्षा के लिए सकल जैन समाज ने आचार्य लोकेशजी का अभिनंदन किया

**भास्कर समाचा सेवा**

**नई दिल्ली।** विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेशजी ने बीते दिनों दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित जमीयत उलामा-ए-हिन्द के अधिवेशन में मौलाना अरशद मदनी द्वारा कही विवादित बातों को मंच से ही विरोध किया था, जिसकी चर्चा जहां आज पूरे देश में हो रही हैं, तो वहीं अखिल भारतीय सकल जैन समाज ने आचार्य लोकेशजी के क्रांतिकारी विचारों एवं दूसरे धर्मों के प्रति आदर सम्मान की भावना के लिए अखिल भारतीय जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली के सभागार में आज अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जेपीजी की 5वें वार्षिक सम्मेलन में उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं लेखक अमित राय जैन, वरिष्ठ समाजसेवी , जन




प्रतिनिधि एवम् मनोनीत पार्षद मनोज कुमार जैन, जेपीजी के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन, राष्ट्रीय महासचिव मीठालाल जैन ने आचार्य लोकेशजी को शाल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जैन गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि आचार्य लोकेशजी ने शांतिप्रिय ढंग से अपना विरोध जाहिर करते हुए अरशद मदनी को शास्त्रार्थ की चुनौती भी दे डाली। आचार्य लोकेशजी ने हिन्दू, सनातन धर्म पर हुए प्रहार के लिए यह फैसला लिया कि किसी भी जाति, सम्प्रदाय के लिए इस तरह भावना रखना गलत है।

## प्रसिद्ध समाजसेवी को दुबई में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** जाने-माने समाजसेवी व वर्क कल्चर कंसलटेंसी के चैयरमेन डॉ. शुलपाणि सिंह की सेवाभाव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। हाल ही में उन्हें दुबई में इंटरनेशनल एमीनेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। 12 फरवरी को केनल व्यू रेडिशन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें एक्सीलेंसी लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों और विदेशों में संस्कृति के ध्वजवाहक के रूप में पहचान देते हुई प्रदान किया गया। यह भारत के लिए गर्व की बात है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में लगभग 15 देशों के 100 से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले लब्ध प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर



यूएई के पूर्व पर्यावरण एवं जल मंत्री महामहिम मोहम्मद सईद अल किंडी, महामहिम शेख जुमा बीन मात्तोम अल मात्तोम के निजी सलाहकार एवं कार्यकारी निदेशक याकूब अल अली मुख्य अतिथि और एमिरेट्स हाउसिंग ग्रुप एवं दुबई के प्रसिद्ध उद्योगपति हनीफ शेख विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे साथ ही कार्यक्रम में देश-दुनिया के नामी-गिरामी और लब्ध प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। इस मौके पर, डॉ. शुलपाणि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान करने के बारे में सूचित किया गया तो हमें बेहद खुशी हुई।

## स्टेम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये वूमन इन स्टेम कारवां रोडशो की शुरूआत

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** पीएण्डजी इंडिया ने अपनी तरह के पहले रोडशो वूमन इन स्टेम कारवां को हरी झंडी दिखाई। इस रोडशो का आयोजन कई शहरों में किया जाएगा। इसमें साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमैटिक्स स्टेम से जुड़े उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये प्रमुख हितधारकों को एकसाथ लाया गया। इस रोडशो को जी20 आयोजनों के तहत आधिकारिक मान्यता मिली है और इसकी शुरूआत नई दिल्ली में इंटरनेशनल डे फॉर वूमन एण्ड गर्ल्स इन साइंस पर एक बेहतरीन वूमन इन स्टेमः पॉलिसी, प्रैक्टिस एण्ड इंटरवेंशन्स गोलमेज सम्मेलन के साथ हुई। इस सम्मेलन में 20 से ज्यादा प्रतिष्ठित पेशेवर एक साथ आए, जिनमें नीति-निमार्ता, व्यवसायी, शिक्षाविद और निवेशक शामिल थे। सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारियों में पीएण्डजी इंडिया, सेंटर फॉर सिविल सोसायटी, शिक्षा मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



विभाग, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय और नीति आयोग के प्रतिनिधि शामिल थे। यह चर्चा महत्वपूर्ण विषय क्षेत्रों के इर्द-गिर्द रही, जैसे कि नीतिगत उपायों के माध्यम से स्टेम कॅरियर्स में महिलाओं का प्रवेश संभव बनाना, विभिन्न क्षेत्रों में स्टेम में महिलाओं की वर्तमान सच्चाई पर जमीनी-स्तर की सूचनाएं और सरकार तथा व्यवसायों के वे हस्तक्षेप, जो कि अगले 5 वर्षों में स्टेम में महिलाओं के प्रवेश और बने रहने को आसान बना सकते हैं। इस सम्मेलन के दौरान पीएण्डजी इंडिया और सेंटर फॉर सिविल सोसायटी ने नालागढ़, हिमाचल प्रदेश के इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में कोर्स कर रहीं लड़कियों को पीएण्डजी शिक्षा बेटियाँ स्कॉलरशिप भी दी।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित की गई पोर्ट्रेट मेकिंग और क्विलिंग प्रतियोगिता

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** रंगत- द फाइन आर्ट सोसाइटी ऑफ राजधानी कॉलेज एवम दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पोर्ट्रेट मेकिंग प्रतियोगिता और क्विलिंग प्रतियोगिता नामक इन दो अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन दिल्ली में किया गया। रंगत-द फाइन आर्ट सोसाइटी पूरे डीयू-सर्किट में सबसे प्रतिष्ठित फाइन आर्ट सोसाइटी में से एक है और इस प्रतियोगिता में डीयू के कई कॉलेजों के छात्रों की भागीदारी देखी गई। प्रतियोगिता की शुरूआत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर राजेश गिरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। भारत एक युवा राष्ट्र है और प्रतिभाओं की वास्तविक भूमि है जो इस प्रतियोगिता में दिखाई दे रही थी। पोर्ट्रेट प्रतियोगिता को राजेश द्वारा जज किया गया था, जो रंगत-द फाइन आर्ट सोसाइटी के संस्थापक हैं, इसके साथ ही वे एजीएल लर्निंग ऐप के संस्थापक और सीईओ भी हैं। गहन मूल्यांकन



के बाद निर्णायकों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। पोर्ट्रेट मेकिंग प्रतियोमिं प्रथम पुरस्कार एसबीएससी के शैनमेन रिद्दी को दिया गया, दो उपविजेता कॉलेज ऑफ आगता ट्र्स के ऋतिक और एआरएसडी के अभिषेक हैं। क्विलिंग प्रतियोगिता में डीआरसी की हिमाद्री को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, दो उपविजेता डीसीएसी से भाविका और राजधानी कॉलेज की रिया दीक्षित हैं।राजधानी कॉलेज का ललित कला समाज छात्रों को अपनी कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए। अधिक अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूपी के स्कूलों में बच्चों की शिक्षा को बेहतर बना रहा है लीड

**भास्कर समाचार सेवा**

**गाजियाबाद।** भारत का सबसे बड़ा स्कूल एडटेक यूनिकॉर्न लीड यूपी के स्कूलों में शिक्षा परिणामों को बेहतर बनाते हुए छात्रों में आत्मविश्वास निर्माण कर रहा है। लीड के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमीत मेहता का कहना है, अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम, मल्टी मोडल पढ़ाने-पढ़ने की पद्धतियों तथा टेक्नोलॉजी आधारित सुविधाओं के माध्यम से लीड का एनईपी अनुकूल इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को सभी विषयों की गहराई से समझ और विशेषज्ञता प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया, अब तक उत्तर प्रदेश के लगभग 115 स्कूल लीड का इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम लागू कर चुके हैं, जिससे इनमें पढ़ने वाले



46,000 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही लीड द्वारा उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाने वाले 1050 शिक्षकों को प्रशिक्षित एवं प्रमाणित भी किया गया है। भारत में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे हर दिन अपने स्कूल में 6-7 घंटे बिताते हैं। इसके बावजूद सिर्फ भारत के महानगरों में महंगी फीस वाले स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाती है। लीड में हम इसी कमी को दूर करना चाहते हैं और इसके लिए हमारे इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम के जरिए भारत के स्कूलों को अधिक सक्षम बनाया जाएगा।

## 43वां दास धर्म सेवादारी दिवस समागम

**भास्कर समाचार सेवा**

**नई दिल्ली।** सचखण्ड नानक धाम इन्द्रपुरी लोनी हुजुर महाराज दर्शनदास दरबार में चार दिवसीय दास धर्म दिवस समागम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। यह समागम 15 फरवरी से 18 फरवरी महाशिवरात्रि तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर देश विदेश जिनमे यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया अफ्रीका से हजारो की संख्या में श्रद्धालू यहाँ पहुच रहे हैं। सचखण्ड नानक धाम के प्रमुख परम सन्त महाराज त्रिलोचन दास जी द्वारा इस समागम को लोक कल्याण हेतु समर्पित किया गया है जिसके अंतर्गत सचखण्ड नानक धाम की ओर से निशुल्क मेडिकल कैम्प, नेत्र चिकित्सा शिविर, गरीब विद्यार्थियों को पुस्तकें



और विधवा महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की जायेंगी, साथ ही यहाँ 24 घंटे लंगर का भी प्रबंध किया जा रहा है। संस्था के संरक्षक दास हैरी भोगल दास दीपक मारवाह ने बताया कि समागम में विभिन्न क्षेत्रो के गणमान्य बुद्धिजीव, सन्त सभी धर्मो के अनुयायी अपनी शालीन उपस्थिति से समागम की गरिमा बढ़ायेंगे, समागम में प्रतिदिन सत्संग कीर्तन और ध्यान शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाज सेवी सत्य भूषण जैन ने कहा की इस समागम में अग्रवाल जैन धर्म के लोग भी सम्मिलित होंगे।

## डॉ. पूजा कसाना अपनी मेहनत से साल 2022 की बनी ब्रांड आइकॉन

सुपरस्टार अरबाज खान ने रेडिशन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित

रेडिसन ब्लू द्वारका में वर्ष 2022 के अपरूटिंग ब्रांडों को सुविधा प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कई ब्रांडों को विभिन्न श्रेणियों के तहत नामांकित किया गया था। त्वचा और बालों की देखभाल में वर्ष 2022 श्रेणी के ब्रांड, बहुप्रतिभाशाली डॉ. पूजा कसाना ने पुरस्कार अपने नाम किया। इस सफल आयोजन के लिए सम्मानित अतिथि में सुपरस्टार अरबाज खान शामिल हुए। डॉ. पूजा कसाना एम.डी.एस, पीजीडीसीसी, एफएडी, डॉ. कसाना और डॉक्टर्स कार्ट की सह–संस्थापक हैं त्वचा और बालों की देखभाल श्रेणी के लीडर्स में से एक हैं। डॉ. कसना जानी–मानी कॉस्मेटोलॉजी शख्सियत हैं। उन्होंने इस श्रेणी के तहत वर्ष 2022 के ब्रांड आइकन का खिताब जीता। वह एक प्रसिद्ध और भारत में शीर्ष कॉस्मेटिक दंत चिकित्सकों में से एक हैं । अपने अभ्यास से वह प्रमुख व्यवसायों में योगदान दे रही हैं। उसके बौद्धिक उद्यमशीलता और ज्ञान का उपयोग करके उसने रासायनिक योगों और उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बनाया। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से त्वचा और बालों की देखभाल के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल किया है। उन्होने हर क्षेत्र में सफलता हासिल की है, चाहे वह शिक्षा हो, कॉस्मेटोलॉजी, व्यापार, दंत चिकित्सा। इससे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और दूसरों की मदद करने की शक्ति दी। डॉ. पूजा कसाना thedoctorskart.com नाम से एक बड़ा बिजनेस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म चला रही हैं और त्वचा और बालों की देखभाल करने




वाले उत्पादों के कई उप–ब्रांड हैं जैसे डॉ. कसाना, डॉ इन्वेशन। यह प्लेटफॉर्म सौंदर्य संबंधी उत्पादों और हेल्थकेयर सप्लीमेंट्स की सर्वोत्तम रेंज प्रदान करता है। त्वचा और बालों की देखभाल के लिए डॉ कसाना और डॉक्टर कार्ट सर्वोत्तम गुणवत्ता, सल्फेट और पैराबेन मुक्त और त्वचा और बालों की देखभाल के परिणाम उन्मुख उत्पाद है। उनके पास कई उत्पाद हैं, उनकी सूची में रेंज है जो त्वचा संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करती है। डॉ. पूजा कसाना का मानना है निरंतर सुधार के सिद्धांत के अनुसार, वह हमेशा व्यवसाय को उन्नत करती हैं। ग्राहकों की आवश्यकताओं और ग्राहकों की संतुष्टि में विश्वास करती हैं। डॉ. कसाना और डॉक्टर्स कार्ट का अनूठा बिक्री प्रस्ताव उनका इनोवेशन और लगातार सुधार किया जा रहा है। उनका व्यवसाय दिन–ब–दिन बढ़ रहा है, क्योंकि वह हमेशा काम करती हैं। ग्राहक की संतुष्टि———

10 वर्षों के अनुभव के साथ डॉ. पूजा कसाना नवीनतम और नवीनतम उन्नत प्रौद्योगिकियां के साथ रोगियों का इलाज कर रही हैं। वह अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ को काफी शान से मैनेज करती हैं। वह हमेशा आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए एक आसान और प्रभावी तरीका खोजने की पूरी कोशिश करती है उसका रास्ता निकालती हैं। वह हमेशा खुद को इतनी गरिमा और आत्मविश्वास के साथ कैरी करती हैं, जितना कि उनका व्यक्तित्व खुद उसके बारे में बहुत कुछ कहता है। वह समस्याओं को दूर करने और ऊपर देखने में विश्वास करती है, उन्हें अनसुलझा रहने देने के बजाय उनका समाधान करती हैं यही उनकी सफलता की कुंजी है। वह वहां की महिलाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण स्थापित कर रही हैं और दुनियाभर की सभी महिलाओं को प्रेरित करती हैं कि खुद पर विश्वास करना और अपना करियर बनाना शुरू करना है। उनका मानना है कि ष्हमेशा अपने आप में विश्वास करो और अपने लिए सर्वश्रेष्ठ हासिल करने की ऊधम को कभी मत रोकोष बोली वह कहती हैं कि कुछ भी हो जाए बस अपने कौशल और ज्ञान पर विश्वास करें, अपना दें अपने सपनों को हासिल करने के लिए सबसे अच्छा। अपनी सफलता के दौरान उन्होंने कई उतार–चढ़ाव का सामना किया। लेकिन उसने कभी हार नहीं मानी और इससे बाहर आने के लिए अपनी ऊधम परिस्थिति को कभी नहीं रोका। वह प्राकृतिक और प्रभावी त्वचा और बालों की देखभाल करने वाले उत्पादों के साथ दुनिया को फलने–फूलने का लक्ष्य रखती है। सल्फेट, पैराबेन और किसी भी अन्य हानिकारक रसायनिक पदार्थ से मुक्त. डॉ पूजा हमेशा सामने दिखती हैं और इतने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता बनाती है, साल 2022 की ब्रांड आइकॉन बन रही है उन्हीं में से एक है।












# जन्मदिन पर मिले आप सभी के प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार








सुंदर लाल सरपंच (सिकंदरपुर बढ़ा)

भाजपा पंचायती राज जिला संयोजक एवं अध्यक्ष सरपंच एसोसिएशन मानेसर गुरुग्राम


संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा ए0जी0एस0 पब्लिकेशन्स, एफ 23, सेक्टर-06, नोएडा से मुद्रित एवं एफ 23, सेक्टर-06 से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे।
वेबसाइटः dainikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालयः 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेलः nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712, लैंडलाइन फोन+911203166405





# अब 'तीसरी आंख' के पहरे में रहेगा कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम

■ खिलाड़ियों समेत बाहरी तत्वों पर रखी जाएगी निगरानी, परिसर में लगाए गए आधा दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरें



लियाकत मंसूरी

मेरठ। अब कैलाश प्रकाश स्टेडियम में खिलाड़ियों व बाहरी तत्वों की ऑनलाइन निगरानी होगी। इन लोगों पर नजर रखने के लिए पूरे स्टेडियम में पहली बार आधा दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। आरएसओ अपने कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में बैठे हुए निगरानी करेंगे। सीसीटीवी कैमरे लगने से स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाली महिला खिलाड़ी सुरक्षित रह सकेगी।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी योगेन्द्र पाल सिंह ने बताया, अभी तक कैलाश प्रकाश स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। इसके कारण बाहरी तत्व व खिलाड़ियों पर नजर रखना मुश्किल हो रहा था। कई बार स्टेडियम में हुई घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया। योजना के तहत स्टेडियम परिसर में 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनसे पूरे परिसर पर नजर रखी जाएगी। बताया एक कैमरा मेन गेट, चार बाहरी दीवारों, दो कार्यालय के बाहर व एक स्टेडियम में प्रवेश द्वार पर लगाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम उनके कार्यालय में बनाया गया है, जहां पर कार्यालय में बैठे हुए खिलाड़ियों व बाहरी तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी।

## 95 प्रतिशत काम हुआ पूरा



उन्होंने बताया, श्रीहरि इंटरप्राइजेज को ठेका दिया गया है। 95 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। पांच मेगा फिक्सल के कैमरे लगाए गए है, जिससे कैमरों में कैद होने वाली तस्वीरें साफ दिखाई दे सके। रिकॉर्डिंग का डाटा एक माह तक सुरक्षित रहेगा।



# ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता एक से पांच मार्च तक

विजेता टीमों को दो लाख, उपविजेता टीम को एक लाख की नकद मिलेगी राशि

यूपी समेत 12 राज्यों की महिला टीमें करेंगी शिरकत



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में बिछी एस्ट्रोटर्फ का सही रूप से प्रयोग हो सकेगा। अगले माह एक से पांच मार्च तक हॉकी फेडरेशन की ओर से खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महिला हॉकी ओपन चैंपियन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यूपी समेत 12 राज्यों की महिला टीमें शिरकत करेगी। आरएसओ योगेन्द्र पाल सिंह ने बताया, खेला इंडिया के तहत स्टेडियम में बिछाई गई एस्ट्रोटर्फ पर पहली बाहर इतने बड़े लेवल पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में यूपी, बिहार, पश्चिमी बंगाल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, रेलवे आदि की टीमें भाग लेगी। उन्होंने बताया, प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख का कैश प्राइज व उप विजेता टीम को एक लाख रुपये व तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 50 हजार का कैश प्राईज दिया जाएगा। बाहर से आने वाली टीमों को होटल में ठहराया जाएगा। उनके आने-जाने व भोजन का कैश पेमेंट किया जाएगा।

## बाकायदा प्रचार-प्रसार किया आरंभ

उन्होंने बताया, इससे मेरठ व आस-पास के जनपद के उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का अनुभव प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया, इसके लिए बाकायदा प्रचार-प्रसार आरंभ कर दिया गया है। जिससे लोगों में हॉकी के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

# खेल के प्रति शौकियां खिलाड़ियों में बढ़ी रूचि

## अब तक बन चुके 1500 से अधिक कार्ड, कोरोना काल के बाद आयी जागरूकता

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। कोरोना काल के बाद लोगों में अपने आपको स्वस्थ्य रखने के लिए खेलों में रूचि बढ़ गयी हैं। इसका उदाहरण कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम में देखने को मिल रहा है। क्योंकि यहां शौकियां खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह आंकड़ा पंद्रह सौ तक पहुंच गया है, लेकिन अब इन खिलाड़ियों की एंट्री फ्री नहीं होगी, प्रत्येक खिलाड़ी से 200 रुपये का शुल्क वसूला जाएगा। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी योगेन्द्र पाल सिंह ने बताया, अभी तक स्टेडियम के शौकिया खिलाड़ियों के कार्ड बनने की संख्या 500 से 600 के आस-पास ही रहती थी। यह संख्या वर्षों से चलती आ रही थी, लेकिन कोरोना काल के बाद लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आयी है। जिस कारण स्टेडियम में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया, अभी तक 1500 से अधिक लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिसमें सबसे अधिक एथलेटिक्स के है। इसके बाद हॉकी, कबड्डी, बाक्सिंग, तैराकी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन, आर्चरी, शूटिंग जिमनास्ट के हैं।





## फूला नहीं समा रहें स्टेडियम अधिकारी

गौरतलब है, ये ऐसे लोग है जो कोई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नहीं है। इतने कार्ड बनने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी हुई है। शौकिया खिलाड़ियों के इस जत्थे को देखते हुए स्टेडियम प्रशासन भी फूला नहीं समा रहा है।

## स्टेडियम ने बना दिया टाइम टेबल

बताया, ऐसे खिलाड़ियों के लिए टाइम टेबल बनाया हुआ है। गर्मी में सुबह के समय 5.30 से 7.30 बजे तक। शाम को दो बजे से 5.30 बजे तक। जबकि सर्दियों में मौसम में सुबह 6 से 10 बजे तक, शाम को तीन बजे से सात बजे तक है। इसके लिए बाकायदा 8 कोच को लगाया गया है, जो ऐसे शौकिया खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## राशी मिस तो विशु चुने गए मिस्टर फेयरवेल



**भास्कर संवाददाता, सरधना।** कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ कक्षा-12वीं के छात्रों का तिलक करके एवं स्वागत करके किया गया। मुख्य अतिथि नगीन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन, प्रधानाचार्या अलका शर्मा, प्रबन्धक शाल्विक जैन द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। मिस फेयरवेल राशी सिद्धू व मिस्टर फेयरवेल विशु प्रजापति, मिस सेंट जेवियर्स वंदना सोम और मिस्टर सेंट जेवियर्स अदम्य चुने गए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान मिलेगी भरपूर बिजली

एमडी ने समस्त 14 जनपदों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। यूपी बोर्ड परीक्षा एवं महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सभी परीक्षा केन्द्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इस सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी द्वारा बताया गया, यूपी बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं के दृष्टिगत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के समस्त 14 जनपदों में परीक्षा केन्द्रों को पोषित करने वाले फीडरों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों को पोषित करने वाले पोषकों के अतिरिक्त शेष पोषकों को कन्ट्रोल द्वारा निर्धारित शैड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु परीक्षा केन्द्रों से सम्बन्धित सभी 33/11 केवी उपसंस्थान एवं सम्बन्धित 11 केवी पोषकों को चिन्हित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि/समय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बन्धित अवर अभियन्ता (वितरण) एवं उपखण्ड अधिकारी (वितरण) का दायित्व निर्धारित किया गया है। बताया, पर्यवेक्षणीय उत्तरदायित्व, सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता (वितरण) का निर्धारित किया गया है, जिससे कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा एवं महाशिवरात्रि के पर्व को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण संचालन हेतु सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।



# प्रतिभाओं का प्राइड ऑफ द सिटी अवार्ड देकर किया गया सम्मान

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** सामाजिक संस्था द ग्रोइंग पीपल, नगर निगम, कैंटोनमेंट बोर्ड तथा एमआईईटी कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से मेरठ के ऐसे प्रतिभावान लोगों को ₹प्राइड ऑफ द सिटी अवार्ड₹ देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेरठ का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही संस्था द्वारा पर्यावरण और जल संरक्षण पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय सह प्रमुख राकेश जैन मुख्य अतिथि रहे। इनके अलावा मेरठ छावनी विधायक अमित अग्रवाल, मेरठ छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी ज्योति कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, सहायक नगर आयुक्त बृजपाल सिंह तथा दीवान ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक एचएन रावत विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु सरण अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में अमित सोलंकी, संदीप चौधरी, महेश चौहान, अजय चौधरी, संदीप त्यागी, दिव्यांश अग्रवाल, मोहित कपूर, सत्येंद्र, अनुज बिश्नोई, इकबाल रजा, अनुज हूण का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन त्रिनाथ मिश्रा ने किया।





# नौचंदी मेले को लेकर अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में नौचंदी मेले के आयोजन के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नौचंदी मेले में विद्युत व्यवस्था, दुकानों का आवंटन, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था, पटेल मंडप की मरम्मत व रंगाई-पुताई, टॉयलेट की समुचित व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारी से गत वर्ष मेले के आय-व्यय का विवरण प्राप्त किया तथा नगर निगम के अधिकारी को मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई व सडक मरम्मत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नौचंदी मेले में व्यवस्थित रूप से स्थान का उपयोग किया जाए। उन्होंने पटेल मंडप में स्टेज व बैरिकेडिंग की व्यवस्था को सही ढ़ग से किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सीडीओ शशांक चौधरी, नगर आयुक्त डा. अमित पाल शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर दिवाकर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर ओजस्वी राज, नगर मजिस्ट्रेट अमरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# पति-पत्नी साथ रहकर करें नौकरी, बढ़ेगा प्रेम: आचार्यश्री

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** मनुष्य को अपने जीवन में आजीविका चलाने और अपने आत्म कल्याण की कला जरूर सीखना चाहिए। पिता का धन पुत्र का होता है और मां का अपना निजी धन पुत्री का होता है, इसलिए पिता के धन का बटवारा पुत्रों में होता है, यदि पुत्र न हो तो पुत्री में होता है। पति-पत्नी को साथ रहकर नौकरी करनी चाहिए, साथ रहकर काम करने से प्रेम और विश्वास बढ़ता है। नफरत और संदेश दूर होता है। शील और संयम का रक्षण होता है। पुरुष घी है और नारी अग्नि है, इसलिए नारी रुपी अग्नि के सामने पुरुष रुपी घी पिघले बिना नहीं रहता है। ये विचार आचार्यश्री निर्भयसागर महाराज ने असौडा हाउस जैन मंदिर में धर्म सभा को मंगल प्रवचन में व्यक्त किए।



## सार सुर्खियां

### 20 फरवरी से शुरू होगा टीबी रोगी खोज अभियान

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 20 फरवरी से एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान पांच मार्च तक चलेगा। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गुलशन राय ने दी। उन्होंने बताया, अभियान के लिए महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उप्र की ओर से दिशा निर्देश जारी कर किए गए हैं। डॉ. राय ने बताया, अभियान में तहत 250 टीम लगायी गयी हैं। एक टीम में तीन सदस्यों को रखा गया है। जिसमें आशा, आंगनबाड़ी व एक वालिन्टयर को रखा गया है।

### शैक्षिक भ्रमण के लिए दिल्ली पहुंचा छात्राओं का दल

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग के द्वितीय वर्ष (सत्र- 2021-23) की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु दिल्ली ले जाया गया। शैक्षिक भ्रमण प्रभारी (बीएड) डॉ. भावना सिंह, सहप्रभारी डॉ. आशीष पाठक एवं डॉ. ऋचा राणा के नेतृत्व में बीएड प्राध्यापकों एवं छात्राओं का दल शैक्षिक भ्रमण हेतु बस द्वारा दिल्ली पहुंचा। शैक्षिक भ्रमण में डॉ. पारुल मलिक, डॉ. दीपा, डॉ. शाहिदा परवीन एवं डॉ. गौरव का योगदान रहा।

### समझौते के तहत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** शहीद मंगल पांडेय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ और जागरूक नागरिक एसोशिएशन के मध्य जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जागरुकता प्रयासों के दृष्टिगत एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय की ओर से आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार और जागरूक जागरूक नागरिक एसोशिएशन के महासचिव हरीश शुक्ला ने हस्ताक्षर किए।

### सीसीएसयू में लगा रोजगार मेला, उमड़ी भीड़

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रोजगार मेले की शुरूआत बुधवार से शुरू हो गई। इस मेले में युवाओं की भीड़ सुबह से ही आना शुरू हो गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर एसएस गौरव समन्वयक रोजगार प्रकोष्ठ ने सभी कंपनियों के एचआर का पौधे देकर की। इसके बाद सभी कंपनियों का प्रेजेंटेशन कराया गया। रोजगार मेले में लगभग 400 से अधिक की संख्या में प्रतिभागी प्रतिभाग करने पहुंचे।

### एसएसपी के आदेश पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

भास्कर संवाददाता, बहसूमा। थाना अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने बताया, क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा, 6 साल पूर्व रहमापुर निवासी अंकुर पुत्र साहब सिंह से एक प्राइवेट कॉलेज में उसकी मुलाकात हुई थी। प्यार होने पर मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम संभलहेड़ा स्थित सिद्ध पीठ पंचमुखी मंदिर में शादी रचा ली। आरोप है कि शादी के बाद वह पीड़ता को अपने घर रहमापुर ले गया। कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है, अब वह उसे अपने घर नहीं लेकर जा रहा है। दूसरी शादी रचाने की फिराक में है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके घर दबिश दी। लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

भास्कर संवाददाता

मेरठ। निर्माणधीन मकान में काम कर रहे मजदूर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजन शव को घर ले गए और कब्रस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। पुलिस का कहना है, तहरीर नहीं आयी है। लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के शाहजहां कॉलोनी का रहने वाला फुरकान अपने परिवार के पालन पोषण के लिए मजदूरी का काम करता था। बुधवार को फुरकान शाहजहां कॉलोनी में मोहम्मद के यहां निमार्णाधीन मकान के बाहरी हिस्से में काम कर रहा था, पास से ही गुजर रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर फुरकान की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं फुरकान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि हादसा उस समय हुआ, जब फुरकान मोहम्मद के मकान की बाहरी हिस्से में मजदूरी का काम कर रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पास से ही गुजर रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाइन ने फुरकान को पकड़ लिया और उसकी मौत हो गई। थाना लिसाड़ीगेट प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, लेकिन परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया।



# जेठ पर दुष्कर्म का आरोप एसएसपी से की शिकायत

**भास्कर संवाददाता सरूरपुर।** कस्बा हर्रा निवासी विवाहिता ने एसएसपी से शिकायत करते हुए अपने जेठ पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। जिसमें पीड़िता ने सुसराल पक्ष के सात लोगों को नामजद किया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया, आरोपी हारून, अखलाक निवासीगण गांव निवाड़ा बागपत उसके परिवार वालों पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। साथ ही समझौता नहीं करने पर अंजाम भुगत लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी नाबालिग लड़की को उठाने की धमकी दी है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में बताया कि आरोपियों पर पूर्व में भी बुढ़ाना थाने में अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमे आरोपी फरार चल रहे हैं। मामले को लेकर पीड़िता ने एसएसपी से कार्यवाही की मांग करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उधर, मामले को लेकर हर्रा चौकी इंचार्ज प्रवीन चौधरी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जबकि मामला दहेज आदि से जुड़ा होने के चलते परामर्श केन्द्र पर भेजा गया है।



## विद्यार्थियों को खिलाई कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोलियां





**भास्कर संवाददाता, बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में विद्यार्थियों ने कृमि नाशक दवा खाने के फायदों की जानकारी ली। विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य केंद्र रामराज की स्टाफ नर्स कविता ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के लाभ बताए एवं बच्चों को पेट में होने वाले कीड़ों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव व रोकथाम बारे जागरूक किया।

## चिकित्सा शिविर में बच्चों की कराई गई जांच



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित बच्चों की जांच कराई गयी। डॉक्टर कनिष्का सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन कंवलजीत सिंह, वर्तिका, सुजाता, हिना, गीतिका और वंदना का सहयोग रहा।

## बच्चों ने पौधारोपण में लिया भाग

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल में वृक्षारोण का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पौधारोपण में भाग लिया। डायरेक्टर समीर खुर्शीद व प्रिंसिपल सुमईया ने बच्चों को पेड़-पौधों के बारे में बताया। अध्यापिका यशा, स्वाति, अवनी, शिखा आदि उपस्थित रहें।

# फिरोजपुर महादेव मंदिर में कांवड़ मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर

50 हजार श्रद्धालुओं के जल चढ़ाने की संभावना, राज्यमंत्री करेंगे उद्धाटन

भास्कर संवाददाता

बहसूमा। फाल्गुन मास महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कस्बा रामराज के समीप स्थित फिरोजपुर महादेव मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय कांवड़ मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। कार सेवकों द्वारा मंदिर की धुलाई एवं पुताई की जा रही है। मंदिर में चारों ओर सीसीटीवी फुटेज लगाए जा रहे हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारी साफ-सफाई अभियान में जुटे हुए हैं। मंदिर के सामने लगने वाले मेले की दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। मंदिर के सामने खाली पड़ी जमीन में झूले लगाए गए हैं। कुछ प्रतिष्ठान की दुकानें भी लगनी शुरू हो गई हैं। इस बार फाल्गुन मास में 50 हजार श्रद्धालुओं के जल चढ़ाने की संभावना है। जल लेने के लिए कांवड़ियों के जत्थे शुरू हो गए हैं। आगामी 18 फरवरी को मुख्य जलाभिषेक होगा। जिसमें राज्यमंत्री दिनेश खटीक एवं एसडीएम मवाना अखिलेश यादव द्वारा होने की संभावना है।



## मेले के अंदर सादे वस्त्रों में रहेंगे पुलिसकर्मी

थाना प्रभारी अवनीश कुमार शर्मा का कहना है कि महाशिवरात्रि शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए दो टीमें गठित की गई है, जिसमें एक टीम में सादे वस्त्रों में महिला कांस्टेबल रहेगी। दूसरी टीम में कुछ उपनिरीक्षक एवं कांस्टेबल कांवड़ियों के भेष में घूमते रहेंगे।

## असामाजिक तत्व दिखने पर पुलिस को सूचित करें

प्रभारी निरीक्षक ने असामाजिक तत्वों की निगरानी के लिए नागरिकों एवं ग्रामीणों से पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने की बात कही। उनका कहना है कि जहां भी असामाजिक तत्व दिखाई दे तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**सच्चाई और अच्छाई की तलाश में पूरी दुनिया घूम लो, अगर वह खुद के अंदर नहीं है, तो फिर वह आपको कहीं नही मिल सकती।**

# लापरवाही: जिला अस्पताल में नहीं उठाया जा रहा बायो मेडिकल बेस्ट

- मरीजों की जान से किया जा रहा है खिलवाड़
- सीएमएस ने कहा, कंपनी के लोगों को लगा रखा है

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** सरकार बायोमेडिकल बेस्ट पर अधिक ध्यान दे रही है। बायोमेडिकल बेस्ट उठवाने के लिए कंपनी को ठेका भी दे रखा है। कंपनी की जिम्मेदारी है बायोमेडिकल बेस्ट को उठाने की, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल में बायोमेडिकल बेस्ट को नहीं उठाया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिला अस्पताल के रीजनल डायग्नोस्टिक सेंटर के सामने खुले में बायो मेडिकल वेस्ट पड़ा है। इसका शोसल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ।



आगरा के जिला अस्पताल में बायो मेडिकल कचरे के निस्तारण के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। शासन के सख्त नियम होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग केंद्र सरकार की ओर से लागू नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। आगरा के जिला अस्पताल में रीजनल डायग्नोस्टिक सेंटर के सामने बायो मेडिकल कचरा खुले में फेंका जा रहा है। जबकि यहां पर रोजाना सैकड़ों की तादाद में डायरिया, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों के मरीज भी आते हैं। ऐसे में बायो मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकने से गंभीर संक्रमण की आशंका बनी हुई है।

बता दें पर्यावरण प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए कड़े नियम लागू हैं।

अस्पतालों का बायो मेडिकल कचरा हरे नीले रंग के डिब्बों या कूड़ेदान में ही डालने का नियम बनाया गया है। लेकिन आगरा के जिला अस्पताल में इन नियमों से खिलवाड़ किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर चल रहे एक वीडियो के अनुसार जिला अस्पताल के रीजनल डायग्नोस्टिक सेंटर के सामने खुले में सीढ़ियों के किनारे से बायो मेडिकल वेस्ट पड़ा हुआ है। यहां से निकलने वाले लोग बदबू की वजह से अपनी नाक बंद कर निकलने को मजबूर हैं, लेकिन इस कचरे को उठाने वाला कोई भी नहीं है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ ए के अग्रवाल से जब इस बारे में बात की गई तो उनका कहना था कि मैंने ऐसा कोई भी कचरा खुले में नहीं देखा अगर ऐसा है तो मैं इसकी जानकारी करता हूं।

## खेलों से होता है शारीरिक मानसिक विकास: एसडीएम

**एटा/अलीगंज।** नगर के टीडी पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। चार वर्गों में आयोजित हुई खो-खो, कबड्डी, कैरम, शतरंज, बैड मिन्टन, रेस, लेमन रेस, सैगबैग दौड, लूडो में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा मां सरस्वती के वंदना कर किया गया। प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलों के प्रति भी रूचि रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर 14-17 खो-खो, कबडडी में छात्र-छात्राएं, अंडर 14-17 शतरंज व कैरम सेमीफाइनल राउण्ड सम्पन्न हुआ। अंडर 9 में कक्षा एक, दो, तीन के छात्र-छात्राओं द्वारा बैड मिन्टन, रेस, लेमन रेस, सैगबैग दौड व लूडों का प्रथम चरण पूर्ण हुआ। ग्रुप कैप्टन नेहरू हाउस में संस्कार शाक्य, गांधी हाउस में हर्षित यादव, इन्दिरा हाउस अंशिका शाक्य, कलाम हाउस उत्कर्ष वर्मा शामिल रहे।

## चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** थाना टूंडला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ई रिक्शा बहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान एक व्यक्ति पैराडोर होटल के पास खड़ा हुआ था। ई रिक्शा को चुरा कर ले जाने की फिराक में था तभी पुलिस ने उससे पूछताछ की तो घबराकर भागने पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां चोरी का ई रिक्शा बरामद किया है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना भूपेंद्र सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी परशुराम कॉलोनी थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद बताया जिसे पुलिस ने जेल भेजा।

## महिला के साथ तमंचे के बल पर की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** एक महिला अपने घर पर सो रही थी। उसी दौरान गांव के ही तीन लोगों ने घर में घुसकर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई है। मोहिनी देवी पत्नी स्व. अजय सिसोदिया निवासी मंडनपुर नगलाबीच फिरोजाबाद ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि घर पर अकेले बैठी हुई थी तभी देवर छोटू उर्फ सोनू सिसौदिया व सचिन सिसोदिया पुत्रगण किशनवीर एवं मंत्री जाटव निवासी टेड़ी बगिया आगरा घर में घुसकर तमंचे के बल पर छेड़छाड़ एवं आभूषण एवं पांच लाख रुपए की नगदी लेकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। जिसकी रिपोर्ट थाना रजावली में दर्ज कराई है।

## मोबाइल चार्ज कराने के बहाने महिला के साथ की छेड़छाड़

**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** एक महिला के साथ मोबाइल चार्ज कराने आए व्यक्ति ने की छेड़छाड़। पीड़िता ने कराई थाने में रिपोर्ट दर्ज। अनीता देवी पत्नी राजू सिंह निवासी गोथुआ थाना रजावली ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि हरी प्रताप पुत्र जगत सिंह मेरे घर आकर मोबाइल चार्ज कराने के लिए आया था। जैसे ही घर के अंदर गई हुई थी तभी पीछे पकड़कर छेड़खानी करने लगा जब इसका विरोध किया तो मेरे पति भी मौके पर आ गये मेरे पति को देख हरी प्रताप जान से मारने की धमकी देकर भाग जाने में सफल रहा। जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाना रजावली में दर्ज कराई है।

## बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** बच्चों के विवाद में परिवार के ही तीन लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाना पचोखरा में दर्ज कराई है। अनीता देवी पत्नी भानु प्रताप सिंह निवासी प्रभारी थाना पचोखरा लिखाई गई रिपोर्ट में बताया है कि मेरे देवर शिवम, सास सुशीला, देवरानी गीता ने बच्चों के विवाद को लेकर तीनों गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाना पचोखरा में दर्ज कराई है।

## एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**फिरोजाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय फिरोजाबाद में आज वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जनपद फिरोजाबाद के जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) गौरव जैन ने *व्यावसायिक पाठ्यक्रम एवं गुड्स एंड सर्विस टैक्स* के संबंध में छात्राओं के मध्य विविध जानकारियां साझा की। साथ ही उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से यह भी बताया कि वर्तमान परिवेश में हमें किस- किस क्षेत्र में जागरूक होने की आवश्यकता है, जिससे हम अपने वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित कर सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० रेनू वर्मा ने सी.ए. गौरव जैन का हार्दिक स्वागत किया।कार्यक्रम के अंत में उनका आभार प्रकट कर कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष विकास वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर मनीष जैन, शिवानी अग्रवाल सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी

**एटा (भास्कर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत उप्र शासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ (उपाम) द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को समान अवसर प्रदान करने एवं विभिन्न सेवाओं के चयन में जनपद का प्रतिनिधित्व बढाने के उद्देश्य से जनपद में श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज जी टी रोड में निःशुल्क कोचिंग केन्द्र संचालित है। उत्साही एवं मेधावी छात्र/छात्राएं जो आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहते है एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के कोर्स की तैयारी हेतु योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं से निःशुल्क कोचिंग लेने के इच्छुक है, ऐसे छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर शैक्षिक योग्यता सम्बंधी प्रपत्र संलग्न करते हुए 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, 103 अरूणा नगर, एटा अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

## जिले में 32 ग्राम पंचायत सदस्यों के लिये होगा उप निर्वाचन चुनाव

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जनपद में ग्राम प्रधानों एवं सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों व पदों, जो माननीय न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो पर उप निर्वाचन के लिये समय सारणी निर्धारित कर दी गयी है। श्री सिंह ने बताया कि निर्धारित समय सारणी के अनुसार 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाएंगे, 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 22 फरवरी को अपरान्ह 03 बजे तक नाम वापसी लिया जा सकता है, जबकि 03 बजे के बाद प्रतीक आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को प्रातः 07 बजे से सांय 05 बजे तक मतदान कराया जाएगा जबकि 04 मार्च को प्रातः 08 बजे से मतगणना कराई जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि समस्त निर्वाचन अधिकारी अपने से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जाये। नामांकन पत्र विकय, नामांकन पत्र दाखिल करने, उसकी जॉच करने, उम्मीदवारी वापस लेने एवं चुनाव चिन्ह आवंटन और मतों की गणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा का कार्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर किया जायेगा।

## सार सुर्खियां

### एकीकृत निक्षय दिवस पर टीबी व कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरुक



**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** जनपद में बुधवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। इस बीच टीबी और कुष्ठ रोग को लेकर जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान 8452 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। 465 लोग संदिग्ध मिले हैं। जिसमें 344 संदिग्ध के बलगम का सैम्पल लिया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि एकीकृत निक्षय दिवस पूरे जिले में मनाया गया। सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों में निक्षय दिवस पर विभिन्न रोगों से बचाव के बारे में जागरुक किया गया। एसएन मेडिकल कॉलेज के क्षय रोग व वक्ष विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जिला पीपीएम समन्वयक अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आशा भ्रमण के दौरान संभावित मरीजों को चिन्हित तथा सूचीबद्ध कर अस्पतालों तक लेकर आई, जिसका टीबी स्क्रीनिंग के बाद बलगम का नमूना लिया गया। जिला पीपीएम समन्वयक कमल सिंह बताया कि क्षय रोगियों को उपचार के साथ-साथ 500 पोषण भत्ता भी मिलता है। रोगियों की जांच व उपचार के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं भी प्रयासरत हैं।

### किसान यूनियन का धरना-प्रदर्शन जारी




**टूण्डला (भास्कर ब्यूरो)।** किसान यूनियन भानु द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेश कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। धरने पर स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहुंचकर कहा कि अंतिम परिणाम की लड़ाई तक आंदोलन जारी रहेगा। किसान यूनियन ने प्रदेश सरकार के आगे अपनी मागें रखी हैं। जिनमें प्रमुख है। किसान आयोग का गठन के साथ ही किसानों का कर्जा मांफ, नहर व बम्बा में समय समय पर पानी छोड़ा जाए। साथ ही उनकी पूरी सफाई भी समय से की जाए। क्षेत्र में खारे पानी की समस्या का निदान, क्षेत्र के खस्ता हाल सड़कों को ठीक किया जाए आदि शामिल हैं। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक सिंह, प्रदेश महासचिव गौरव प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष निकुंज, एटा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सिंह फौजी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लखन यादव, उपेंद्रपाल सिंह प्रदेश कार्यालय प्रभारी, राजा ठाकुर, शीलू सिकरवार तहसील अध्यक्ष टूंडला, मंजीत प्रताप सिंह आईटी सेल प्रमुख, टिकैत प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रशांत ठाकुर, राजकुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अनीता सिंह सहित हजारों किसान मौजूद रहे।

## चित्रकूट में 14 सदस्यीय दल करेगा बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** 19 फरवरी को आगरा की समाजसेवा और समरसता को समर्पित संस्था जोनल पार्क मित्र मंडल के मॉर्निंग वॉकर्स आगामी 19 फरवरी को चित्रकूट धाम में बुद्धि शुद्धि यज्ञ करेंगे। संस्था के अध्यक्ष लाल सिंह धाकरे ने कहा कि जन जन के हृदय में रहने वाले प्रभु श्री राम और महान संत गोस्वामी तुलसीदास जी कृत श्री रामचरितमानस पर अनर्गल बोलने वाले और संत समाज को आतंकवादी कहने वाले अल्पमति लोग जो हमारी सनातन संस्कृति पर प्रश्न खड़ा करते हैं इनका दिमागी संतुलन पूरी तरह से बिगड़ चुका है ऐसे लोगो को प्रभु सद्बुद्धि दें इसके लिए जोनल पार्क मित्र मंडल के मॉर्निंग वॉकर्स द्वारा चित्रकूट धाम में बुद्धि शुद्धि यज्ञ में 108 आहुति देकर प्रभु राम से इनकी बुद्धि शुद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। यात्रा संयोजक ललित वर्मा ने बताया कि 18 फरवरी को आगरा से मॉर्निंग वॉकर्स का एक 14 सदस्यीय दल चित्रकूट की पावन भूमि पर बुद्धि शुद्धि यज्ञ में भाग लेने पँहुच रहा जो 19 फरवरी को पवित्र पावन मंदाकिनी नदी किनारे आयोजित यज्ञ में 108 आहूति देकर प्रभु राम जी से ऐसे असुर समान लोगों की बुद्धि विवेक को शुद्ध करने के लिए प्रार्थना करेंगे। 14 सदस्यीय दल में अध्यक्ष लाल सिंह धाकरे, यात्रा संयोजक ललित वर्मा, वीपी शुक्ला, जितेंद्र शर्मा, डॉ वी.के शर्मा, कवि दिनेश अगरिया, हरिओम सिंह प्रधान, श्री प्रकाश यादव उर्फ पिंटू प्रमुख, वीरेंद्र शर्मा उर्फ वीरू भाई, यशवेंद्र सिंह, महिपाल यादव, कुलदीप पचौरी, पिंकी त्यागी और लोकेंद्र दीक्षित आदि सनातनी शामिल रहेंगे।

# गाड़ियों को चुराने के लिए ऑटो से करते थे रैकी

- पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर किया खुलासा
- गाड़ियों को बेचने के बाद पैसों को शौक मौज में करते हैं खर्च

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** गाड़ियों को चुराने के लिए चोर पहले ऑटो से रैकी करते थे। मौका पाते ही गाड़ियों को चुरा ले जाते थे। लोहामंडी पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार कर कई चोरियों का खुलासा किया है। डीसीपी विकास कुमार ने बताया थाना लोहामंडी के प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, जितेन्द्र कुमार और आरक्षी नितिन मलिक, प्रतीक कुमार, आर्यन मलिक, विकास कुमार और अनुराग के साथ मंगलवार की रात कोठी मीना बाजार में चेकिंग कर रहे थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली गाड़ियों को चुराने वाले तीन चोर ऑटो से रैकी कर रहे हैं। नाई की मंडी से कोठी मीनाबाजार की तरफ आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस को कुछ देर बाद ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख वे भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछाकर पकड़ लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम जमील पुत्र मदार निवासी निजाम कॉलोनी राजाखेड़ा बाईपास रोड सदर धौलपुर, राजेश कुमार पुत्र तुलसी निवासी खरगो रोड थाना हजीरा ग्वालियर और जितेन्द्र कुमार पुत्र नत्थी लाल निवासी शेखपुर खेरगढ़ फिरोजाबाद बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया राजनगर लोहामंडी से ईका कार, और बसंल स्वीट हाउस के सामने से छोटा हाथी चुराया था।

दोनों को फिरोजाबाद में 32000 और 22000 रुपये में आफाक और उसके बेटे साकिर को बेच दिए। रुपयों को आपस में बांट लिया और शौक मौज में खर्च कर दिए। गाड़ियों को चुराने के बाद उनकी नम्बर प्लेट को बदल देते हैं। आफाक गाड़ी काटता है और उनके पाट्र्सों को केशव निवासी आगरा लेकर आता है। चोरों के पास से एक ऑटो, 4,300 रुपये, दो नम्बर प्लेट मिलीं है। तीनों को जेल भेज दिया है।

# विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट ठप

## वेबसाइट के काम ना करने के चलते छात्र हो रहे परेशान

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की बीए, एलएलबी और एलएलबी के मिस प्रैक्टिकल की ऑनलाइन प्रक्रिया की बुधवार को अंतिम तिथि थी। लेकिन वेबसाइट सही से काम ना करने के चलते बच्चे ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। इस वजह से उन्हें विश्वविद्यालय में चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अपना फोन बंद किए हुए हैं। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट लंबे समय से काम नहीं कर रही, जिसकी वजह से बच्चे अंक पत्र में सुधार, सत्यापन, ट्रांसक्रिप्ट और ऑनलाइन फीस जमा करने जैसे काम नहीं कर पा रहे। ऐसे में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी के नेतृत्व में एक नई साइट बनाई गई, लेकिन यह भी सही से काम नहीं कर रहा है। दिल्ली की रहने वाली शिवाली पवार अपना और अपने पति का मिस प्रैक्टिकल छूटने के बाद ऑनलाइन फॉर्म भरने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन वेबसाइट ना चलने की वजह से वेबसाइट पर फॉर्म नहीं भर पा रहीं। उन्होंने विश्वविद्यालय में संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि आप यहां आकर अपने कागज जमा कर दीजिए। लेकिन जब वह कागज लेकर विश्वविद्यालय पहुंची तो परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर ओम प्रकाश अनुपस्थित मिले। जब उनके मोबाइल पर कॉल की गई तो उनका फोन बंद था। जिसकी वजह से शिवानी पवार काफी निराश दिख रही हैं। उनका कहना है कि उनकी इंगेजमेंट के चलते उनका और उनके पति का प्रैक्टिकल छूट गया था, जिसके लिए अब दोबारा से आवेदन करना है। लेकिन वेबसाइट ना चलने की वजह से आवेदन नहीं कर पा रही हैं। वहीं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विनोद कुमार का कहना है कि नए सॉफ्टवेयर में अभी अपडेट का कुछ काम चल रहा है। जिसकी वजह से वह सही से काम नहीं कर रहा।



## छात्रों को जीवन के नये पड़ाव की दीं शुभकामनाएं

**आगरा (भास्कर ब्यूरो)।** जीवन के कदम - कदम पर सफलता मिलती रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ रैजल डैजल थीम पर आधारित कक्षा बारहवीं सत्र 2022-23 के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन बुधवार, 15 फरवरी, 2023 को अत्यंत हर्ष तथा उल्लास के साथ प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कक्षा ग्यारह के छात्र-वंशिका आइदसानी, राधिका गुप्ता, अभिलाषा गौतम, मान्या राना, आयुष गौर, नवकार जैन, रिया पमनानी, यशिका सिंह, सुहानी अरोरा, आस्था अरोरा, अक्षिता दुबे तथा कनिष्का सिंह ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि- डॉ. रंजना बंसल (समाजसेवी एवं उद्यमी), विशिष्ट अतिथि -महाराज त्यागी, डॉ.सत्य प्रकाश, श्रीमती जूही सिंह, निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. पायल सेठ (आहार विशेषज्ञ) डॉ. अनु प्रसाद, डॉ. वंदना घोष, विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, श्याम बंसल, प्रधानाचार्य जगदीश सिंह धामी, प्रमुख समन्वयक संजय शर्मा तथा कक्षा बारह के विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. रंजना बंसल ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने अपार हर्ष जताते हुए बताया कि नीसा द्वारा आयोजित ठअअळ परीक्षा में यू.पी से एक मात्र छात्र प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल के मानवेन्द्र सिंह (कक्षा सात) ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, जिसको 19 फरवरी, 2023 को शिक्षा मंत्री के द्वारा पंचकुला में पुरस्कृत किया जाएगा।

# हर घर नल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और तालाबों को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश

## आगरा आगमन पर जलशक्ति मंत्री ने टटोली विभागीय कार्यों की नब्ज

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** जल शक्ति, सिंचाई एव जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में विभागीय मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपदवार कृषि योग्य भूमि तथा सिंचित भूमि के बारे में जानकारी प्राप्त की। आगरा के अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 02 लाख 08 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमे 281 राजकीय नलकूपों से 10 हजार 90 हेक्टेयर तथा शेष भूमि निजी नलकूपों एवं नहरों द्वारा सिंचाई की जाती है। स्वतंत्र देव सिंह ने छोटे-छोटे चैक डैम, नहरें तथा शासकीय भवनों, विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों तथा निजी भवनों में रैनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने हेतु मंडलीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने बरसात का पानी एकत्रित कर सिंचाई उपयोग में लाने को निर्देशित किया और झीलों, नहरें तथा तालबों पर किए गए कब्जों को तत्काल कब्जा मुक्त कराकर संचालित किये जाने तथा हर टेल तक पानी पहुंचाये जाने हेतु निर्देशित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सरकार की हर घर जल, हर टेल पर पानी पहुंचाने की प्राथमिकता है।



उन्होंने 2027 तक भूजल स्तर बढ़ाने के लिये मंडलीय अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, अपर जिलाधिकारी (प्रो0) हिमांशु गौतम, परियोजना प्रबन्धक मनोज कुमार, जल निगम अधिकारी प्रदीप खंडेलवाल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार सहित मण्डल के समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एनएसएस के दस स्वयं सेवकों का दल हुआ रवाना

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ (एनएसएस) के 10 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है। सभी 16 से 22 फरवरी 2023 तक पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला (पंजाब) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय के रा.से.यो. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि चयनित स्वयंसेवकों में आगरा कॉलेज से शुभम सिंह, दिया धाकड़, सेंट जॉन्स कॉलेज से आस्था अग्रवाल, आरबीएस कॉलेज आगरा से शिवा दीक्षित, शिवानी राठौर, हिमांशु, बी डी जैन कन्या महाविद्यालय से स्वयंसेविका भारती कुशवाह, राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा से दिव्या व डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्विद्यालय परिसर से स्वयंसेवक रोशन सिंह माहौर, अभिषेक खन्ना शामिल हैं।

इस सात दिवसीय शिविर में देश के 12 राज्यों से 200 स्वयंसेवक प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व आगरा विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक करेगें। विवि कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि गत वर्षो से आगरा विवि के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय पटल पर आयोजित होने वाले शिविरों में प्रतिभाग कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

यह गर्व की बात है। इस अवसर पर विवि कुलपति प्रो. आशु रानी, प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी चयनित स्वयंसेवकों को शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के हेतु शुभकामनाएं दीं। विवि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. संजय चौधरी, प्रो. शरद उपाध्याय साथ ही शिव कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

भगवान की अदालत में वकालत नहीं होती है, और अगर सजा हो जाए तो फिर जमानत नहीं होती है।

# टीम ने जाना सीएचसी मारहरा का हाल

## प्रदेश में प्रथम स्थान पाने वाली सीएचसी को मिलेंगे 15 लाख

भास्कर ब्यूरो

**एटा।** कस्बा मारहरा के सीएचसी केन्द्र का कायाकल्प के अंतर्गत व्यवस्थाओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल जाना। जांच टीम ने व्यवस्था बेहतरीन बनाने के लिए किए गए बदलावों के बारे में चिकित्सकों से चर्चा की।



बुधवार को मारहरा के बीएम जुबैरी सामदायिक स्वास्थ्य केन्द पर तीन सदस्यीय टीम के सीनियर कंसलटेंट डा0 संदीप कुमार गुप्ता पीएस डब्लू इलियास, डीसी क्यूए फहीम फात्मा सीएचसी पर कराई गई व्यवस्थाओं को देखा जिसमें ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, फामेर्सी, किचन, इमरजेंसीं, हर्बल गार्डन, प्लेग्राउण्ड, सहयोगी सेवाओं सहित बाउण्ड्री व अस्पताल के आस पास व्यवस्थाओं के अलावा अस्पताल के प्रत्येक पटल का गहनता से जायजा लिया। टीम ने बैठक करते हुए सीएचसी पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने व परिवर्तन होने पर भी चर्चा की। टीम के साथ अलीगढ मण्डल के मण्डल प्रोग्राम मैनेजर क्वालिटी इंसोरेंस असिसमेंट डा. सुएब भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डा. मोहम्मद सुएब, वीसीपीएम अनुराधा, चीफ फार्मासिष्ट मदनपाल सिंह एवं उमेश यादव, के अलावा सोमेन्द्र सिंह, लैब टैक्निशियन विजेन्द्र कुमार वर्मा, बीरेन्द्र सिंह, नर्स मेण्टर ममता, कुमकुम, राजपूत, सतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

कयाकल्प अंतर्गत नामित है, जिसमें टीम ने फाइनल मूल्यांकन किया है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाऐगी राज्य में प्रथम आने बाली सीएचसी को 15 लाख द्वितीय को 10 लाख एवं 70 फीसदी से अधिक अंक लाने बाली सीएचसी को एक लाख का पुरूस्कार दिया जाऐगा।
**डा. संदीप कुमार टीम प्रभारी।**

# कानपुर में मां-बेटी की मौत को लेकर कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस।** आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर हाथरस जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कानपुर के रूरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान मां बेटी की हुई हत्या दुखद घटना के विरोध में शासन प्रशासन को दोषी मानते हुए शासन प्रशासन के विरुद्ध कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित बृज मोहन शर्मा की अध्यक्षता में एवं स्टार प्रचारक सत्यप्रकाश राजा रंगीला के संचालन में शहीद भगत सिंह पार्क आगरा रोड पर धरना प्रदर्शन एवं महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन धरने पर पहुंचे नायब तहसीलदार को सौंपा जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने कहा वर्तमान भाजपा की सरकार अपनी सत्ता को बचाने के लिए तानाशाह रवैया अपना रही है सत्ता में बैठे प्रमुख नेता प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं सरेआम प्रशासन की मौजूदगी में एक मां बेटी को जलाकर मार दिया जाता है अधिकारी भाग खड़े होते हैं। धरना प्रदर्शन में पंडित ऋषि कुमार कौशिक सत्य प्रकाश शर्मा योगेश कुमार ओके देवेंद्र शर्मा गिर्राज सिंह गहलोत हरि शंकर वर्मा आमना बेगम आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ियों के लिए शिवालयों में सफाई का कार्य शुरू

**बकेवर/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** महाशिवरात्रि पर्व 18 फरवरी को होने के चलते कस्बा लखना सहित आसपास क्षेत्र के शिवालयों में साफ सफाई रंगाई पुताई का काम किया जा रहा है। फरुर्खाबाद के श्रृंगीरामपुर से कांवण में गंगा जल लाकर जलाभिषेक करके पूजन अर्चन करेंगे। महाशिवरात्रि का पर्व बाबा औगढदानी शिव शंकर की पर्व को लेकर कस्बा लखना के प्राचीन शिवमंदिर बन्दर बाले बाग, मकनू मंदिर बाईपास तिराहा,स्टेट बैंक शिवमंदिर, डाकघर प्राचीन शिव मंदिर, नहर किनारे प्राचीन शिव मंदिर सहित यमुना नदी किनारे लवेदी क्षेत्र के हमीरपुरा मंदिर, बनखंडेश्वर धाम परसौली,कंकडेश्वर धाम दिलीपनगर मंदिर पर साफ सफाई रंगाई पुताई का काम किया जा रहा है। इस पर्व को लेकर अब दो दिन शेष बचे हुए हैं। इस दिन शिवभक्तों के द्वारा गंगा घाट से पैदल कांवड लाकर शिवालयों पर जलाभिषेक करने का काम करेंगे व महिलाओं व पुरुषों के द्वारा बेलपत्र,धतूरा,फूल चढाकर भगवान शिव की आराधना करेंगे।

## सांसद रामगोपाल स्कूल का आज करेंगे उद्घाटन

**इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** आधुनिक एवं सांस्कारिक शिक्षा एक साथ देने के उद्देश्य से कचौरा रोड पर विजयपुरा संघावली के मध्य नव स्थापित किए गए यश इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन सांसद एवं शिक्षाविद प्रो. रामगोपाल यादव आज 16 फरवरी को विधि विधान के साथ करेंगे। ये बात यश इंटरनेशनल स्कूल के संचालक, प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह भदौरिया ने स्कूल के उद्घाटन से पूर्व स्कूल परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यशवर्धन चेरिटेबल सोसाइटी नोएडा द्वारा स्थापित किए गए इस इंग्लिश मीडियम स्कूल को नोएडा, एनसीआर क्षेत्र में भी खोल सकते थे, जो हमारे लिए बहुत सुविधाजनक भी होता। पिता स्व. कुंअर बहादुर सिंह भदौरिया स्वयं एक आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने समाज के उत्थान एवं नई पीढ़ी के समग्र विकास के लिए अपना सर्वस्व योगदान दिया। प्रेस वार्ता के दौरान प्रो. लोकेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व मंत्री केपी सिंह चौहान, जनमेजय सिंह भदौरिया, राकेश वर्धन सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

## बिजली चोरों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**जसवंतनगर/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** नगर में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वाले लोगों के धरपकड़ के लिए दो मोहल्लो न्यू गुलाबबाड़ी और जैन मोहल्ला में अभियान चलाया गया जिसमें 5 घरों में मीटर के अतिरिक्त बाईपास से बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। उपखंड अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार अब प्रत्येक दिन कस्बे के जिस मोहल्ले में ट्रांसफार्मर पर कनेक्शन लोड से अतिरिक्त लोड पाया गया वहां विशेष रूप से चेकिंग की जाएगी। साथ ही बिजली उपभोग करने वाले जिम्मेदार उपभोक्ताओं से समय से बिजली बिल जमा करने की अपील की ताकि सभी को निर्बाध बिजली मिल सके। चेकिंग के दौरान जेई सत्य प्रकाश, टीजीटू राजकुमार, लाइनमैन बॉर्बी व सत्येंद्र साथ रहे।

## प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की शिक्षा को बेहतर बना रहा लीड

**अलीगढ़ (भास्कर ब्यूरो)।** भारत का सबसे बड़ा स्कूल एडटेक यूनिकॉर्न लीड उत्तर प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा परिणामों को बेहतर बनाते हुए छात्रों में आत्मविश्वास निर्माण कर रहा है। अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम, मल्टी मोडल पढ़ाने-पढ़ने की पद्धतियों तथा टेक्नोलॉजी आधारित सुविधाओं के माध्यम से लीड का एनईपी अनुकूल इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को सभी विषयों की गहराई से समझ और विशेषज्ञता प्राप्त हो सके। अब तक उत्तर प्रदेश के लगभग 115 स्कूल लीड का इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम लागू कर चुके हैं, जिससे इनमें पढ़ने वाले 46,000 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही, लीड द्वारा उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाने वाले 1050 शिक्षकों को प्रशिक्षित एवं प्रमाणित भी किया गया है। लीड के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमीत मेहता, का कहना है कि भारत में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे हर दिन अपने स्कूल में 6-7 घंटे बिताते हैं। इसके बावजूद,सिर्फ भारत के महानगरों मेंमहंगी फीस वाले स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाती है।

## गैलीलियो का जन्मदिन मनाया

**सासनी (भास्कर ब्यूरो)।** आगरा अलीगढ राजमार्ग पर स्थित संविलियन विद्यालय समामई में सासनी विज्ञान क्लब द्वारा दूरबीन के आविष्कारक वैज्ञानिक गैलीलियो गैलीली का जन्मदिन केक काटकर मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रुद्रदत्त शर्मा ने तथा मंच का संचालन समन्वयक डॉ पुष्पेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य पुरस्कृत शिक्षिका डॉ सतना रहीं। बुधवार को डॉ सतना ने बच्चों को प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन से संबंधित प्रयोग करके दिखाए तथा बच्चों को प्रकाश के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। समन्वयक डॉ पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि गैलीलियो गैलीली का जन्म सन 1564 में इटली में हुआ था। वह एक महान गणितज्ञ और खगोल वैज्ञानिक थे। जिसमें विद्यार्थी मनीष, मनजीत, तनुज, कन्हैया, भावना, गुंजन, साइन, इसरत, लवली, रिया, ज्योति, सुशील, अन्नू आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमित शर्मा, अनुज प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र उपाध्याय, प्रभा शर्मा, सुनील कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## हसन शाह बिलाली की दरगाह पर 27वां उर्स शुरू

**सासनी (भास्कर ब्यूरो)।** कस्वा के नानऊ मार्ग पर स्थित आशानगर स्थित ख्वाजा सूफी हाफिज अलाउद्दीन हसन शाह बिलाली की दरगाह पर 27 वां सालाना उर्स सरकारी चादर की चादरपोशी के साथ शुरू हो गया। यह उर्स चार दिन तक चलेगा। जिसमें तमाम अकीदतमंद तथा मुरीद एवं जायरीन मुल्क और कौम की सलामती की दुआ करेंगे। बुधवार को हाथरस से सरकारी चादर लेकर न्यू बिजलीघर पर डॉ. कमलेश द्वारा स्वागत करने के बाद सुफी डा0 इरशाद हसन बिलाली की सरपरस्ती में नगर भ्रमण करते हुए बाबा के मुरीद और अकीदतमंद आगरा अलीगढ राजमार्ग पर स्थित जूनियर हाईस्कूल के सामने शम्स टेलर के यहां आराम फरमाया। करीब चार बजे सभी मुरीद ओर अकीदतमंद पैदल ही सरकारी चादर को सिर पर रखकर बाबा की दरगाह पहुंचे जहां मीलाद-ए-शरीफ के बाद बाबा की चादरपोशी की गई। शाह बिलाली की दरगाह पर पहुँचने के बाद चादर पोशी की रस्म अदा की गई।

# सार सुर्खियां

## विजेताओं को सीडीओ ने सम्मानित किया



**इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बसंत मेला संपन्न हो गया। विकास भवन परिसर में समूह की महिलाओं द्वारा स्वर्निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के विजेता महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी, संतोष कुमार, जिला मिशन प्रबंधक, दीपेंद्र सिंह तोमर, संतोष कुशवाहा, विप्लव भूषण, जितेश श्रीवास्तव, ब्लॉक मिशन प्रबंधक राहुल देव, कमलेश कुमार, रिंकू, रीनू सहित कई सामुदायिक कैडर उपस्थित रहे।

## एपिलेप्सी मिर्गी नर्वस सिस्टम से जुड़ी बीमारी



**सैफई/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय सैफई के न्यूरोसाइंस विभाग द्वारा विश्व एपिलेप्सी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित कर की। इस अवसर पर न्यूरोसाइंस विभाग द्वारा इस वर्ष के अन्तर्राष्टीय एपिलेप्सी दिवस की थीम स्टिगमा विषय पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति एवं न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रमाकान्त यादव, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, कुलसचिव डा चन्द्रवीर सिंह न्यूरोसर्जरी विभाग से डा. मोहम्मद फहीम, डा. हनुमान प्रसाद, आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकेल्टी मेम्बर, चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल स्टूडेन्ट्स ने भाग लिया।

## इंसानियत भाई चारा से ही देश तरक्की कर सकता है: लियाकती



**इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** फतेहपुर सीकरी के सज्जादा नशीन हजरत कमरुद्दीन लियाकती ने ख्वाजा हजरत वाईस ख्वाजा के 50 पचासवां सालाना उर्स पर कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है हमारे मुल्क में अमन शांति रहे भाईचारा रहे इसका प्रयास जितने भी सूफीज्म के मानने वाले हैं निरंतर करते रहते हैं। इंसानियत भाई चारा से ही देश तरक्की कर सकता है और लोगों से अपील करता है कि बिना प्रेम सद्भाव के इंसान जिंदा नहीं रह सकता है हमें मुल्क में अमन शांति फैलाना है और मुल्क की तरक्की के लिए काम करना है यही सबसे बड़ी इंसानियत है उन्होंने कहा कि इंसान इंसान के काम आए यही सबसे बड़ा धर्म है हमें प्रेम का रास्ता अपनाना चाहिए और घृणा नफरत से दूर रहना चाहिए।

## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**इकदिल/इटावा (भास्कर ब्यूरो)।** नेहरु युवा केंद्र इटावा द्वारा भरथना विकास खण्ड के ग्राम रीतौर में स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विषय पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शिवेंद्र यादव प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इकदिल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मुख्य आधार है। कार्यक्रम में विभिन्न युवा मंडलों के लगभग 200 युवक व युवतियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जयशिव मिश्रा ने किया। इस अवसर पर लेखाकार श्रवण कुमार बाथम, प्रशिक्षक संजीव कुमार, सहरोज, संतोष कुमार, निधि दुबे, रिशू दुबे, आलोक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा के माध्यम से दिया विश्व शांति का संदेश



**मिरहची (भास्कर ब्यूरो)।** ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पर्व पर कस्बा मिरहची के प्रमुख मार्गों पर ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अनुयायियों द्वारा कस्बा में जुलूस निकालकर विश्व शांति का दिया संदेश गया। ईश्वरीय विश्वविद्यालय आश्रम प्रभारी बहिन राज दीदी ने बताया कि भगवान शिव के द्वारा समाज में फैल रही कुरीतियों एवं बुराइयों को खत्म करने के लिए जन्म ले लिया है। और अतिशीघ्र बुराइयों का विनाश करने के लिए दिखाई देंगे। मिरहची स्थित कार्यालय से विश्व शांति के लिए संदेश देते हुए जुलूस निकाला गया जो कस्बा के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कार्यालय पर संपन्न हुआ। इस दौरान बहिन अर्चना, कमलेश, अंजू, मीना, योगराज सिंह, आदि मौजद रहे।

## प्राइमरी पाठशाला का किया औचक निरिक्षण

**मैनपुरी (भास्कर ब्यूरो)।** घिरोर के मुने रोड स्थिति प्राइमरी पाठशाला का किया निरिक्षण जिसमे बी एस ऐ ने एम डी एम सहित शिक्षा का भी निरिक्षण किया जिसमे बच्चो पूछे गये सबलो को बच्चो ने सही जबाब दिया बी एस ऐ दीपिका गुप्ता ने बताया की लगातार स्कूलों की हो रहीं शिकायतों के कारण उन्होंने आज औचक निरीक्षण किया जिसमे स्थिति संतोष जनक पायी गयी। बीएसए ने सभी बच्चो को नियमित ड्रेस में आने के लिये कहा।

# दिनदहाड़े दो-दो सीरियल लूट से दहला अलीगढ़

भास्कर ब्यूरो

**अलीगढ़।** जनपद में लूट और चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कल दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे थाना क्वार्सी क्षेत्र के महावीर पार्क अतरौली अड्डे की रहने वाली महिला मीरा अग्रवाल दुबे पड़ाव अपनी दवा लेने गए थी, जहां से लौटते समय उनके ई रिक्शा के पीछे काली पल्सर मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाश पीछे लग गए,जब बुजुर्ग महिला अपने घर का गेट खोल कर अंदर सीढ़ियां चढ़ने लगी तो पीछे से एक युवक ने आकर महिला के गले की चेन तोड़ ली, जिसको महिला ने अपनी भरपूर कोशिश कर रोकना चाहा, किंतु अपनी कोशिश में विफल रही।

बताया जा रहा है कि बाइक पर पीछे बैठे दो लड़कों के पास पिस्टल थी। तीनों बदमाश सिर पर कैप और मुंह पर मास्क लगाए हुए घर तक आए और यूटर्न लेकर बाइक को गेट के सामने खडा किया



और एक लड़का दौड़कर महिला के पीछे घर में घुसा व महिला की चेन तोड़कर तीनों बदमाश फरार हो गए। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

एक अन्य मामले में महिला की गर्दन पर चाकू रखकर लूट की गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के न्यू सर सैयद नगर में दिन दहाडे महिला के गले पर चाकू लगाकर बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिए जाने से पुलिस विभाग में हडकंप मच गया और सिविल लाइन व क्वार्सी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई, लेकिन बदमाशों का समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन इलाके के न्यू सर सैयद नगर निवासी गुलशफा फातिमा पत्नी अजमत दोपहर दो बजे स्कूल से अपने बच्चे को लेने गई थी। तभी दो बदमाश बाइक पर आए और फातिमा की गर्दन पर चाकू रख दिया और सोने के कडे और अंगूठी लूटकर ले गये। महिला ने थाना सिविल लाइन में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस खुलासा कब तक कर पाएगी या ऐसे ही दिनदहाड़े लूट एवं चोरी की घटनाएं होती रहेंगी।

## चोर गिरोह के 3 सदस्य चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार

**बकेवर/इटावा।** आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।
जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बकेवर पुलिस द्वारा रात्रि को थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील रहकर गश्त की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर कार्यवाही करतें हुए पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 3 बदमाशों छोटू उर्फ रामू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी कंचन नवादा थाना रसूलाबाद कानपुर देहात, विमल उर्फ बबलू पुत्र रामनाथ निवासी सुल्तानपुर थाना फ्रेंड्स कालोनी इटावा, आनन्द कुमार पुत्र रामनाथ निवासी अम्बेडकर नगर ख्याली राम की मडैया कोतवाली इटावा को मारूति आल्टो कार यूपी 79 ई 1127 सहित बल्लमपुरा रोड पर कोल्डस्टोर के पास से हिरासत में लिया गया।

## जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुना

भास्कर ब्यूरो



**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** कृषक बंधुओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं कृषकों के लिये विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अर्चना वार्मा ने किसानों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को दिलाये जाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को किसान दिवस पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान सम्मान निधि के लम्बित प्रकरणों के सत्यापन हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों से जैविक खेती करने का अवाहन किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय से मीटिंग में प्रतिभाग करने हेतु निर्देश दिये। कोल्ड स्टोर पर आलू की बिक्री का भुगतान अविलम्ब सम्बंधित कृषकों को कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये। कृषकों द्वारा बिजली की समस्या के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में ईट राइट के सम्बन्ध में सेमिनार का आयोजन कराया जायेगा, इसे एक बडे इवेन्ट के रूप में आयोजित कराये जाने के निर्देश दिए। अंत में उप कृषि निदेशक हाथरस द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कृषकों को उनकी समस्याओं के निदान का आश्वासन देते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की।

## महिला एवं बाल विकास सुरक्षा वेलफेयर सोसाइटी ने मनाई दूसरी वर्षगांठ



**हाथरस (भास्कर ब्यूरो)।** महिला एवं बाल विकास सुरक्षा वैलफेयर सोसाइटी के द्वारा आज सोसाइटी के दो साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें विकास शिशु मन्दिर स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता कराई गई जिसमें ललित प्रथम स्थान पर रहा साथ ही समाज सेवियों को सोसाइटी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया व पुलमावा शहादत पर काला दिवस पर सभी के द्वारा दो मिनट का मोन धारण किया गया इस दौरान महिला एवं बाल विकास सुरक्षा वैलफेयर सोसाइटी की संस्थापक ललिता पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष सीमा कुशवाहा, जिला मंत्री नीरू अग्रवाल, एडवोकेट रितु गौतम, शौरभ जैन, टिंकल, विनिता दुबे, नैहा चौधरी, शिव शंकर गुलाटी, पवन कुमार गौतम ,राधा सिंघल, एम एल रावत, श्याम वर्मा ,पीयूष, योगेश गुप्ता, परमेश परसार, प्रदीप महेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने ई-रिक्शा चोर को किया गिरफ्तार

**टूंडला (भास्कर ब्यूरो)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में वाहन चोर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूंडला प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार व उनि योगेश नागर मय हमराह है.का. दिलीप कुमार व का0 गौरव रावत के द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना टूण्डला क्षेत्र मे सड़क किनारे पैराडोर होटल के पास खडी ई-रिक्शा को चोरी करने वाले अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह को जरौली कला से फिरोजाबाद जाने वाले बाईपास के पास खण्डहर से चोरी गयी ई-रिक्शा बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि वह सडक किनारे बिना चालक के खडे छोटे वाहन ई-रिक्शा व ऑटो आदि को मौका पाकर चोरी कर ले जाता है तथा उसके पाट्र्स निकालकर बेच देता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रपत्रों का किया सत्यापन

**फिरोजाबाद (भास्कर ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्षों से आंगनबाड़ी का कार्य कर रहीं महिला कार्यकत्री का सुपरवाइजर के लिए प्रमोशन किया जाना प्रस्तावित किया गया है इसीको को लेकर आज मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के नेतृत्व में गठित की गई कमेटी द्वारा बुधवार को कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी आभा सिंह के कार्यालय विकास भवन दबरई फिरोजाबाद में आज आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के शैक्षिक एवं जाति प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों का नियमानुसार विभिन्न बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों का सत्यापन किया जाना था लेकिन एक कार्यकत्री का पूर्व में निधन होने के कारण 34 कार्यकत्रियों का सत्यापन किया जा रहा है।

## बच्चों को दें अच्छे संस्कार और बनाएं संस्कारवान

**मैनपुरी/बिछवा (भास्कर ब्यूरो)।** विकासखंड सुल्तानगंज क्षेत्र के ग्राम सहारा में स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर चल रही रामकथा में बोलते हुए कथावाचक आचार्य गोपाल नाथ मिश्रा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शुरू से ही संस्कार देने चाहिए इसकी शिक्षा हमें रामचरितमानस से मिलती है भगवान श्री राम बचपन से ही सुबह उठते ही सबसे पहले अपने माता पिता तथा गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते थे आगे उन्होंने कहा कि प्रणाम करने से चार चीजों में वृद्धि होती है प्रणाम करने से आयु,विद्या,यस,बल मैं वृद्धि होती है हमें अपने बच्चों को प्रणाम करना सिखाना चाहिए जब हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तभी वह आगे संस्कारवान बनेंगे आगे उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्री राम के आचरण का पालन करना चाहिए भगवान श्रीराम ने आदर्श पिता पुत्र और पति के रूप में उदाहरण प्रस्तुत किया है भगवान राम के चरित्र का हमें अनुसरण करना चाहिए बच्चे जब संस्कारवान होंगे तभी हम लोगों का कल्याण होगा बच्चे हमारा भविष्य हैं।

## 25 कन्याओं का सामूहिक विवाह 19 को

भास्कर ब्यूरो



**अलीगढ़।** आस्था द्वारा कावड, मेडीकल कैंप और भजन संध्या एवं 25 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जायेगा। यह उद्गार आस्था संस्था के संस्थापक एवं मुख्य संयोजक हिमांशू गर्ग ने रामघाट रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए। उन्होने कहा उनकी संस्था पिछले 25 वर्षो से कावडियों के सेवा हेतु कावर कैंप/भंडारा लगाती आ रही है। इस वर्ष 26 वां भंडारा है। वार्ता में मौजूद विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 19 फरवरी की अपरान्ह 12 बजे संस्थ द्वारा 25 कन्याओं का पराग डेरी प्रांगण में ही सामुहिक विवाह कराया जायेगा। हिमांशु गर्ग ने बताया कि प्रत्येक जोडे को मुख्यमंत्री कन्या विवाह के योजना के तहत 51 हजार रुपए और आस्था संस्था द्वारा भी प्रत्येक जोडे को बैंड, गद्दा कंबल, साइकिल अन्य घरेलू सामान दिए जायेगे। सस्था के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल टाइगर ने बताया कि 16 फरवरी गुरूवार के दिन प्रातः 8 बजे से प्रातः 4 बजे तक रामघाट रोड पराग डेरी के निकट कैंप/भंडारे का उद्घघाटन किया जायेगा एवं 16 और 17 फरवरी को उसी दिन शाम 7 बजे से भोले बाबा के नाम आयोजित होगी। पत्रकार वार्ता में नितिन अग्रवाल, पंकज गुप्ता, हरीश सैनी, डी.के. अग्रवाल एड, राकेश गर्ग, गगन अग्रवाल, हरीश सक्सेना, डालचन्द्र वार्ष्णेय और विशाल वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।

# सकेतड़ी में तैयारियां पूरी : विस अध्यक्ष ने प्रशासन को दिए निर्देश, शिवभक्तों से अपील



**भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव के प्राचीन धाम निकटवर्ती गांव सकेतड़ी और सेक्टर 9 स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भव्य मेलों के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बुधवार को विधान सभा सचिवालय में बैठक कर इन तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शिवभक्तों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर भांग इत्यादि का नशों का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि इस बार शिवरात्रि के अवसर पर भांग का सेवन करने व करवाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ धार्मिक पर्वों पर अव्यवस्था का कारण भी बन जाती है। बैठक में मेयर कुलभूषण गोयल, जिला उपायुक्त महावीर कौशिक, एचएसवीपी प्रशासक धर्मवीर सिंह, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधान सभा ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि सकेतड़ी और सेक्टर-9 के मंदिरों का ऐतिहासिक और विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण यहां हर बार शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए विशेष ख्याल रखना होगा। उन्होंने सकेतड़ी गांव से शिव मंदिर तक जाने वाली सड़क पर विशेष संज्ञान लिया। इस पर एक्सईएन एनके पायल ने कहा कि वीरवार शाम तक इस सड़क की मरम्मत कर दी जाएगी। वहीं शिव मंदिर नव दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान केडी शर्मा ने कहा कि शिवरात्रि पर शिव बाबा के दर्शन के लिए अनेक प्रदेशों से लोग संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार रात 12 बजे से मंदिर में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए 300 क्विंटल दूध की बुकिंग करवा दी गई है। यह दूध वीटा से लिया जाएगा। इस दौरान वार्ड-1 के पार्षद नरेंद्र लुबाना ने कहा कि मेला परिसर से अतिक्रमण हटाकर एम्बुलेंस के जाने के लिए रास्ते रखने होंगे। उन्होंने अनाउंसमेंट की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। एसीपी राजकुमार ने कहा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे मेले परिसर में पुलिस तैनात रहेगी। विधान सभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सकेतड़ी पहुंच एक-एक व्यवस्था का मुआयना किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी और मंदिर प्रबंधक दो दिन मंदिर की सेवा भावना से जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों और प्रबंधकों के लिए परिचय पत्र उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम की संयुक्त आयुक्त डॉ. ऋचा राठी, एसीपी सुरेंद्र सिंह यादव, ममता सोढ़ा, राजकुमार कौशिक, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव जैन, शिव मंदिर नव दुर्गा चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक चंद्र मोहन शर्मा भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल का सम्मानः राजभवन में विदाई समारोह का आयोजन



**पूनम सिंह/ भास्कर ब्यूरो**

**शिमला।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के सम्मान में आज राजभवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर अनघा आर्लेकर भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर, राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के अपार स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश में अपने कार्यकाल की मधुर स्मृतियां संजोकर ले जा रहे हैं और यहां उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों में अपनेपन की भावना है और वे प्यार बांटने में विश्वास रखते हैं। प्रदेशवासियों के आतिथ्य सत्कार को वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ-साथ प्रेम व अपनत्व की भूमि भी है और वे यहां की समृद्ध परंपराओं, लोक संस्कृति, रीति रिवाजों की अमूल्य निधि अपने साथ ले जा रहे हैं। प्रदेश हित में किए गए प्रयासों में उन्हें सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हुआ और टीम वर्क की भावना ने उन्हें सदैव प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि यह अनुभव बिहार के राज्यपाल के तौर पर उनकी नई जिम्मेदारी के निर्वहन में सहायक होगा। श्री आर्लेकर ने कहा कि वह एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं और यहां आकर जो कुछ नया सीखने को मिला, सीखा और जो सम्मान उन्हें प्राप्त हुआ, वह अतुलनीय है। इस अवसर पर, राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर को सम्मानित किया और राज्य में उनके द्वारा शुरू की गई विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं की स्मृतियों को साझा करते हुए उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

# आप ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**जंगशेर राणा/भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ** । आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने मंत्री संदीप सिंह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर बुधवार को सेक्टर-5 पंचकूला के रैली ग्राउंड से वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा के नेतृत्व में चंडीगढ़ के लिए कूच किया। हजारों की संख्या में प्रदेश के कोने कोने से पहुंचे कार्यकर्ताओं की भीड़ से पंचकूला से चंडीगढ़ के रास्ते जाम हो गए। चंडीगढ़ में दाखिल



होने से पहले ही पुलिस से आप कार्यकर्ताओं का टकराव हो गया। आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुरुष पुलिस कर्मियों ने धक्का मुक्की भी की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर के आंखों पर बंधी काली पट्टी को खोल कर ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दम लेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी की लेकर राज्यपाल की ज्ञापन सौंपेंगे।

**आम आदमी पार्टी के कार्यकता, राजभवन के बाहर धरने पर**

आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं का चंडीगढ़ में एंट्री से पहले पंचकूला हाउसिंग बोर्ड रोड पर पुलिस से जबरदस्त टकराव हो गया। कई महिला कार्यकताओं के साथ पुलिस के पुरुष कर्मचारियों ने धक्का मुक्की की। आप कार्यकताओं ने इसका विरोध किया। वहीं राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने की मांग पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता वहीं डटे रहे। उन्होंने महिला विरोधी खट्टर सरकार के विरुद्ध जबरदस्त नारेबाजी की। कार्यकताओं के बढ़ते दबाव के चलते एक 10 सदस्य डेलीगेशन को पुलिस बस में राज्यपाल से मिलने के लिए बुलाया गया। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा समेत डेलीगेशन राजभवन के बाहर धरने पर बैठे, इसके बाद सौंपा ज्ञापन चंडीगढ़ प्रशासन ने आप नेता अनुराग ढांडा के साथ 10 कार्यकताओं का दल राज्यपाल से मिलने राजभवन गया। वहां उन्हें राज्यपाल से मिलने के लिए नहीं बुलाया। इस पर सभी डेलीगेट राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बढ़ते दबाव के चलते ज्वाइंट सेक्रेटरी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से ज्ञापन लिया। ज्ञापन सौंप कर मांग कि गई है कि संदीप सिंह पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उन्हें मंत्री पद और हरियाणा ओलंपिक संघ से बर्खास्त किया जाए। इस मौके पर आप नेता प्रवीण प्रभाकर गौड़, चित्रा सरवारा, रंजीत उप्पल, नवीन जून, आदर्शपाल सिंह, गुलशन सैनी, अमनदीप सिंह, ओम प्रकाश गुज्जर, करणवीर सिंह, शिव अरोड़ा, आयुष खटकड़, योगेश्वर शर्मा, कविता दलाल, जगवीर सिंह हुड्डा, पवन फौजी, जसबीर नरवाल, विकास नेहरा, पुरुषोत्तम सरपंच, राजकौर गिल, लक्ष्मण विनायक, गुलशन सैनी, ऋतु अरोड़ा, योगी मथुरिया, गेल सिंह सिंधु और अनिल पजेंटा मौजूद रहे।

# नेशनल वॉकिंग चैंपियनशिप में मानसा की मंजू ने 35 किलोमीटर में नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया

**भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ।** राँची में चल रही 10वीं नेशनल वॉकिंग चैंपियनशिप में आज पंजाब की एथलीट मंजू ने 35 किलोमीटर वॉकिंग डिस्टेंस इवेंट में 2.57.54 समय के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। मानसा जिले के गाँव खैरा खुर्द की एथलीट मंजू ने इस साल होने वाली एशियाई खेल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने नेशनल वॉकिंग चैंपियनशिप में अक्शदीप सिंह की उपलब्धि से आज मंजू द्वारा नया नेशनल रिकॉर्ड स्थापित होने पर मुबारकबाद दी। उन्होंने मंजू को एशियाई खेलों के लिए भी शुभकामनाएँ दीं। इससे पहले मीत हेयर ने बीते दिन नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर पैरिस ओलम्पिक गेम्स के लिए क्वालीफाई हुए पहले भारतीय एथलीट अक्शदीप सिंह और उसके पिता गुरजंट सिंह को निजी तौर पर फोन कर बधाई दी। उन्होंने एथलीट को एशियाई और ओलम्पिक खेलों की तैयारी के लिए पंजाब सरकार द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान जल्द ही उसे नकद इनामी राशि से सम्मानित करेंगे। खेल मंत्री ने यह भी कहा कि वह इस शनिवार काहनेके गाँव आकर निजी तौर पर बधाई देंगे।

# सरकार खोखले प्रचार की बजाय हरियाणा पुलिस के जवानों को उनका हक प्रदान करे। : कुमारी सैलजा

**जगंशेर राणा/भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ** । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अमित शाह के हरियाणा दौरे पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने दौरे में हरियाणा के पुलिसकर्मियों को निराश किया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में हजारों की संख्या में पद रिक्त पड़े हुए हैं। इसी के साथ ही पुलिसकर्मियों को मिलने वाली राशन मनी भी ऊंट के



मुंह में जीरा समान है। यहां जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करनाल में पुलिस जवानों को राष्ट्रपति बैज देने के साथ-साथ पुलिस के जवानों की मांगों को पूरा करने के लिए कोई घोषणा करते, लेकिन उन्होंने पुलिस के जवानों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर रैंक तक के लिए आज भी पेट भरने के लिए रोजाना डाइट के लिए सिर्फ 20 रुपये मिलते हैं। अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 20 रुपये के सरकारी भत्ते में हरियाणा पुलिस के जवान कैसे अपना पेट भरेंगे।

# 20 फरवरी से सभी 22 जिलों का दौरा करेंगे वरिष्ठ जेजेपी नेता अजय चौटाला और निशान सिंह

## जल्द जेजेपी के संगठन में रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

1.नगर निगम चुनाव की तैयारियां तेज करने के आदेश

2.जेजेपी ने राष्ट्रीय-प्रदेश कार्यकारिणी बैठक कर संगठन मजबूती पर दिया बल



**भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ** । बुधवार को दिल्ली में जननायक जनता पार्टी ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक की। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में हुई इस बैठक में जेजेपी ने संगठन विस्तार, नगर निगम चुनाव, जनसंपर्क अभियान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी एवं अध्यक्ष, सभी जिला प्रधान एवं प्रभारी आदि मौजूद रहे। बैठक में जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए संगठन के रिक्त पदों को जल्द पूरा करने का फैसला लिया। अब पार्टी द्वारा जल्द संगठन विस्तार पर कार्य शुरू किया जाएगा ताकि संगठन और मजबूत हो। बैठक में फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर में होने वाले नगर निगम चुनावों के बारे भी विचार-विमर्श किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव के लिए बनाई गई कमेटी के पदाधिकारियों से चुनाव को लेकर फीडबैक लिया और चुनाव की तैयारी में जुट जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चुनाव समितियों के साथ अन्य नेता और कार्यकर्ता भी फील्ड में उतरकर चुनाव की कमान संभालेंगे। पार्टी ने जनसंपर्क अभियान के तहत जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के सभी 22 जिलों के कार्यक्रमों की भी घोषणा की। डॉ अजय सिंह चौटाला और सरदार निशान सिंह 20 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक प्रदेशभर का दौरा करेंगे। वे क्रमशः 20 फरवरी को सोनीपत, पानीपत व करनाल, 21 फरवरी को पंचकुला, यमुनानगर व अंबाला, 22 फरवरी को कुरुक्षेत्र, कैथल व जींद, 23 फरवरी को हिसार, रोहतक व झज्जर का दौरा करेंगे। 25 फरवरी को फतेहाबाद, भिवानी व दादरी, 26 फरवरी को फरीदाबाद, पलवल व नूंह, 27 फरवरी को गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ और 28 फरवरी को सिरसा जिले में कार्यकताओं से रूबरू होंगे। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, अनंतराम तंवर, राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं चेयरमैन राजेंद्र लितानी, राज्य मंत्री अनूप धानक, विधायक रामकरण काला, विधायक अमरजीत ढांडा, पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अनजान से रहे सावधान, बच्चों के लिए सुरक्षित समाज सतर्कता से होगा संभव : गुरप्रीत सिंह



**सुशील पंडित/भास्कर ब्यूरो**

**यमुनानगर हरियाणा।** सामजिक कार्यकर्ता गुरप्रीत सिंह ने बताया कि अनजान व्यक्ति कोई वस्तु या लालच दे तो हो जाएँ सावधान अपराध की शुरूआत अनजान पर विश्वास या लालच से होती है बच्चे इसमें जल्दी फसते है वर्तमान युग में बच्चे इंटरनेट की दुनिया से जड़ने के कारण अनजाने में अपराध के शिकार आसानी से हो जाते है जिज्ञासा फेमस होने दोस्तों की लम्बी लिस्ट बनाने के चकर में बच्चे साइबर अपराधियों का निशान बन जाते है मोबाइल पर गेम खलने और आम प्रचलन में प्रयोग होती एप्स पर बच्चे आसानी से ठगी का शिकार हो जाते है महिला एवं बाल विकास के जिला बाल संरक्षण इकाई की और से राजकीय प्राथमिक विद्यालय यमुनानगर के स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए बताया फोन और इंटरनेट का सही और सावधानी से प्रयोग करना चाहिए। आवश्यकता न होने पर इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए सामाजिक कार्यकर्ता गुरप्रीत सिंह और कमल राणा ने बताया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ सतर्कता और सावधानी पर भी जागरूक होना चाहिए बच्चों को उदाहरणों से बताया की कैसे अनजाने में घटनाएं होती है सभी को बच्चों के प्रति सभी को संवेदनशील होने की आवश्यकता है बच्चों के मनभावों पर शिक्षकों और परिजनों को निगरानी रखनी चाहिए बच्चों से शिक्षा सुरक्षा आत्मरक्षा जैसे विषयों पर बात करना आवश्यक है। समाज में सुरक्षित माहौल के लिए सभी को अपना योगदान देना होगा सभी बच्चों को पोक्सो किशोर न्याय अधिनियम साइबर अपराध जैसे विषयों पर जानकरी होनी चाहिए बच्चे जागरूक होंगे और अपराध पर रोकथाम होगी बच्चों को सभी हेल्प लाइन और उनके प्रयोग के बारे में भी जानकरी दी गयी।

# उपायुक्त एवं मुख्य प्रशासक ने चैत्र नवरात्र मेले के आयोजन को लेकर की बैठक

**भास्कर ब्यूरो**

**पंचकुला** । उपायुक्त एवं माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री महावीर कौशिक ने 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्र मेले के आयोजन को लेकर आज माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक में बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार बंसल व नगराधीश श्री गौरव चैहान भी उपस्थित थे। श्री महावीर कौशिक ने कहा कि नवरात्र मेलो में प्रदेश के साथ साथ देशभर से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिये आते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सभी आवश्यक प्रबंध मेलो से पूर्व किये जाये ताकि एक व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालु माता के दर्शन कर सकें। उन्होनें कहा कि लोगों की माता मनसा देवी में आपार आस्था है और अनेक श्रद्धालु नगें पांव और दंडवत से माता के दर्शन करते है। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम को सिंह द्वार से माता मनसा देवी मंदिर तक आवश्यकतानुसार सड़को का पैचवर्क और मरम्मत का कार्य करने के निर्देश दिये ताकि ऐसे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि श्राईन बोर्ड द्वारा वरिष्ठ नागरिको, गर्भवती महिलाओं और निशक्त जनों के लिये लिफ्ट के माध्यम से माता के दर्शन करने की व्यवस्था की गई है। श्री महावीर कौशिक ने कहा कि ऐसे श्रद्धालु जो कतार में न लगकर और समय के अभाव में अर्धमंडप से माता के दर्शन करने के इच्छुक है, उनके लिये श्राईन बोर्ड द्वारा एक-एक घंटे के स्लॉट निर्धारित कर टोकन की व्यवस्था की गई है। इस सुविधा के तहत श्रद्धालु 500 रुपये के टोकन से अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर माता के दर्शन कर सकते है। श्रद्धालु बोर्ड की वेबसाईट पर ऑनलाईन टोकन प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा वे ऑफलाईन माध्यम से भी मंदिर परिसर में स्थापित डोनेशन काउंटरों पर टोकन प्राप्त कर सकते है।

# खट्टर सरकार की जजिया कर वसूली से हरियाणा की जनता आत्महत्या पर मजबूर : रणदीप सुरजेवाला

**भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ह्लजजिया करह्व वसूली को लेकर खट्टर-दुष्यंत सरकार को आड़े हाथों लिया है। सुरजेवाला ने कहा है कि भाजपा/जजपा सरकार जनता को प्रताड़ित करने के हर रोज नए तरीके ढूंढ रही है ।सरकार के बिजली विभाग द्वारा अवैध छापेमारी से हरियाणा में भय और अराजकता का माहौल है ।सरकार आमजन पर झूठे मुकदमे दर्ज करके भारी जुमार्ना राशि की आड़ में अवैध वसूली कर रही है। इसी प्रताड़ना से तंग आकर प्रदेश का किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने नरवाना हलके के गांव धमतान में बिजली कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से की छापेमारी की आलोचना करते हुए कहा कि शरीफ किसान को इतनी मानसिक प्रताडना हुई कि उसने अपनी जिंदगी खोना ही बेहतर समझा। सुरजेवाला ने कहा कि जब जब प्रदेश में गैर कांग्रेसी सरकार आई तब तब उन्होंने लोगों के हितों की कोई परवाह न करते हुए अवैध वसूली करने का अभियान चलाया। जिससे कई लोगों को अपनी जिंदगी की कुबार्नी देनी पड़ी। सुरजेवाला ने कहा कि बिजली



कर्मचारी सरकार के दबाव के कारण गलत समय और दीवारों से लांघकर छापेमारी करते हैं जिससे लोगों को विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी होती है और उनकी प्रताडना से कई अपनी जान से खेल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह का वाक्या सोमवार को गांव धमतान में हुआ। बिजली कर्मचारियों की प्रताडना और छापेमारी की आत्म ग्लानि से किसान ने अपनी जान दे दी। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश का आमजन, किसान,कमेरा वर्ग पहले ही महंगाई से त्रस्त है। फसलों के उचित समर्थन मूल्य नहीं मिलने और बढ़ती महंगाई से जनता का जीवन यापन दूभर हो गया है ।इसके बावजूद सरकार जनता के जले पर नमक छिड़क रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने वर्ष 2000 का जिक्र करते हुए कहा कि ओमप्रकाश चौटाला ह्यन मीटर होगा ,न रीडर के नारे पर सत्ता में आए थे लेकिन जब कंडेला में किसानों ने एकत्रित होकर बिजली कर्मचारियों की प्रताडना का मामला उठाया तो 9 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में लोगों को कभी भी बिजली कर्मचारियों की मनमानी का शिकार नहीं होना पड़ा। सुरजेवाला ने बिजली दरों में की बढ़ोतरी को भी वापिस लेने की मांग की।

**हरियाणा की जनता की ओर से हमारी कुछ मांगे हैंः-**

1. भाजपा सरकार तुरंत बंद करें छापेमारी कार्रवाई प्रताड़ना!
2. ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे तुरंत हो वापिस और जुमार्ना राशि हो माफ!
3. मृतक किसान के परिवार को एक सरकारी नौकरी और 25 लाख मुआवजा राशि जारी करें सरकार!
4. दोषी अधिकारियों पर हो मुकदमा दर्ज और तुरंत हो गिरफ्तारी!

सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश का आमजन,किसान ,मजदूर,गरीब के हकों के लिए कांग्रेस हमेशा से वचनबद्ध है ।और इस प्रताड़ना के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर विधानसभा, संसद तक आवाज उठाएगी और न्याय दिलाएगी

# फूसगढ़ गौशाला में गोवंशों की मौतः सफाई ठेकेदार दीपक मेहरा पर निगम और मेयर दोनो मेहरबान

**जगंशेर राणा/भास्कर ब्यूरो**

**चंडीगढ।** फूसगढ़ गौशाला के सफाई ठेकेदार कांग्रेस नेत्री रानी कंबोज के पति और दीपक मेहरा पर निगम पूरी तरह से मेहरबान था। उसे 4 लाख 24 हजार प्रति माह का भुगतान तो नियमित हो रहा था, लेकिन यहां काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन अक्सर देरी से मिलता था। सफाई ठेकेदार के प्रति निगम के अधिकारियों की मेहरबानी सिर्फ यहां ही खत्म नहीं होती थी, बल्कि अभी तक ठेके की शर्त क्या है? इसकी जांच करने की जहमत भी नहीं उठाई गई। ऐसे में साफ है कि गोसेवा के नाम पर जो फूसगढ़ गौशाला में स्वार्थ साधने का धंधा जोरो पर चल रहा था। जिसका खामियाजा गोवंश अपनी जान देकर भुगत रहे हैं। इसके बाद भी मेयर रेणु बाला गुप्ता, और निगम अधिकारी . मामले को लेकर संजीदा नजर आ रहे हैं। इसलिए मेयर पर उठ रहे सवाल क्योंकि राणी कंबोज शहर से जुडे. हर मसले पर मुखर रहती थी। वह मेयर और निगम की कार्यप्रणाली पर भी जम कर बोलती रही है। जानकारों का आरोप है कि रानी कंबोज को चुप कराने के लिए उसके पति दीपक मेहरा को यह ठेका दे दिया गया। हालांकि मेयर रेणु बाला गुप्ता का कहना है कि ठेका निगम ने दिया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब गौशाला की जिम्मेदारी निगम की है, निगम की मुखिया मेयर है, फिर क्यों नहीं इस ओर ध्यान दिया गया। इतना ही नहीं गउशाला की निगरानी कमेटी की चेयरमैन भी मेयर है। फिर उनकी भी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं सही से निभाई। ठेकेदार इसलिए सवालों के घेरे में क्योंकि उसे साफ सफाई का कोई तजुर्बा नहीं है। फिर भी उसे ठेका दे दिया गया। क्यों? इसकी अभी तक जांच क्यों नहीं। अब जबकि यह बात सामने आ चुकी कि गोशाला में गंदगी व्याप्त है, अभी भी ठेकेदार को बचाने के लिए नोटिस नोटिस का खेल खेला जा रहा है। न तो ठेका सस्पेंड किया गया, न ही उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। क्योंकि गोवंश की मौत की एक वजह यहां की गंदगी भी है। एंटी करप्शन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि कैसे दीपक मेहरा को टेंडर मिल गया। संजीव ने मेयर रेणु बाला गुप्ता की कार्यप्रणाली पर तो सवाल उठाया,इसके साथ ही पार्षदों पर भी सवाल उठाते हुए कि इतनी बड़ी घटना पर वह चुप क्यों है? 4 लाख 25 हजार का टेंडर मिलते है 3 लाख 50 हजारगौशाला के प्रधान राजेश बंसल ने बताया कि ठेकेदार ने नवम्बर माह में 4 लाख 25 हजार रुपए के हिसाब से गौशाला की साफ सफाई का टेंडर लिया था। लेकिन ठेकेदार उन्हें 3 लाख 50 हजार रुपए ही दे रहा था। जिस कारण समय पर कर्मचारियों को समय पर सैलरी नहीं दी जाती थी ।।

दैनिक भास्कर
गुरूवार, 16 फरवरी 2023, नोएडा



## सांप्रदायिक दुर्भावना की फाइल बंद

# मुजफ्फरनगर कोर्ट ने एफआर स्वीकारी, 2020 में सांसद पर दर्ज हुआ था मुकदमा




भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के खिलाफ सांप्रदायिक दुर्भावना के मामले की फाइल को कोर्ट ने बंद कर दिया। 2020 में दर्ज हुए मुकदमे की विवेचना कर पुलिस ने साक्ष्य के अभाव में क्लोजिंग रिपोर्ट लगा दी थी। सीजेएम कोर्ट ने एफआर स्वीकार करते हुए फाइल बंद कर दी। मुजफ्फरनगर के अहाता औलिया निवासी गौरव अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के विरुद्ध शहर कोतवाली में 13 अगस्त 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। गौरव अग्रवाल और उनके साथियों ने संजय सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 12 अगस्त 2020 को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सांप्रदायिक दुर्भावना फैलाने वाले बयान दिये थे। संजय सिंह, सभाजीत और ब्रज कुमारी ने योगी आदित्यनाथ पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया गया था कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जाति वर्ग के लोगों में भेद किया जा रहा है। जिससे सामाजिक समरसता भंग हो रही है। आरोप था कि संजय सिंह ने बयान दिया की प्रदेश में लोगों को चुन चुन कर मारा जा रहा। ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहा है। तत्कालीन डिप्टी सीएम ब्राह्मण होने के बावजूद अपनी जाति वर्ग के लोगों के लिए कुछ नहीं कर पा रहे। दूसरे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भी मौर्य समाज के पक्ष में कुछ न कर पाने की बात कही गई थी। यहां तक की तत्कालीन राष्ट्रपति के दलित होने के नाते उन्हें राम मंदिर शिलान्यास के मौके पर निमंत्रण न देने का आरोप लगाया गया था। सांसद संजय सिंह पर दर्ज मुकदमे के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने विवेचना की थी। साक्ष्य के अभाव में पुलिस ने कोर्ट में क्लोजिंग रिपोर्ट लगा दी थी। सीजेएम कोर्ट में पुलिस एफआर का संज्ञान लेते हुए उसे स्वीकार कर सांसद संजय सिंह के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की फाइल बंद कर दी।

# जानवरों के अवशेष मिलने पर हिंदूवादी संगठनों का हंगामा




भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** छपार थाना क्षेत्र में खेतों में जानवरों के अवशेष बरामद हुए हैं। अवशेष को गोवंश का बताकर हिंदूवादी संगठन के लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने अवशेषों को जांच के लिए भेज दिया है। हिंदूवादी संगठन के नेताओं का कहना है कि खेत में चोरी छुपे गोकशी की जा रही है।बुधवार सुबह छपार थाना क्षेत्र के गांव खामपुर नई बस्ती के पीछे मनोज पाल के खेत में हिंदूवादी संगठन के नेता राहुल उपाध्याय ने जानवरों के अवशेष मिलने पर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां दंगे के दौरान विस्थापित हुए लोगों ने बस्ती बसाई हुई है। आरोप है कि खेतों में गोकशी की जा रही है। सूचना पर थाना छपार पुलिस मौके पर पहुंची।खेतों से जानवर के अवशेष बरामद किए गए, जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया। मौके पर राहुल उपाध्याय द्ध रोहाना मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा रवि पाल प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दलऋ नरेंद्र पाल, लियाकत गाड़ा, मोटा और दीपक धीमान आदि शामिल रहे। 2 दिन पहले छपार थाना पुलिस ने 2 लोगों को जिंदा गोवंश के साथ गिरफ्तार किया था। आरोप था कि दोनों लोग गोवंश को काटने के लिए खेतों में ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों का गोवध अधिनियम के तहत चालान कर दिया था।

# मौलाना अरशद मदनी के बयान सही ढंग से समझने की जरूरत है: खालिद कासमी



भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। प्रसिद्ध इस्लामिक विद्या केन्द्र शाह इस्लामिक लाईब्रेरी, जामा मस्जिद हौज वाली लोहिया बाजार में इस्लामिक स्कॉलर व धर्म गुरू कारी मौहम्मद खालिद कासमी ने। पत्रकार वार्ता करते हुये कहा के गत 12 फरवरी को दिल्ली के रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित हुये जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के 34वें राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर। अपना बयान देते हुये प्रसिद्ध मुस्लिम धर्म गुरू मौलाना अरशद मदनी ने जो बयान दिया था, जिसका अधिवेशन के स्टेज पर उपस्थित जैन धर्मगुरू लोकेश मुनी ने विरोद्ध किया था। और अपनी असहमति जतायी थी और उसी बयान को लेकर जनपद सहारनपुर के देवबन्द में कुछ लोगो द्वारा उनके विरूद्ध शिकायत दर्ज करायी। इस सम्बन्ध में शाह इस्लामिक लाईब्रेरी के जिम्मेदार लोगो की ओर से मौलाना अरशद मदनी के बयान की हिमायत करते हुये, उसको समझने और समझाने पर जोर दिया गया। और उसको देश और देशवासियों की एकता का प्रयास करार दिया गया। कारी खालिद कासमी ने कहा कि देश के लोग जो अलग अलग धार्मिक आस्था रखते है उनमें विचार का मत-भेद हो सकता है, लेकिन आपस में मन-भेद नही होना चाहिये। सभी भारतवासी होने के नाते मानवता और देश के खातिर प्यार मौहब्बत बनाये रखना चाहिये । हम मौलाना मदनी के बयान को लेकर माहौल खराब करने वालो की कड़ी निन्दा करते है।और मौलाना मदनी जमीयत उलेमा-ए-हिन्द व दरुल उलूम देवबन्द के द्वारा देश व समाज विशेषकर सभी धर्मो के मानने वालो के बीच एकता की प्रयासो की हिमायत और सराहना करते है। इस अवसर पर कारी मौहम्मद खालिद कासमी, महबूब आलम एडवोकेट, मास्टर अख्तर खान, कारी शौकत अली, मौद्द शाहबान आजम, अब्दुल्ला कुरैशी उपस्थित रहे।

## सार सुर्खियां

### पुलिस द्वारा चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया



भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में जन चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया, ओर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों पर, जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण किया गया। ओर बाकी समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। ओर उनसे बचाव के उपाय बताते हुए जागरुक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गयी। पुलिस द्वारा जन चौपाल में उपस्थित सभी व्यक्तियो से अपील करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों असामाजिक तत्वों की सूचना, किसी भी प्रकार की आपराधिक संदेहास्पद गतिविधियां होने पर 112 या स्थानीय पुलिस को कॉल कर जानकारी दें। तत्काल पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी। पुलिस को आप अपना मित्र समझें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध घटने से बच सकते हैं।

### महिला से हजारों नगदी व मोबाइल लुट का एक बदमाश गिरफ्तार , दूसरा पुलिस की गिरफ्त से बाहर

भास्कर ब्यूरों

**मुरादनगर।** पुलिस ने महिला से मोबाइल व पर्स लुट के बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो हजार रुपए की नगदी बरामद की है। एसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि रोहितपाल पुत्र हरलाल निवासी गांव असालतनगर की पत्नी मनीषा से अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल व पर्स लूट लिया था। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने सोनू पुत्र तेजवीर निवासी गांव मकरेडा को पाईपलाइन रोड स्थित गांव नवीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया । उसके कब्जे से 2 हजार- रुपये बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मैंने व मेरे साथी रवि पुत्र स्व0 प्रताप निवासी गांव मकरेडा ने दिनांक 10 फरवरी की शाम समय करीब 7 बजे काइट कालेज के सामने गली में एक महिला से एक मोबाइल फोन व उसका पर्स छीना था जिसमें से हम लोगो को 3 हजार रुपये मिले थे तथा पर्स को हमने रास्ते में भागते हुए फेंक दिया था मेरे हिस्से में वह पर्स में मिले तीन हजार रुपये आये थे तथ मोबाइल फोन को रवि ने ले लिया था। उन्ही हिस्सो में आये एक हजार रुपये खर्च करने के बाद बचे यह 2 हजार रुपये है।

### प्रदेश सरकार सोलर पैनल पर किसानों को दे छूट: अमरजीत बिट्ठी

भास्कर ब्यूरों

**मुरादनगर।** योगी सरकार द्वारा गन्ने के दामों में बढोत्तरी नहीं करने के फैसले पर रालोद सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह द्धबिडडी ने कहा कि प्रदेश में गन्ना किसान लम्बे समय से गन्ने की फसल का दाम बढाने की मांग कर रहे थे। लेकिन सरकार ने उनकी आशा पर पानी फेरने का काम किया है जिससे किसानों में गुस्सा और आक्रोश है। अमरजीत बिट्ठी ने कहा कि रालोद द्वारा गन्ने के दाम में बढोत्तरी कराने को लेकर विगत 2 माह से किसान संदेश अभियान के माध्यम से गन्ना किसानों की समस्याओं के लिए लाखों की संख्या में संदेश पत्र भेजे गये। लेकिन किसान विरोधी सरकार अपनी हठधर्मिता को नहीं छोड़ी और किसानों को निराशा और मायूसी ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गन्ने के रेट नहीं बढाएं हैं। इसके बाद से ही किसानों में रोष बढ़ गया है। किसानों के दुख को बयां करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गन्ने का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसे सहन नहीं किया जायेगा। मिलों के द्वारा किसानों को बीमा की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। मिल में खेत से गन्ना लाते समय दुर्घटना होने पर इसका लाभ मिले। किसानों को छूट पर सोलर पैनल उपलब्ध कराया जाए। छुट्टा पशुओं से परेशानी हो रही है इसका समाधान कराया जाए तथा किसान सम्मान निधि को राशि बढ़ाई जानी चाहिए।

### डीएम ने कोसी नदी पर निर्माणाधीन लालपुर पुल का किया निरीक्षण

भास्कर ब्यूरों

**रामपुर।** लालपुर में कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल एक माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने निर्माणाधीन पुल की स्थिति का जायजा लेने के लिए निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति देखी तथा सेतु निगम के अवर अभियंता बद्री प्रसाद से कार्य की प्रगति, निर्माण कार्य पूर्ण होने की निर्धारित अवधि एवं अन्य मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दशा में 01 माह के भीतर कार्य पूर्ण हो जाए।पुल के निर्माण के लिए जिन शर्तो को निर्धारित किया गया है उन शर्तो का भी पूरी गंभीरता से पालन होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल भी मौजूद रहे।

### सुरक्षा की दृष्टि से स्कूलों का किया निरीक्षण

भास्कर ब्यूरों

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की बाबत सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों का कोतवाल ने किया निरीक्षण । बुधवार को कोतवाल अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के साथ कोतवाली क्षेत्र में स्थित सात परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बृहस्पतिवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल अजय कुमार मिश्रा ने कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शाहाबाद ,आई एम ए इंटर कॉलेज शाहाबाद सहित 7 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र प्रभारियों से किसी भी तरह की समस्या के लिए तुरंत फोन करने की बात कही इस दौरान उनके साथ कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# तीसरी आंख की निगरानी में होगी बोर्ड परीक्षा नकलचियों की खैर नहीं



भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है बता दें कि इस बार उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सख्त निर्देश है कि परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर वेबकास्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। बोर्ड परीक्षा की निगरानी 2950 सीसीटीवी कैमरे के जरिए की जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में स्ट्रांग रूम और डबल लॉक अलमारियों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ साथ सभी केंद्रों पर पुलिस ड्यूटी रहेगी और स्ट्रांग रूम पर भी 24 घंटे तैनाती रहेगी। इसके साथ साथ सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक ओके नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। डीआईओएस गजेंद्र सिंह ने कहा कि इसके साथ-साथ सभी केंद्रों का निरीक्षण हम कर रहे हैं और 75 केंद्रों में से अभी तक 45 केंद्रों का निरीक्षण कर भी लिया है। और आगामी 2 दिन में सभी 75 केंद्रों का निरीक्षण पूरा कर लिया जाएगा और जो भी कमी होगी समय रहते उन्हें पूरा कराया जाएगा। डीआईओएस गजेंद्र सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर में शुद्धता पूर्वक व नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि जनपद में कोई बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ माध्यमिक शिक्षा विभाग नकल विरोधी अधिनियम 1998 के तहत यदि कोई भी व्यक्ति किसी तरह से वायलेशन करेगा या किसी भी तरीके से सिक्योरिटी को तोड़ने का काम करेगा या पेपर आउट करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ रासुका लगाने की तैयारी है और सभी जगह धारा 144 लगा दी गई है। नकल विरोधी अधिनियम के तहत जो व्यक्ति भी दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध एफआईआर करा कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जाएगी।

# फर्जी क्लिनिक पर गर्भपात कराने के दौरान जमकर हुआ हंगामा





भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** जनपद कोतवाली क्षेत्र के खालापार में हारुन की कोठी के आसपास एक रुखसाना उर्फ रुबीना नाम की आशा व अनीता नाम की ए एन एम शहाबुद्दीन पुर रोड पर अपने ही निजी मकान में फर्जी तरीके से क्लिनिक चला रही है! जो कि मासूमों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रही है! फर्जी क्लिनिक में गर्भपात कराने का कार्य किया जा रहा है! स्वास्थ्य विभाग अंजान या जानबूझकर अंजान बने हुए हैं! महिला आशा के रूप में खालापार में कार्यरत हैं! मंगलवार को एक महिला द्वारा फर्जी डॉ पर आरोप लगाते हुए कहा कि रूबी डॉ ने मेरे बच्चे का गर्भपात कर दिया है! पीड़ित महिला के पति सुलेमान ने बताया कि उसकी पत्नी लगभग दो माह की गर्भवती थी! जिसको आशा के कहने पर उप स्वास्थ्य विभाग खालापार पर ना बुला कर अपने निजी मकान में बुलाया जहा पर आशा का एक क्लिनिक है! जिसके बाद गर्भवती महिला को आशा ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भेज दिया है! अल्ट्रासाउंड के बाद पीड़ित महिला अपने पति के साथ रुखसाना उर्फ रुबी के यहा आयी हैं! अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट देख कर डॉ रूबी ने दवाई खाने के लिए दी ओर महिला को आराम करने के लिए बोला! सुलेमान का कहना है! कि कुछ समय बाद ही मेरी पत्नि को पेट के नीचले हिस्से में दर्द होने लगा जब यह बात डॉ रूबी को बताया कि महिला के पेट में दर्द हो रहा है! तो आशा ने कहा कि कोई बात नहीं ठीक हो जायगा! काफी देर के बाद दर्द नहीं रुका ओर महिला को ब्लड आना शुरू हो गया! ब्लड देखकर महिला के परिजन डर गए ओर आशा रुखसाना से पूछा कि यह क्या हुआ है! तो आशा ने कहा कि इनका बच्चा खराब हो गया है! अब इसकी सफाई करा लो तभी सही रहेगा! यह बात सुनकर महिला के परिजनों को गुस्सा आ गया ओर फर्जी क्लिनिक व फर्जी डॉ रूबी के यहा जाकर काफी हंगामा किया गया है! सूत्रों के अनुसार आशा के साथ एक अनीता नाम की ए एन एम है! जिसके द्वारा शहाबुद्दीन पुर रोड पर एक क्लिनिक चला रही है! रुखसाना उर्फ रुबीना व डॉ अनीता दोनों क्लिनिक चला रही है! जिसमें मासूमों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा है! इस मामले में जब स्वास्थ्य विभाग खालापार प्रभारी से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि इस बारे में आप सी एम ओ साहब को बता दो जैसा उनका आदेश होगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मेवाती गैंग का सदस्य 6 साल से फरार 25 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर पुलिस ने 6 साल से फरार चल रहे मेवाती गैंग के 25000 हजार के इनामी डकैत को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस ने दबोचे गए डकैत से अवैध हथियार और बाइक आदि बरामद किए हैं।खतौली सीओ डॉ रमाशंकर ने बताया कि एसएसपी संजीव सुमन ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में थाना खतौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाया था।

उन्होंने बताया कि हाईवे स्थित गणपति ढाबे के करीब चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक पर आता हुआ नजर आया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन उसने बाइक मोड़कर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। बताया की दबोचा गया आरोपी सलामू उर्फ मोटा पुत्र इलियास निवासी ग्राम नई थाना बिछौर जनपद नूह, हरियाणा है। आरोपी 6 साल पूर्व डाली गई डकैती के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार वह मेवाती गैंग का सदस्य है और उसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी ने 25000 रुपये का नगद इनाम रखा हुआ था।पुलिस के अनुसार दबोचे गए बदमाश से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी 6 वर्ष से वेश बदलकर फरार चल रहा था।

# साइबर सेल ने ठगों से कराई 35 लाख की धनराशि वापस

भास्कर ब्यूरों

मुजफ्फरनगर। साइबर सेल द्वारा धोखाधडी के शिकार पीडितों के 35 लाख रुपये कराये वापस। जनपद मुजफ्फरनगर में साइबर ठगी धोखाधडी के शिकार पीडितों की तत्काल सहायता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के में पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण में। साइबर सेल द्वारा धोखाधडी के शिकार पीडितों के 35,00,000/रूपये वापस कराये गये, आप को बता दे आवेदिका स्वेता चौधरी पत्नी विवेक बैनीवाल निवासी सर्कुलर रोड रिशभ विहार थाना सिविल लाईन द्वारा। साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा झांसा देकर उनके बैंक खातों से 34,लाख रुपये की ठगी की गयी है। साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंकों को फ्रॉड से अवगत कराया। बताया के पत्राचार कर खाते को फ्रीज कराते हुए 30,लाख रुपये की धनराशि को आवेदिका के खाते में वापस कराया गया। शेष धनराशि को भी आवेदिका के खाते में वापस कराने के प्रयास किये जा रहे है।

नौशाद अली पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी 157 आर अपोजिट इस्लामिया मदरसा ग्राम मिमलाना थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देते हुए, अवगत कराया कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा पोलट्री फार्म के लिए फीड्स हेतु मक्का अनाज को उपलब्ध कराने का झांसा देकर उनके बैंक खातों से 5,लाख रुपये की ठगी की गयी है। साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंकों को फ्रॉड से अवगत कराया इर पत्राचार कर खाते को फ्रीज कराते हुए सम्पूर्ण धनराशि 5,लाख रुपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये।

साइबर सेल द्वारा महत्वपूर्ण सूचना दी गई। अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि साझा न करें। खाते से धोखाधडी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 अथवा साइबर सेल मुजफ्फरनगर 9454401617 पर कॉल करें।

### महाशिवरात्रि पर्व के चलते मीट शॉप 18 फरवरी तक बंद के आदेश

भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** शिवभक्त भोलो की आमद दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाने वाले शिवभक्त कावड़ियों का मुजफ्फरनगर मुख्य शहर है यहीं से होकर हरियाणा शामली मेरठ और दिल्ली के शिवभक्त कावड़िए गुजरते हैं।अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र सिंह बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार से आने वाले शिवभक्त कावड़िए मुजफ्फरनगर से गुजरते हैं। और आगामी 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इस के संदर्भ में शासन से जिला प्रशासन को पहले भी पत्र आए थे कि जो भी महापुरुष हैं और शिवरात्रि व महाशिवरात्रि के पर्व पर भी मीट बंदी के निर्देश प्रशासन को मिले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उसी क्रम में हमारे जितने दिन नगरीय क्षेत्र थे उन सभी के अधिशासी अधिकारी और एसडीएम को आदेश जारी किए गए थे कि जो भी मीट की दुकानें हैं वह नहीं खुलेगी। यदि कोई मीट की दुकान खुली हुई पाई गई तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी और उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे और जो भी क्षतिपूर्ति से संबंधित कार्यवाही है वह भी की जाएगी यदि कोई बड़ी अनियमितता मिलती है तो उस सम्बन्ध में भी कार्यवाही की जाएगी।एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने विगत कल कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए थे उन्होंने कहा कि वहां पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई है। कांवड़ मार्ग के स्थानीय लोगों को भी जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है इस दौरान ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव कहां है कि हर समय तैयार रहे। किसी भी समय कोई घटना ना होने पाए

# 2013 मामले में पूर्व मंत्री सईदुज्जमा की रिवीजन मंजूर

**❑ जनपद में 2013 दंगे के दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा सहित दर्ज हुआ था 10 पर मामला**



भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** 27 अगस्त 2013 को कव्वाल में तीन हत्याओं के बाद सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। 30 अगस्त 2013 को शहर कोतवाली क्षेत्र के शहीद चौक पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सभा का आयोजन किया था। जिसके बाद पुलिस ने पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुज्जमा, तत्कालीन बसपा सांसद कादिर राणा, बसपा विधायक नूर सलीम राणा और मौलाना जमील अहमद कासमी एडवोकेट एवं तत्कालीन सभासद सहित 10 लोगों के विरुद्ध हेट स्पीच के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था।घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष एमपी एमएलए कोर्ट सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही है। इस मामले में कोर्ट ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करने के आदेश दिए थे। आदेश के विरुद्ध मामले में आरोपी और पूर्व गृह राज्य मंत्री सईदुज्जमा ने जिला जज की अदालत में रिवीजन दायर किया था।आदेश के विरुद्ध दायर रिविजन अपर जिला जज 3 गोपाल उपाध्याय ने सुनवाई के बाद मंजूर कर ली है। अब निचली अदालत द्वारा बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद ही आरोप तय करने पर निर्णय होगा। निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध एक ओर रिविजन पूर्व विधायक नूर सलीम की ओर से भी दायर किया गया है, जिसमें बाद में सुनवाई होगी।

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में तारीख पर पहुंचे मंत्री



भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी परिसर स्थित न्यायालय में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में तारीख पर पहुंचे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल उन्होंने तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ।उस सरकार में अनावश्यक रूप से बहुत सारे झूठे मुकदमें लगाए जाते थे। उस समय परंपराएं थी उन्हीं मुकदमों को लगातार हम झेल रहें हैं। आगामी 24 फरवरी की तारीख न्यायालय ने निर्धारित की है।

# राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



भास्कर ब्यूरों

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिलाधिकारी विद्गराद्द एवं नरेन्द्र बहादुर सिंहाँ अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट स्थित लोकवाणी सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कर करेत्तर, वाणिज्यकर, स्टाम्प एवं निबन्धन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर पालिका नगर पंचायत, वन विभाग, खनन, कृषि विपणन मंडी समिति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यो पर अब तक किये गये कार्यो की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर, त्वरित कार्यवाही करे जांच अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से समन्वय बनाये एवं उसकी संतुष्टि कराने उपरान्त ही निस्तारण आख्या बनाये तथा पोर्टल पर दर्ज करते सम। शिकायतकर्ता से पुनः फीडबैक प्राप्त कर लिया जायें। वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित कराये कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जाये उसके लिए नियमित रुप से पोर्टल की समीक्षा करें। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का शीघ्र सुनवाई करके निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टाम्प वाद, राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारीज, तालाब, आवासीय भूमि, षि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि में अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली मे आ रही समस्याओं का टीम बनाकर वसूली का कार्य करें ।उन्होनें कहा कि सभी उपजिलाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में रिक्त पडी शासकीय भूमि को चिन्हित कराते हुए उस पर कब्जा प्राप्त कर ले तथा ऐसी भूमियों को लैंड बैंक रजिस्टर में दर्ज कराये ताकि आवश्यकता पडने पर तत्काल उनका उपयोग किया जा सकें। उन्होंने मासिक लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति के सम्बन्ध में वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा विभाग, नगर विकास, वन विभाग, खनन आदि विभागों को निर्धारित समय में राजस्व की वसूली का कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व का लक्ष्य बढ़ाया जाये। उन्हेंनें समस्त उप जिलाधिकारीध्तहसीलदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी तहसीलों में अमीनों का मानक अवश्य पूर्ण होना चाहिये।उन्होने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद केन्द्र सरकार के द्वार चलायी जा रही डी0एफ0सी0सी0 एवं एन0एच0ए0आई0 की योजनाओं में आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

आज ही के दिन 1982 में कोलकाता में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था।

# खेल-कारोबार

दैनिक भास्कर
गुरुवार, 16 फरवरी, 2023 नोएडा


## सारसुर्खियां

### खेल का आनंद लेना बेहद जरूरीः पुजारा

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मुकाबले में 35 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ऐसा करने वाले टीम इंडिया के 13वें खिलाड़ी बनेंगे। पुजारा ने कहा कि मैंने अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। मै एक समय पर एक टेस्ट पर ही ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मै ये नहीं सोचता हूं कि मै कितने लंबे समय तक खेलूंगा। मै सिर्फ खेल का आनंद लेना चाहता हूं। यह जरूरी है कि आप अपने खेल में शीर्ष पर रहे और जब आप योगदान नहीं दे पा रहे हो या अपनी क्षमता के मुताबिक नहीं खेल पा रहे हो तो आप अगले कदम के बारे में सोच सकते हैं। मैं बस 35 साल का हुआ हूं और अभी कुछ समय बाकी है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिये अनुशासन बेहद जरूरी है। इसके नतीजे मैदान में स्पष्ट देखने को मिलते हैं।

### बांग्लादेशः स्पॉट फिक्सिंग का आरोप

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की सीनियर खिलाड़ी शोहेली अख्तर पर ऑलराउंडर लता मंडल को स्पॉट फिक्सिंग करने के लिए मोटी रकम ऑफर करने का आरोप लगा है। जिससे दक्षिण अफ्रीका में जारी महिला टी-20 विश्वकप में स्पॉट फिक्सिंग का खतरा मंडरा रहा है। बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग के आरोप लगे हैं। लता को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया गया था। बांग्लादेश को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 8 विकेट की शिकस्त हुई थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने स्पॉट फिक्सिंग आरोपों की जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस मामले को सख्ती से देख रहा है और इसकी जांच करेगा। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, शोहेली अख्तर ने आकाश नामक एक सट्टेबाज से स्पॉट फिक्सिंग को लेकर एक पेशकश मिलने की बात स्वीकार की है। अख्तर ने लता से बातचीत के दौरान आकाश को अपना रिश्तेदार बनाकर मिलाया था। फिलहाल सच्चाई क्या है, यह जांच के बाद स्पष्ट होगा।



दोहा में कतर ओपन में चीन की झेंग किनवेन को शिकस्त देने के बाद खुशी का इजहार करतीं यूनान की मारिया सककारी। एजेंसी

# स्टिंग में फंसे चेतन शर्मा की शुरू हुई उल्टी गिनती




### स्टिंग वीडियो में कई चौकाने वाले खुलासे

**मुंबई।** एक स्टिंग वीडियो में टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा फंसते हुए नजर आ रहे हैं। इस स्टिंग वीडियो में चेतन शर्मा ने कई चौकाने वाले खुलासे किये हैं। जिससे माना जा रहा है कि बीसीसीआई चेतन शर्मा पर जल्द ही कार्रवाई हो सकती है और मुख्य चयनकर्ता पद से उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल ने चेतन शर्मा का यह स्टिंग वीडियो बनाया है। जिसमें चेतन ने दावा किया कि विराट कोहली को सौरव गांगुली पसंद नहीं करते थे और इसी वजह से रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि कैसे स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को टी-20 कप्तानी से हटने के बाद वनडे कप्तानी से भी हटा दिया गय। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में चेतन शर्मा कथित तौर पर भारत के कप्तान के रूप में कोहली के कार्यकाल से संबंधित प्रकरण के बारे में बात करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई विराट के आचरण से नाराज था, क्योंकि वह खुद को खेल से ऊपर समझने लगे थे। उन्हें बीसीसीआई और चयन समिति द्वारा स्पष्ट रूप से टी-20 कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था।

### फिट होने के लिये खिलाड़ी लेते हैं इंजेक्शन

चेतन शर्मा ने कई भारतीय खिलाड़ियों के फिट होने के लिए इंजेक्शन लेने के बारे में भी विस्फोटक खुलासे किए। दावा किया कि बड़े क्रिकेटर अपने डॉक्टरों की सेवाओं का उपयोग करते हैं, जो खुशी से इंजेक्शन देते हैं। यह इंजेक्शन दर्द निवारक नहीं होते खिलाड़ी फिट नहीं हैं, लेकिन वे खेलने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। वह 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी खेलने के लिए तैयार हैं। खिलाड़ी इंजेक्शन लेते हैं और खेलना शुरू कर देते हैं। दर्द निवारक दवाओं के लिए उन्हें नुस्खे की जरूरत होती है, यह भी डोपिंग के अंतर्गत आ सकता है।

### जसप्रीत बुमराह झुक भी नहीं सकते

चेतन ने कहा कि जसप्रीत बुमराह झुक भी नहीं सकते तो क्या करें? खेलते हुए उन्हें एक-दो बार बड़ी चोट लग जाती है। वर्ना 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी वह चुपचाप एक कोने में जाते और इंजेक्शन लेने के बाद कहते है कि 'सर हम फिट हैं।

# टीम इंडिया 'क्रिकेट' की बादशाह

## क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया बनीं नंबर वन

- वनडे, टी-20 के बाद टेस्ट में भी अव्वल

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टीम बुधवार को इतिहास रचते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक स्थान हासिल कर क्रिकेट का बादशाह बन गई है। टीम इंडिया ने टेस्ट में अव्वल ऑस्ट्रेलिया की टीम को पीछे छोड़कर क्रिकेट जगत में एक नया इतिहास बनाया है।

टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट में टीम इंडिया पहले से ही शीर्ष पर पहुंच चुकी थी। इसके बाद टीम इंडिया ने नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की टीम को रौंदकर खेल के सबसे लंबे प्रारूप यानि टेस्ट मुकाबलों में भी पहला स्थान हासिल कर लिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, भारत 115 रेटिंग प्वाइंट के साथ टेस्ट टीमों की सूची के शीर्ष पर है। भारत तीनों प्रारूपों में एक साथ नंबर एक पर रहने वाली पहली एशियाई टीम है। भारत से पूर्व सिर्फ दक्षिण अफ्रीका (2014) ने यह कीर्तिमान रचा था। भारत के बाद टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया (111) दूसरे और इंग्लैंड (106) तीसरे स्थान पर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में शुक्रवार से एक दूसरे का सामना करना है। इंग्लैंड भी गुरुवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सामना करेगी।



### नंबर वन के करीब पहुंचे अश्विन

भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन के दम पर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गए हैं। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अश्विन 846 रेटिंग प्वाइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। अश्विन शीर्ष गेंदबाज पैट कमिंस (867) से सिर्फ 21 प्वाइंट पीछे हैं और उनके पास 2017 के बाद पहली बार नंबर एक पर पहुंचने का मौका है। अश्विन ने नागपुर टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जिसकी बदौलत भारत पारी और 132 रन की विशाल जीत दर्ज कर सका।

### रवींद्र जडेजा को भी रैंकिंग में फायदा

नागपुर टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने पहले ही दिन कमाल करते हुए पांच विकेट हासिल किये थे। साथ ही 70 रन भी बनाए थे। जडेजा ने अपने दमदार प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में 16वां स्थान हासिल कर लिया है। जडेजा ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की रैंकिंग में 10वें से आठवें स्थान पर आ गई है। इसके अलावा अक्षर पटेल ने 84 रन की पारी की बदौलत हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में सातवां स्थान हासिल कर लिया है।

# नागपुर पीछे छोड़ा, अब दिल्ली पर है ध्यानः द्रविड़

- बीते दशक बेहद ज्यादा महत्वपूर्ण रहे पुजारा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने चेतेश्वर पुजारा के 100वें टेस्ट से पहले बुधवार को कहा कि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पुजारा ने बीते दशक में कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी ऐसा करते रहेंगे।

वर्ष 2010 में भारत के लिये पदार्पण करने वाले पुजारा 99 टेस्ट मैच खेल 44.1 की औसत से 7021 रन बना चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध शुक्रवार से होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। द्रविड़ ने कहा कि यह एक क्रिकेटर के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। 100 टेस्ट मैच खेलना इसके अलावा भी बहुत कुछ दर्शाता है। यह आपकी फिटनेस, आपकी मजबूती, उतार-चढ़ाव को सहने की क्षमता दिखाता है। जब आप 100 टेस्ट खेलते हैं तो यह हो ही नहीं सकता कि आपने उतार-चढ़ाव न देखे हों। आपको जीत-हार का सामना करना पड़ता है। कई तरह की गेंदबाजी देखनी होती है, आपसे फील्ड पर कई सवाल पूछे जाते हैं। जो पुजारा ने पिछले 13-14 सालों में किया है, वह बहुत बड़ी बात है।

कहा कि वह टीम के चहेते खिलाड़ी हैं। अगर आप पिछले 10-15 सालों में देखें तो पुजारा ने कई ऐसी महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं जिससे भारत को मैच में और कई श्रृंखलाओं में जीत मिली है। बेशक ही वह हमारी टीम के बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं।

# सानिया आरसीबी महिला टीम की मेंटर

- नई भूमिका के लिये हूं बेहद उत्सुकः सानिया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र से पूर्व बुधवार को भारतीय टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा को अपनी महिला टीम का मेंटर नियुक्त करने की घोषणा की।

आरसीबी ने कहा कि भारत में महिलाओं के खेलों की अगुआ, एक युवा आइकन, वह जो अपने करियर में कई बंदिशें तोड़ चुकी हैं और चैंपियन रही हैं। भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया छह ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीत चुकी हैं। वह इस सप्ताह के अंत में दुबई में होने वाले डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के बाद खेल से संन्यास लेंगी।

सानिया ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद मेरा अगला काम युवा महिलाओं को यह विश्वास दिलाने में मदद करना है कि खेल करियर विकल्पों में से एक हो सकता है। मैं युवा महिलाओं के साथ खेल के मानसिक पहलू पर काम करने के लिये उत्सुक हूं। अगर डब्ल्यूपीएल वह महिलाओं के लिये वह कर सकीं तो खेल कई लड़कियों और उनके माता-पिताओं के लिये एक विकल्प बन जाएगा।



## पराग ने उतारी धोनी की नकल

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के आलराउंडर रियान पराग ने विकेटकीपिंग के अभ्यास के दौरान टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की नकल उतारी। सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल हुआ है। राजस्थान रॉयल्स ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में पराग ने धोनी के अंदाज में अपने कंधे हिलाए और विकेटकीपिंग करने के लिए बैठ गए।

# सॉयर आरसीबी महिला टीम के कोच

- टीम के निदेशक माइक हेसन ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मार्च में होने वाली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने बुधवार को फ्रेंचाइजी के ट्विटर हैंडल पर कोचिंग स्टाफ की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। वर्तमान में न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे सॉयर इससे पूर्व सिडनी सिक्सर्स और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ काम कर चुके हैं।

माइक हेसन ने बताया कि मलोलन राज टीम की सहायक कोच होंगी। इसके अलावा मलोलन प्रतिभाओं को खोजने वाली टीम की प्रमुख भी होंगी। फ्रेंचाइजी ने दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को अपनी महिला टीम का मेंटर नियुक्त करने की घोषणा की।

डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण की शुरुआत चार मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से होगी। माना जा रहा है कि इस लीग को पुरुष आईपीएल की तरह ही सफलता मिलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने महिला प्रीमियर लीग को क्रिकेट की एक नई क्रांति बताया है।

# हीरो का हाईटेक 110 सीसी स्कूटर 'जूम'

- कंपनी ने शुरू किया एक नया अध्याय

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने अपना नया 110 सीसी स्कूटर-जूम लॉच किया है। हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर से परिभाषित कर रही है और इसने स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नए चरण को पेश किया है।

कंपनी के चीफ ग्रोथ ऑफिसर रंजीवजीत सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हीरो मोटोकॉर्प ने प्रतिष्ठित ब्रांड लॉच किये है। जिसने लोगों को आकर्षित किया है। हीरो मोटोकॉर्प का अपने उपभोक्ताओं से बेहतर और मजबूत जुड़ाव है। अपने बेमिसाल डिजाइन और हीरो जूम की परफॉर्मेंस से हम अपने सफर में नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। नया हीरो जूम युवा भारत की आवश्यकताओं को गहराई से समझने का नतीजा है।

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर डॉ. अरुण जौरा ने कहा कि 'जूम' भविष्य में आवागमन के साधनों को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को फिर से स्थापित करता है। स्कूटर सेगमेंट में शानदार फीचर्स से लैस स्पोर्ट्स लुक वाले टु-व्हीलर्स के प्रति लोगों का काफी झुकाव देखा गया है।

## अरहर और उड़द दाल के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे तथा अरहर और उड़द दाल सस्ती हो गई।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा छह रिंगिट फिसलकर 3913 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.24 सेंट की गिरावट लेकर 60.17 सेंट प्रति पौंड रह गया। इस दौरान सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में बदलाव नहीं हुआ।

# वाणिज्य वस्तुओं के निर्यात में गिरावट

- सेवा निर्यात में दर्ज की गई तेजी से मजबूती

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच भारत का वाणिज्य वस्तुओं का निर्यात जनवरी 2023 में एक वर्ष पहले की तुलना में 6.58 प्रतिशत गिरकर 32.91 अरब डालर के बराबर रहा। वहीं, सेवा निर्यात में मजबूती दर्ज की गई है।

जनवरी में आयात में भी कमी के चलते व्यापार घाटा कम होकर 17.75 अरब डॉलर के बराबर रहा। पिछले 12 महीने में व्यापार घाटे का का यह न्यूनतम स्तर है। इससे पहले जनवरी 2022 में व्यापार घाटा 17.42 अरब डालर था और उसके बाद घाटे का स्तर इससे ऊपर बना रहा। जनवरी में आयात 3.63 प्रतिशत संकुचित होकर 50.66 अरब डालर के बराबर रहा।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक 10 मार्च की अवधि में वाणिज्यिक निर्यात एक वर्ष पहले इसी अवधि की तुलना में 8.51 प्रतिशत वृद्धि के साथ 369.25 अरब डालर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर निर्यात में कुल वृद्धि करीब 17.33 प्रतिशत रही है।



फिजी के नाडी में श्री शिव सुब्रहमण्य स्वामी मंदिर में दर्शन को पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर।

स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, ऑटो, आईटी और टेक समेत पंद्रह समूह में निवेशकों ने जताया विश्वास

# लिवाली से शेयर बाजार में बढ़त का सिलसिला जारी

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्ज की गई गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, ऑटो, आईटी और टेक समेत पंद्रह समूह में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे दिन भी तेजी जारी रही।

सेंसेक्स 242.83 अंक की छलांग लगाकर 61,275.09 अंक और निफ्टी 86 अंक की बढ़त लेकर 18 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 18,015.85 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.69 प्रतिशत उछलकर 24,641.70 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत बढ़कर 27,861.86 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3600 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1790 में लिवाली, जबकि 1682 में बिकवाली हुई। वहीं, 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई में 37 कंपनियां हरे, जबकि शेष 13 लाल निशान पर रही।

बीएसई के पंद्रह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.72, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.30, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.95, दूरसंचार 1.27, ऑटो 1.09, बैंकिंग 0.22, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.69, धातु 0.35, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 1.30 और टेक समूह के शेयरों में 0.81 प्रतिशत की बढ़त रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05, जापान का निक्केई 0.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.43 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.31 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 42 अंक उतरकर 60,990.05 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में 60,750.32 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 61,275.09 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 33 अंक फिसलकर 17,896.60 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17,853.80 अंक के निचले, जबकि 18,034.10 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में 0.48 प्रतिशत चढ़कर 18,015.85 अंक पर पहुंच गया।

### टेक महिंद्रा को सर्वाधिक मुनाफा

सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा 5.79, रिलायंस 2.22, भारती एयरटेल 1.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.19, टाटा स्टील 1.01, टाटा मोटर्स 0.83, एचसीएल टेक 0.82, मारुति 0.76, टाइटन 0.69, विप्रो 0.62, आईसीआईसीआई बैंक 0.62, टीसीएस 0.56, एशियन पेंट 0.42, एसबीआई 0.29 और इंफोसिस 0.26 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.22, आईटीसी 1.14, सन फार्मा 1.12, एचडीएफसी 0.70, एलटी 0.63, इंडसइंड बैंक 0.62, एचडीएफसी बैंक 0.27, एनटीपीसी 0.24, पावरग्रिड 0.14 और एक्सिस बैंक ने 0.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## एका मोबिलिटी को मिला बड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली।** पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी एका मोबिलिटी को कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज की 6465 इलेक्ट्रिक बसों के लिए हाल ही में संपन्न निविदा से सकल लागत अनुबंध पर 310 इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद, संचालन और रखरखाव का ठेका मिला है।

कंपनी ने कहा कि नेशनल ई-बस प्रोग्राम फेज 1 के तहत कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा निविदा निकाली गई थी। लाखों लोगों के लिए स्वच्छ, टिकाऊ और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करने के सरकार के प्रयासों के तहत एका की ई-बसों को इंट्रा-सिटी संचालन के लिए परिवहन विभाग हरियाणा, परिवहन विभाग, अरुणाचल प्रदेश, केरल राज्य सड़क परिवहन निगम में तैनात किया जाएगा।

# एसबीआई जनरल का का महाअभियान शुरू

- 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान लॉच किया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी एसबीआई जनरल ने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना पॉलिसी वितरण को लेकर 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' महाअभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव कैंपेन के तहत रबी सीजन के दौरान राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, असम, और कर्नाटक में किसान समुदायों को मदद करना है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि एसबीआई जनरल पिछले 7 वर्षों से पीएमएफबीवाय का हिस्सा है और किसानों की मदद करने के लक्ष्य के साथ इस अभियान का हिस्सा बनकर हमें खुशी हो रही है। भारतीय किसानों के लिए इस अद्वितीय फसल बीमा योजना को अपनाना अनिवार्य है, जिससे प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को होने वाले नुकसान से किसानों पर वित्तीय बोझ को कम किया जा सकता है।

कहा कि एसबीआई जनरल जोखिम से व्यापक सुरक्षा के समाधानों के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को सशक्त करने का प्रयास जारी रखेगा, जो उन्हें किसी वित्तीय हानि से खुद को बचाने के लिए सुरक्षा जाल के रूप में काम कर सकता है। हम भारत को सशक्त बनाने का प्रयास जारी रखेंगे।